दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — राष्ट्रीय कृषि मेला उद्घाटन के...
4 रविवारीय — शादीशुदा जिंदगी में वापस लाएं...
9 मनोरंजन/खेल — शोख अदाओं से दर्शकों को दीवाना...
11 व्यापार — कृषि आय बढ़ाने वाले मॉडल....

www.navpradesh.com
रायपुर, रविवार 23 फरवरी, 2020, अमावस्या, विक्रम संवत-2076 वर्ष-09 अंक-17 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

शहीन बाग संयोग है या प्रयोग यह तो पता नहीं लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने वार्ताकारों की नियुक्ति कर समस्या के समाधान को जो प्रयोग किया था वह विफल हो गया। शाहीन बाग की शेरनियों ने सड़क से हटने से इंकार कर दिया। मिट्टी के शेर तो पहले ही दहाड़ रहे है। सौ करोड़ पर पंद्रह करोड़ भारी पड़ने की बात कर रहे है। शाहीन बाग पर अगर सुप्रीमो चाहे तो एक और प्रयोग कर सकते है। बस एक सप्ताह के लिए शाहीन बाग पर मीडिया की कवरेज रोक दें। शेरनियां और शेर गधे के सिर से सिंग की तरह गायब हो जाएंगे।

छग का विकास मॉडल जलवायु परिवर्तन से निपटने में भी मददगार

■ मुख्यमंत्री बघेल ने बंगलुरु में आयोजित द हिंदू हडल मीट में बताई नरवा, गरुवा, घुरवा, बारी की उपयोगिता

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ का विकास मॉडल न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने में भी सहायक है। यह मॉडल देश के लिए मिसाल है। बघेल ने शनिवार को बंगलुरु में आयोजित द हिंदू हडल मीट 2020 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। नरवा, गरुवा, घुरवा, बारी योजना के जरिए उन्होंने छत्तीसगढ़ के विकास मॉडल पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में धान और किसान एक दूसरे के पर्याय हैं। इसलिए हमने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और पर्यावरण को बचाने के लिए नया आर्थिक मॉडल लागू किया है। यह मॉडल गांधीजी की 150 जयंती पर शुरू किया गया है। ये ग्रामीण क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन की चुनौती का भी मुकाबला करने के साथ-साथ कृषि लागत में कमी लाने में सहायक है। उन्होंने कृषि क्षेत्र के विकास और औद्योगिक विकास के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करने और प्रदूषण रोकने के लिए ग्रीन टेक्नोलॉजी के उपयोग को प्रोत्साहन देने की जरूरत भी बताई। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

किसानों की आय बढ़ाने सुराजी गांव योजना

उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन को बढ़ाने और किसानों को भरपूर आमदनी मिले इसके लिए सुराजी गांव योजना के विभिन्न घटकों में काम शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के विषय में कहा कि इसका असर छत्तीसगढ़ में भी व्यापक रूप से पड़ा है। मानसून की वर्षा में कमी आई है, पहले 60 इंच वर्षा होती थी जो अब घटकर 40 इंच हो गई है और जून में होने वाली बारिश अब जुलाई माह के आखिरी में होती है। इसका असर कृषि उत्पादन में और किसानों की क्रय शक्ति पर पड़ा रहा है।

इथेनॉल संयंत्र से बढ़ेगा रोजगार

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार यदि राज्य में उत्पादित अतिरिक्त अनाज से इथेनॉल उत्पादन की अनुमति देती है, तो इससे किसानों को उनकी उपज का अच्छा दाम मिलेगा। बायो इथेनॉल संयंत्र लगाने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और फ्यूल पर खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा की बचत भी होगी। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर अतिरिक्त धान से इथेनॉल उत्पादन की अनुमति देने का आग्रह किया है। उम्मीद है कि एक-दो माह में केंद्र सरकार द्वारा इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

10 दिन की अमेरिका यात्रा के बाद रायपुर पहुंचे सीएम

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी 10 दिन की अमेरिका यात्रा के बाद शनिवार को रायपुर लौटे। रायपुर पहुंचने से पूर्व वे स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव की माताजी राजमाता देवेंद्र कुमारी सिंहदेव को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए अंबिकापुर पहुंचे थे। रायपुर पहुंचने पर उन्होंने मीडिया से बातचीत में धान खरीदी के मुद्दे पर भाजपा द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन को लेकर उसे आड़े हाथों लिया।

खास खबर

निर्भया: आरोपी का दावा गलत: तिहाड़

नई दिल्ली (ए.)। फांसी की तारीख नजदीक आते देख दिल्ली गैंगरेप के दोषी जान बचाने के लिए नए-नए पैंतरे आजमा रहे हैं। चार दोषियों में से विनय शर्मा ने तिहाड़ जेल के भीतर दीवार पर अपना सिर पटकर खुद को घायल कर लिया था। घटना के बाद विनय के वकील ने मानसिक स्थिति का हवाला देते हुए कोर्ट में याचिका दायर कर दी। शनिवार को इस मामले में दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई हुई जहां पर तिहाड़ जेल ने विनय की पोल खोल दी।

कोरोना: सिंगापुर की यात्रा से बचने की सलाह

नई दिल्ली (वार्ता)। सरकार ने नोवेल कोरोना वायरस के मद्देनजर लोगों को सिंगापुर की अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। कैबिनेट सचिव ने शनिवार को यहां उच्च स्तरीय बैठक में नोवेल कोरोना वायरस (सीओवीआईडी19) के प्रबंधन के संबंध में राज्यों की स्थिति, तैयारियों और उठाए गए कदमों की समीक्षा की।

नीतीश सरकार ने बदली बिहार की तस्वीर : नड्डा

पटना (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने आज कहा कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेतृत्व वाली नीतीश कुमार की सरकार ने प्रदेश की तस्वीर बदली है और उनके नेतृत्व में ही इस वर्ष होने वाला विधानसभा चुनाव लड़ा जाएगा और फिर से मजबूती के साथ सरकार बनेगी। श्री नड्डा ने यहां पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बटन दबाकर भाजपा के 11 जिलों में नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद कहा कि श्री नीतीश कुमार की सरकार ने प्रदेश की तस्वीर बदल दी है।

तीनों स्तंभों ने अपनी सीमाओं में रहते हुए देश को रास्ता दिखाया : मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि तमाम चुनौतियों के बीच संविधान के तीनों स्तम्भों - न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका- ने संतुलन कायम रखते हुए देश को उचित रास्ता दिखाया है। श्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में कानून का शासन भारतीय लोकनीति का आधार स्तंभ है और तमाम चुनौतियों के बीच संविधान के तीनों स्तम्भों- न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका- ने अपनी-अपनी सीमाओं में रहते हुए संतुलन बरकरार रखा है और देश को उचित रास्ता दिखाया है।

उन्होंने कहा,तमाम चुनौतियों के बीच, कई बार देश के लिए संविधान के तीनों स्तम्भों ने उचित रास्ता ढूंढा है। हमें गर्व है कि भारत में इस तरह की एक समृद्ध परंपरा विकसित हुई है। बीते पाँच वर्षों में भारत की अलग-अलग संस्थाओं ने, इस परंपरा को और सशक्त किया है। श्री मोदी ने कहा कि यह दशक भारत सहित दुनिया के सभी देशों में बदलावों का दशक है। यह बदलाव सामाजिक, आर्थिक और तकनीक हर मोर्चे पर होंगे। ये बदलाव तर्कसंगत और न्यायसंगत भी होने चाहिए, तथा सबके हित में भी। ये बदलाव भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर किये जाने चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने वैसे 1500 कानून निरस्त ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आतंकवाद, साइबर अपराध जैसी समस्याओं पर प्रतिक्रिया देने की जरूरत: न्यायमूर्ति रमन

उच्चतम न्यायालय के एक वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन. वी. रमन ने कहा कि आतंकवाद, साइबर अपराध, पर्यावरणीय नुकसान और स्वास्थ्य समस्याएं भारतीय उपमहाद्वीप सहित पूरी दुनिया में बड़े मुद्दे हैं और न्यायपालिका को कानून को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त तरीके से उस पर प्रतिक्रिया देनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''वर्तमान में हमारी वैश्विक दुनिया काफी निकट है। मुद्दे एक जैसे हैं और समाधान भी एकमत से करने की जरूरत है। भारतीय उपमहाद्वीप सहित पूरी दुनिया में जो बड़े मुद्दे हैं उनमें आतंकवाद, साइबर अपराध, पर्यावरणीय नुकसान और स्वास्थ्य शामिल हैं।

बहुमुखी प्रतिभा के धनी प्रधानमंत्री मोदी की है दूरदर्शी सोच : न्यायमूर्ति अरूण मिश्रा

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरूण मिश्रा ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसनीय दूरद्रष्टा और बहुमुखी प्रतिभा वाला ऐसा नेता बताया जिनकी सोच वैश्विक स्तर की है, लेकिन स्थानीय हितों को अनदेखा नहीं करते। अप्रचलित हो चुके 1500 से ज्यादा कानूनों को खत्म करने के लिए मोदी और केंद्रीय विधि मंत्री रवि शंकर प्रसाद की तारीफकरते हुए न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत अंतरराष्ट्रीय समुदाय का जिम्मेदार और सबसे अनुकूल सदस्य है।

सीजेआई बोबडे बोले- कानून का शासन विश्व के आधुनिक संविधानों की सबसे मूलभूत विशेषता

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एस ए बोबडे ने शनिवार को कहा कि कानून का शासन आधुनिक संविधानों की संभवतः ''सबसे मूलभूत विशेषता'' है और इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि दुनिया भर की न्यायपालिकाएं उभरती चुनौतियों पर किस तरह से प्रतिक्रिया करती हैं। सीजेआई यहां उच्चतम न्यायालय में 'न्यायपालिका एवं बदलती दुनिया' विषयक अंतरराष्ट्रीय न्यायाधीशों के सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने इसके साथ ही नागरिकों द्वारा अपने विधिक कर्तव्यों का पालन करने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, ''सबसे आधुनिक संविधानों की सबसे बुनियादी विशेषता संभवतः कानून का शासन का विचार है।

ट्रंप की यात्रा : कश्मीर में हाई अलर्ट

घाटी के भीतर 200 आतंकियों की मौजूदगी बड़ी चुनौती

नई दिल्ली(ए.)। कश्मीर घाटी में करीब 200 आतंकियों की मौजूदगी सुरक्षा बलों के लिए चुनौती बनी हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यात्रा के पहले घाटी में कोई बड़ी आतंकी हरकत न हो, इसके लिए सुरक्षा बलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। घाटी में सख्ती के कारण एजेसियों ने यह आशंका भी जताई है कि कुछ आतंकी छिपने के लिए हो सकता है कि देश के दूसरे राज्यों में भाग गए हों।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि इस तरह की रिपोर्ट मिली है कि घाटी में अभी भी करीब 200 आतंकी मौजूद हैं, लेकिन सुरक्षा बलों की सख्ती की वजह से हमला करने का इनका मंसूबा पूरा नहीं हो पा रहा है। एक अधिकारी ने कहा कि हम एजेंसियों की रिपोर्ट के चलते ही कश्मीर में अभी भी पूरी सावधानी बरत रहे हैं। इंटरनेट पर प्रतिबंध पूरी तरह से नहीं हटाना भी इसी रणनीति का हिस्सा है।

अधिकारी ने कहा, घाटी में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन के बावजूद ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में लश्कर के दो आतंकी ढेर, हथियार-गोलाबारूद भी बरामद

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा कि सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच बिजबेहरा के संगम इलाके में एक्सचेंज फायरिंग हुई। मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवाजियों को मार गिराया। सुत्रों के अनुसार जम्मू-कश्मीर पुलिस के हवाले से कहा है कि इस ऑपरेशन में, पुलिस, सीआरपीएफऔर सेना के जवान संयुक्त रूप से शामिल थे। आतंकवादियों के पास से हथियार और गोलाबारूद बरामद किए गए हैं। दरअसल, सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच शुक्रवार की देर रात बिजबेहरा के संगम में गोलीबारी शुरू हुई। इसके बाद सेना ने संयुक्त ऑपरेशन चलाया और शनिवार तड़के दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया।

एनएमडीसी के सीएमडी एन. बैजेंद्र कुमार बिजनेस लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित

■ एनएमडीसी को वित्तीय निष्पादन तथा मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु सीएसआर अवार्ड भी मिला

हैदराबाद / नव प्रदेश। एनएमडीसी के सीएमडी आईएएस एन. बैजेंद्र कुमार को बिजनेस लीडरशिप अवार्ड 2020 से सम्मानित किया गया। कुमार को शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित गवर्नेंस नाऊ पीएसयू अवाड्र्स के सातवें अधिवेशन में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। केंद्रीय भारी उद्योग व सार्वजनिक उपक्रम ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भारत से बात करने पाक को करनी होगी आतंकवादियों पर कार्रवाई : वाइट हाउस

24 फरवरी को दो दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप

वॉशिंगटन (ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के दो दिवसीय भारत दौरे से ठीक पहले वाइट हाउस ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को लेकर बड़ा बयान दिया है। अमेरिका ने भारत के सुर में सुर मिलाते हुए कहा है कि आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते हैं। यह भारत का पुराना स्टैंड रहा है, जिसे अब अमेरिका ने भी दोहराया है। वाइट हाउस ने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति लगातार भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने को लेकर कोशिश कर रहे हैं। दोनों देशों के बीच बातचीत तभी सफल होगी जब पाकिस्तान अपने देश में आतंकवादियों और चरमपंथियों पर कार्रवाई करे। राष्ट्रपति ट्रंप और अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप का 24 और 25 फरवरी को अहमदाबाद और नई दिल्ली जाने का कार्यक्रम है।

भारत-पाक के रिश्तों पर वाइट हाउस ने कही ये बात

ट्रंप की आगामी भारत यात्रा के दौरान कश्मीर मुद्दे पर फिर मध्यस्थता की पेशकश किए जाने के सवाल पर वाइट हाउस के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने कहा, 'मुझे लगता है कि राष्ट्रपति इस दौरे पर जो कुछ भी कहेंगे वह भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने के लिए काफी प्रेरित करने वाला होगा। उनका संबोधन दोनों देशों को अपने मतभेदों को सुलझाने और एक-दूसरे के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए बेहद अहम होगा।'

एनआरसी की अंतिम लिस्ट पर नए स्टेट कोऑर्डिनेटर ने जताया संदेह

गुवाहाटी (ए.)। असम में अपडेटेड नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स (एनआरसी) प्रकाशित होने के छह महीने के अंदर नए स्टेट कोऑर्डिनेटर ने स्क्रीनिंग पर संदेह जताया है। उन्होंने गिनती में गड़बड़ी की आशंका जताते हुए कथित रूप से कुछ अयोग्य व्यक्तियों को इस नई सूची में जगह मिलने की बात कही है। नागरिक रजिस्टर के डेप्युटी कमिश्नरों और जिला रजिस्ट्रार को जारी सर्कुलर में पूर्व कोऑर्डिनेटर प्रतीक हजेला के उत्तराधिकारी हितेश देव सरमा ने कहा कि उन्हें सूचित किया गया था कि ट्राइब्यूनल द्वारा घोषित विदेशी, चुनाव आयोग द्वारा पहचाने गए संदिग्ध वोटरों और उनके वंशजों ने एनआरसी में जगह बनाने का रास्ता ढूंढ लिया था।

शाहीन बाग पर मतदभेद: एक ने रास्ता खोला, दूसरे ने बंद किया

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली के शाहीन बाग में शनिवार शाम को करीब दो महीने बाद नोएडा-फरीदाबाद को जोड़ने वाली सड़क खुल गई, लेकिन कुछ देर बाद ही यह दोबारा बंद हो गई। नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों का एक ग्रुप रोड नंबर 9 से हट गए, जिसके बाद यहां से आवाजाही शुरू हो गई। कुछ ही देर बाद प्रदर्शनकारियों के दूसरे ग्रुप ने आकर रोड को दोबारा बंद कर दिया।

डीसीपी साउथ ईस्ट नेबताया, 'प्रदर्शकारियों के एक गुट ने रोड नंबर 9 को खोल दिया था।

'आपने माग्र नहीं खोला तो हम आपकी मदद नहीं कर पाएंगे'

इससे पहले लगातार चौथे दिन शनिवार सुबह वार्ताकार रामचंद्रन यहां पहुंचीं और उन्होंने प्रदर्शनकारियों को रास्ता खोलने के लिए समझाया। प्रदर्शनकारियों ने वार्ताकार के समक्ष सात मांगे रखते हुए कहा कि जब तक सीएए वापस नहीं लिया जाता, तब तक रास्ते को खाली नहीं किया जाएगा। सुबह 10.30 बजे यहां पहुंची साधना रामचंद्रन ने कहा, 'यदि मार्ग नहीं खुला तो हम आपकी मदद नहीं कर पाएंगे। हम प्रदर्शन खत्म करने को नहीं कह रहे हैं।'

गरमा-गरम

नाराजगी — धान न बिक पाने से मायूस कबीरधाम जिले के बिरकोना गांव के किसानों ने उठाया कदम

सीएम के नाम ज्ञापन सौंप 400 किसानों ने मांगी इच्छा मृत्यु

■ 48 घंटे से एनएच पर धरना दे रहे किसानों की अफसरों ने नहीं ली सुध

कवर्धा। धान नहीं बिक पाने से मायूस कबीरधाम जिले के बिरकोना गांव के 400 किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिख इच्छा मृत्यु की मांग की है। किसानों द्वारा इस संबंध का ज्ञापन शनिवार को तहसीलदार को सौंपा गया। किसानों का कहना है धान न बिक पाने की वजह से वे परेशान हैं। विरोध जताने के बाद भी जिला प्रशासन का कोई अधिकारी उन तक उनकी बात सुनने नहीं आया, ऐसे में सरकार उन्हें इच्छा मृत्यु की इजाजत दे। किसानों की दलील है कि धान न बिकने की वजह से उनके सामने आर्थिक संकट पैदा हो रहा है। किसानों का कहना है कि सरकारी धान खरीदी 20 फरवरी को बंद हो चुकी है। इससे करीब 10 से 15 दिन पहले ही किसानों से धान की खरीदी किसी न किसी कारण से बंद कर दी गई थी। इसके विरोध में व अपनी मांगों को लेकर किसान अलग-अलग धान खरीदी केंद्रों व नेशनल हाईवे सहित ग्राम स्तर पर भी धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

कुछ नाराज किसान ऐसे भी हैं जो विगत 48 घंटे से नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करते हुए अपनी मांग रख रहे हैं। आखिरकार जब जिला प्रशासन से कोई उनकी सुध लेने नहीं पहुंचा तो इन 400 किसानों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर इच्छा मृत्यु की मांग कर डाली।

किसानों ने ये दी दलील

किसानों का कहना है कि एक तो निर्धारित मात्रा के अनुरूप धान को नहीं खरीदा जा रहा, वहीं प्रशासन ने भी अब तक कोई सुध नहीं ली। इससे किसान हताश हो चुके हैं। इसलिए 400 किसानों ने इच्छा मृत्यु के लिए राज्य सरकार के नाम ज्ञापन सौंप दिया है।

इधर, कलेक्ट्रेट पर चार दिन से धरना

कबीरधाम जिले की बात करें तो कवर्धा में किसानों का गुस्सा बहुत ज्यादा बढ़ता दिखाई दे रहा है। शनिवार को 4 दिन से कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने सैकड़ों की संख्या में किसान अपनी मांगों को लेकर बैठे हुए हैं। किसान मुख्य दरवाजे पर बैठे रहे। सांसद संतोष पांडे ने भी कृषकों को समर्थन दिया। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राजमाता देवेंद्र कुमारी सिंहदेव की श्रद्धांजलि सभा में बिगड़ा अजीत जोगी का स्वास्थ्य

अंबिकापुर के अस्पताल में करना पड़ा भर्ती

अंबिकापुर/नव प्रदेश। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह की माताजी राजमाता देवेंद्र कुमारी सिंहदेव को श्रद्धांजलि अर्पित करने अंबिकापुर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें अंबिकापुर के ही एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। शनिवार की दोपहर बाद जब अजीत जोगी श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे तो कुछ देर बाद ही अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें श्रद्धांजलि सभा से बाहर ले जाया गया और अंबिकापुर में जेके अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें रात का डॉक्टरों की निगरानी में अस्पताल में ही रखा गया। उनका हाल जानने के लिए अस्पताल में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ताजमहल तैयार, 389 साल में पहली बार 'शाहजहां-मुमताज' की मड पैक थेरेपी

- डोनाल्ड ट्रंप के आगरा दौरे से पहले ताजमहल में तैयारियां अंतिम दौर में
- पत्नी मेलेनिया के साथ 17वीं सदी के इस स्मारक को देखने आ रहे हैं ट्रंप

आगरा(ए.)। ताजमहल यानी मोहब्बत की अमर निशानी, एक ऐसा स्मारक जहां आने के लिए दुनिया के कोने-कोने से लोग बेताब रहते हैं। दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप भी इसके आकर्षण से अछूते नहीं हैं। 24 फरवरी को वह 17वीं सदी के इस स्मारक को देखने ताजनगरी आगरा पहुंच रहे हैं। खास बात यह है कि उनके आने से पहले शाहजहां और मुमताज के कब्र के रेप्लिका (प्रतिरूप) की मड पैक थेरेपी की जा रही है।

दोनों के कब्र में दफ्न होने के बाद 389 साल में ऐसा पहली बार हो रहा है। मुमताज महल को 1631 और शाहजहां को 1666 में ताजमहल के अंदर दफ्नाया गया था। कब्र के प्रतिरूप को साफ-सुथरा दिखाने के लिए क्ले पैक मड थेरेपी की जा रही है। शाही जोड़े की असली कब्र उनकी संगमरमर की प्रतिकृति के मुकाबले ज्यादा सादगी से बनाई गई थी। तहखाने के अंदर यह एक चैंबर में मौजूद है।

शाहजहां और मुमताज की असली कब्र साल में केवल तीन बार आम लोगों के देखने के लिए खोली जाती है। शाहजहां के सालाना उर्स में जो लोग आते हैं वही लोग इसे देख पाते हैं। 22 सीढ़ियां उतरने के बाद काफी संकराई में ये कब्र स्थित है। अब तक किसी भी विदेशी मेहमान या राष्ट्राध्यक्ष ने इसे देखने की इच्छा जाहिर नहीं की है।

डोनाल्ड ट्रंप 'अमेरिका फर्स्ट' को आगे रखकर करेंगे डील, मोदी के सामने होगी बड़ी चुनौती

नई दिल्ली(ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप सोमवार को भारत आ रहे हैं। वह भारत में दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम देखेंगे और सेवन वंडर्स में से ताजमहज का दीदार भी करेंगे। पीएम मोदी और ट्रंप एक बार फिर अपनी दोस्ती दुनिया को दिखाएंगे। इस दौरे को भव्य रूप देने में भारत ने कोई कसर नहीं छोड़ी है, लेकिन इस बीच 'ट्रेड डील' को लेकर कुछ साफ नहीं हो पाया है। ट्रंप ने भारत आने से पहले साफकर दिया है कि वह अमेरिका के हित आगे रखकर ही कुछ बात करेंगे। उधर, कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि सरकार ट्रंप को यहां से चुनाव प्रचार का मौका ना दे और भारत के हित में कुछ ठोस हासिल करे।

भारत पर अधिक टैक्स वसूलने का कई बार आरोप लगा चुके डॉनल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका और भारत के बीच शानदार डील हो सकती है। लेकिन उन्होंने यह भी इशारा किया कि वह डील को अभी टाल सकते हैं और जब भी इस डील को फाइनल करेंगे वह अमेरिका का हित पहले देखेंगे। ऐसे में पीएम मोदी को एक बार फिर 'टफ निगोशिएटर' बनना पड़ेगा, जैसा कि ट्रंप भारत के लिए कहते रहे हैं। डील को भारतीय हित में झुकाना पीएम मोदी के लिए चुनौती होगी।

ट्रंप ने गुरुवार को लास वेगास में एक कार्यक्रम में कहा, 'हम भारत जा रहे हैं और हम वह शानदार डील कर सकते हैं। हो सकता है कि हम इसे अभी टाल दें और इसे चुनाव के बाद करें। हम देखेंगे कि क्या होता है। लेकिन हम तभी डील करते हैं जब वह अमेरिका के हित में हो, क्योंकि हम 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति पर चल रहे हैं। चाहे किसी को यह पसंद हो या नहीं।'

न्यूक्लियर डील पर नजर

ट्रंप के इस दौरे पर भारत-अमेरिका के बीच न्यूक्लियर डील हो सकती है। भारत को छह रिएक्टर सप्लाई के लिए नए समझौते पर हस्ताक्षर हो सकता है। यदि ट्रेड डील नहीं होता है तो ट्रंप के इस दौरे पर अमेरिका के वेस्टिंगहाउस और भारत के एनपीसीआईएल के बीच होने वाला यह समझौता ही केंद्र में होगा। सूत्रों के मुताबिक, अमेरिका के ऊर्जा मंत्री को भी ट्रंप के संग आ रहे प्रतिनिधिमंडल में शुक्रवार को शामिल कर लिया गया है।

कांग्रेस ने कहा, चुनाव प्रचार ना करें ट्रंप

कांग्रेस पार्टी ने ट्रंप के दौरे का स्वागत करते हुए कहा है कि भारत अमेरिकी राष्ट्रपति के सामने जीएसपी, H1बीवीजा जैसे मुद्दों को उठाए जो भारत के हित में महत्वपूर्ण हैं। कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता आनंद शर्मा ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ऐसा ना हो कि ट्रंप इस दौरे को अपने लिए चुनाव प्रचार के रूप में इस्तेमाल करें, जैसा कि उन्होंने हाउडी मोदी का किया।

अहमदाबाद, आगरा और दिल्ली जाएंगे ट्रंप

दो दिन के दौरे पर भारत आ रहे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, 24 फरवरी को अहमदाबाद से दौरे की शुरुआत

अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी मेलिनिया ट्रंप भी भारत आ रही हैं

नई दिल्ली(ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप भारत आ रहे हैं। अपने दो दिन के दौरे (करीब 36 घंटे) पर ट्रंप गुजरात के अहमदाबाद, उत्तर प्रदेश के आगरा और फिर राजधानी दिल्ली आएंगे। इस दौरान ट्रंप दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में एक इवेंट का हिस्सा होंगे। साबरमती आश्रम जाएंगे और ताज महल के दीदार भी करेंगे। ट्रंप के साथ उनकी पत्नी मेलिनिया ट्रंप भी भारत आएंगी। वह दिल्ली के एक स्कूल में भी जाएंगी। यहां पढ़ें डॉनल्ड ट्रंप के पूरे दौरे का शेड्यूल

साबरमती आश्रम जाएंगे

सड़क मार्ग से जाते वक्त काफिला कुछ देर साबरमती आश्रम पर भी रुकेगा। वहां ट्रंप महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे। इस दौरान ट्रंप को गांधी के जीवन से जुड़ी हुई कुछ चीजें उपहार स्वरूप दी जाएंगी।

हैदराबाद हाउस में मीटिंग

राजघाट के बाद मोदी और ट्रंप के बीच दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में मीटिंग होगी। यहां दोनों देशों के बीच संबंधों और समझौतों पर बाचतीत होगी। इस दौरान ट्रंप की पत्नी मेलिनिया ट्रंप दिल्ली के एक स्कूल का दौरा करेंगी।

दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में होंगे ट्रंप

आश्रम के बाद ट्रंप का अगला स्टॉप सरदार वल्लभभाई पटेल स्टेडियम होगा। यह दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। यहां के कार्यक्रम में सवा लाख के करीब लोग मौजूद हो सकते हैं। वहां अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

राजघाट जाएंगे ट्रंप

राष्ट्रपति भवन के बाद ट्रंप राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि पर जाएंगे।

24 फरवरी को एयरपोर्ट पर होगा भव्य स्वागत

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप 24 फरवरी को भारत आएंगे। वह गुजरात के सरदार वल्लभभाई पटेल एयरपोर्ट पर लैंड करेंगे। खबरें हैं कि पीएम मोदी खुद उस वक्त ट्रंप के स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर होंगे। फिर दोनों सड़क मार्ग से 22 किलोमीटर का सफर तय करेंगे। इस दौरान ट्रंप के स्वागत में करीब 50 हजार लोग सड़क पर होंगे।

ट्रंप के स्वागत में लंच

अहमदाबाद से आगे के सफर पर निकलने से पहले ट्रंप को लंच करवाया जाएगा। यहां ट्रंप पीएम मोदी समेत कई अन्य राजनेताओं के साथ भारतीय पकवानों का स्वाद चखेंगे।

25 फरवरी, राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति कोविंद से मिलेंगे ट्रंप: 25 फरवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप हमारे राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिलेंगे। यहां राष्ट्रपति की तरफसे ट्रंप के स्वागत में भोज रखा गया है।

अमरीकी दूतावास जाएंगे ट्रंप: अपनी यात्रा के आखिरी दौर में ट्रंप दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास जाएंगे। यहां सीईओ राउंडटेबल मीट के दौरान ट्रंप भारत के टॉप बिजनसमैन से मिलेंगे।

ताजमहल: ट्रंप के आगरा जाने पर गहराया सस्पेंस
व्हाइट हाउस के शेड्यूल में हां, भारतीय सूत्र की ना

नई दिल्ली(ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के स्वागत के लिए आगरा तैयार है, लेकिन वह ताजमहल का दीदार करेंगे या नहीं यह अब तक पूरी तरह साफ नहीं हो पाया है। वाइट हाउस की ओर से जारी 24 फरवरी के शेड्यूल में ट्रंप का आगरा दौरा भी शामिल है। हालांकि, भारत सरकार के सूत्रों का कहना है ट्रंप और मोदी आगरा का प्लान बदल सकते हैं। इससे पहले कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि पीएम मोदी भी ट्रंप के साथ ताजमहल देखने जाएंगे।

आगरा में पूरी है तैयारी

अमेरिकी राष्ट्रपति की संभावित यात्रा को देखते हुए आगरा में तैयारी जोरों पर है। शहर को सजाया-संवारा जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता कर दी गई है। चप्पे-चप्पे पर भारतीय और अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियों की नजर है। मुगल बादशाह शाहजहां और मुमताज की कब्रों की पहली बार मडपैक ट्रीटमेंट के जरिए सफाई की जा रही है, ताकि उस पर एक भी दाग न दिखे। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने दोनों कब्रों पर मुल्तानी मिट्टी का लेप लगाकर गंदगी और दाग मिटाने का काम शुरू कर दिया है।

अहमदाबाद में पीएम मोदी के सामने 'अगड़ बम लहरी' पर ट्रंप को नचाना चाहते हैं कैलाश खेर

नई दिल्ली(ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप अपनी पहली भारत यात्रा पर आने वाले हैं और इससे पहले ही वह यहां की सुर्खियों में हैं। पिछले दिनों आयुष्मान खुराना की लेटेस्ट रिलीज़ 'शुभ मंगल ज्यादा सावधान' की तारीफकर चर्चा में आए ट्रम्प के लिए इस बार बॉलिवुड सिंगर कैलाश खेर ने कह दिया है कि वह उन्हें भारत दौरे के बीच नचाना चाहते हैं।

24 फरवरी को अहमदाबाद के मोटेरा स्टेडियम में होने वाली अपनी परफॉर्मेंस पर कैलाश खेर: 'जय-जय कारा, जय-जय कारा स्वामी देना साथ हमारा' गीत से परफॉर्मेंस की शुरुआत होगी और 'अगड़ बम-बम लहरी' से इसकी समाप्ति होगी। मेरा बस चले तो मैं इसी गाने पर उनको(ट्रंप) भी नचाऊं। राष्ट्रपति ट्रंप बॉलिवुड प्रेमियों के बीच एक और वजह से फिलहाल चर्चा में हैं। उन्होंने ट्वीट कर आयुष्मान खुराना की फिल्म 'शुभ मंगल ज्यादा सावधान' की तारीफ की है। ट्रंप ने ट्वीट कर फिल्म के विषय को बेहतरीन बताया।

11 वर्षीय बच्चे को शिक्षक ने पीटा, कोमा में चला गया ओम

पुणे(ए.)। महाराष्ट्र के आलंदी के रहने वाले ओम चौधरी महज 11 साल के हैं। ओम के टीचर ने उनकी इतनी बेरहमी से पिटाई की कि

वह पिछले 8 दिनों से कोमा में है। ओम की हालत में पहले से मामूली सुधार हुआ है लेकिन हालत अभी भी गंभीर है। ओम की स्थिति को देखते हुए उन्हें एक बड़े अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। बच्चे की मां की शिकायत के बाद आखिरकार गुरुवार को केस दर्ज किया गया, जिसके बाद आरोपी भगवान महाराज पोवने को शुक्रवार को गिरफ्तार भी कर लिया गया। 45 वर्षीय आरोपी पर भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 307 के तहत कार्रवाई की गई है। ओम चौधरी का दाखिला आलंदी स्थित आध्यात्मिक केंद्र श्री मौली ज्ञानराज कृपा प्रसाद में कराया गया था। फरवरी महीने के पहले हफ्ते में जब वह हरिपाठ नहीं सुना पाए तो शिक्षक ने उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी। अगले दिन स्कूल के बच्चों को कीर्तन सत्र में हिस्सा लेने के लिए औरंगाबाद ले जाया गया। इसमें ओम भी शामिल थे। हालांकि, वहां पर ओम बेहोश हो गए। इसके बाद आरोपी ने ओम की मां को फोन किया और कहा कि वह अपने बच्चे को यहां से ले जाएं क्योंकि उसका मन नहीं लग रहा है।

16 के लड़के ने की 19 की लड़की से शादी...पहुंच गया रिमांड होम

बेंगलुरु(ए.)। उनकी शादी को एक हफ्ते बीत चुके थे...शादीशुदा जिंदगी रफ्तार पकड़ने ही वाली थी कि अचानक एक दिन पुलिस ने घर का दरवाजा खटखटाया और एक झटके में दूल्हा रिमांड होम

पहुंच गया। जी हां यह कहानी है 16 के दूल्हे और 19 की दुलहन की। बाल विवाह की शिकायत दर्ज करने के बाद लड़की और दूल्हे के परिजनों को छोड़ दिया गया। मामला बेंगलुरु के पुट्टेनाहल्ली थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने शादीशुदा कपल के माता-पिता के खिलाफमामला दर्ज किया है। उन पर बाल विवाह कानून 2006 की कई धाराओं के तहत केस दर्ज हुआ है। यह कहानी स्कूल ड्रॉपआउट आमिर (बदला हुआ नाम) की है। आठवीं तक पढ़ाई के बाद वह एक गैस एजेंसी में डिलिवरी बॉय का काम करता था। एल ऐंड टी साउथ सिटी अपार्टमेंट्स में ज्यादातर वह एलपीजी सिलिंडर पहुंचाता था। इन्हीं में से एक घर में 19 साल की आकृति (बदला हुआ नाम) काम करती थी। यहीं से दोनों के लव अफेयर की शुरुआत हुई। जिस घर में आकृति काम करती थीं, वहां सिलिंडर पहुंचाते वक्त दोनों के बीच संपर्क हुआ। नेपाली बैकग्राउंड का होना दोनों को करीब लाने में मददगार बना और जल्द ही उनके बीच प्यार हो गया। एक महीने पहले आकृति इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी में रहने वाले अपने माता-पिता का घर छोड़कर आमिर के परिवार के साथ रहने पुट्टेनाहल्ली पहुंच गई।

मेलेनिया ट्रंप के साथ हैपीनेस क्लास

सीएम केजरीवाल और डेप्युटी सीएम सिसोदिया नहीं होंगे शामिल

नई दिल्ली(ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की पत्नी मेलेनिया के साथ दिल्ली के सरकारी स्कूल के दौरे में अब सीएम अरविंद केजरीवाल और डेप्युटी सीएम मनीष सिसोदिया शामिल नहीं होंगे। आम आदमी पार्टी के सूत्रों का आरोप है कि केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का नाम कार्यक्रम से हटवाया है। पहले के कार्यक्रम के मुताबिक दोनों को अमेरिकी प्रथम महिला के साथ स्कूल के दौरे में शामिल होना था। हालांकि, सरकार ने कहा है कि नाम हटने से उनका कोई लेना-देना नहीं है।

आप नेता और दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय ने इस बारे में फिलहाल बयान देने से इनकार कर दिया है। राय का कहना है कि आधिकारिक जानकारी मिलने के आने के बाद ही वह कुछ कह पाएंगे। 25 फरवरी को मेलेनिया दक्षिणी दिल्ली के सरकारी स्कूल में हैपीनेस क्लास देखने जाएंगी। मेलेनिया करीब 12 बजे स्कूल का दौरा करेंगी। वह करीब एक घंटा स्कूल में बिताएंगी और बच्चों से मुलाकात करेंगी। जब ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच मुलाकात चल रही होगी, उस समय वह बच्चों से मुलाकात कर रही होंगी। आपको बता दें कि पहली बार अमेरिका की कोई फर्स्ट लेडी दिल्ली के किसी स्कूल के स्टूडेंट्स से मिलेंगी। इससे पहले 2010 में जब ओबामा भारत के दौरे पर आए थे, तब उनकी पत्नी मिशेल ओबामा ने मुंबई में बच्चों से मुलाकात की थी।

ठुकराया बस कंडक्टर का प्रपोजल

आर्मी जवान की पत्नी पर पेट्रोल डाल लगाई आग

कुड्डालोर(वार्ता)। तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले के वडालुर से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक बस कंडक्टर को 25 वर्षीय विवाहित महिला पर पेट्रोल डालकर हत्या करने का प्रयास करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता दो लड़कियों की मां है और नर्सिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह एक निजी फर्म में काम कर रही है। पीड़िता को कंडक्टर ने इसलिए मारने की कोशिश की क्योंकि उसने आरोपी का प्रपोजल ठुकरा दिया था। पीड़िता के पति सेना में हैं और फिलहाल उनकी पोस्टिंग पश्चिम बंगाल में है।

महिला रोज अपने ऑफिस जाने के लिए एक प्राइवेट बस से ट्रैवल करती थी। आर सुंदरमूर्ति नामक कंडक्टर की उससे दोस्ती हो गई और दोनों की बातचीत होने लगी। पुलिस के मुताबिक, करीब तीन महीने पहले कंडक्टर ने महिला को प्रपोज किया, जिसके बाद महिला ने उससे बात करना बंद कर दिया। इस बीच उसने महिला को मनाने की बहुत कोशिश की लेकिन जब वह नहीं मना पाया तो उसने महिला से बदला लेने का फैसला किया। आरोपी शुक्रवार की सुबह पेट्रोल की बोतल लेकर महिला के ऑफिस के बाहर आया और महिला को बातचीत के लिए बुलाया। महिला जैसे ही ऑफिस के बाहर निकली, आरोपी ने उसपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

समान गोत्र में विवाह

लड़की को मार 100 किमी दूर शव फेंक आए परिजन

नई दिल्ली(ए.)। न्यू अशोक नगर इलाके में एक लड़की की हत्या का शव को दिल्ली से 100 किलोमीटर दूर अलीगढ़ में फेंक दिया गया। शुरुआती जांच में इस वारदात को हॉरर किलिंग के तौर पर देखा जा रहा है। परिजनों से छिपकर एक ही गोत्र के युवक से शादी को इस हत्याकांड की वजह माना जा रहा है। मामले में न्यू अशोक नगर पुलिस ने माता-पिता समेत छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की पहचान शीतल चौधरी के तौर पर हुई है।

हत्या के बाद परिवार लाश को कार की सीट पर बिठाकर ले गया। परिवार को शक था कि उसकी पड़ोस के एक युवक से दोस्ती है। शक ये भी था कि उसने शादीशुदा होते हुए भी आर्य समाज मंदिर में चुपके से पड़ोसी युवक से शादी कर ली थी। जब शीतल का मोबाइल नंबर नहीं मिला तो उनके दोस्त ने न्यू अशोक नगर थाने में परिवार पर आशंका जताते हुए केस दर्ज कराया। वारदात के 22 दिन बाद इस पूरे केस से पर्दा उठ सका।

बहरहाल पुलिस ने शुक्रवार को मृतका की मां सुमन, पिता रविन्द्र, ताऊ संजय, फूफा ओम प्रकाश, फूफा के बेटे परवेश, रिश्तेदारी में रविन्द्र के दूसरे दामाद अंकित को गिरफ्तार किया है। परिवार ने पुलिस के सामने कबूल किया है कि काफी समझाने पर भी वह शादी तोड़ने के लिए तैयार नहीं हुई तो उन्होंने उसकी हत्या कर दी।

सौहार्द कर्नाटक के बेलागवी जिले के एक मदरसे ने अपने परिसर में एक सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया

मदरसे में 76 मुस्लिम, 25 हिंदू जोड़ों ने की शादी

बेलागवी (वार्ता)। सांप्रदायिक सौहार्द का एक बड़ा मेसेज देते हुए कर्नाटक के बेलागवी जिले के एक मदरसे ने शुक्रवार को अपने परिसर में एक सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया। इस दौरान 76 मुस्लिम और 25 हिंदू जोड़ों का विवाह हुआ।

बेलागवी जिला मुख्यालय से 50 किमी और बेंगलुरु से 480 किमी दूर स्थित बेलीहंगल में स्थित मदरसा अल अरबिया

अनवारुल उलूमा में इस समारोह का आयोजन किया गया। इस मदरसे में हुए इस सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन जामिया फैजान-उल-कुरान और ईसा फाउंडेशन ने किया था। ईसा फाउंडेशन गुजरात में बड़े स्तर पर सामूहिक विवाह समारोहों का आयोजन करता है।

केरल में भी मस्जिद में हुई थी शादी

इस सामूहिक विवाह समारोह के ठीक एक महीने पहले केरल के कायमकुलम स्थित अलाप्पुझा में 100 साल पुरानी चेरवली जमात मस्जिद में एक हिंदू विवाह का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में 4,000 लोगों को शाकाहारी दावत दी गई थी। एक हिंदू पुजारी ने रीति-रिवाजों के तहत शादी को संपन्न कराया था वहीं शादी के बाद नवविवाहित जोड़े ने मस्जिद के इमाम रियासुद्दीन फैजी से आशीर्वाद लिया।

हर दुलहन को मिला मंगलसूत्र

नवविवाहित हिंदू जोड़ों को गीता और मुस्लिम जोड़ों को कुरान की एक-एक प्रति दी गई। आयोजकों ने प्रत्येक हिंदू दुलहन को एक मंगलसूत्र भी प्रदान किया। इस कार्यक्रम में बेलीहंगल के विधायक महंत कौजलागी ने सभी को आशीर्वाद दिया।

राष्ट्रीय कृषि मेला उद्घाटन के लिए सजकर तैयार

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे तीन दिवसीय मेले का उद्घाटन, कृषि मंत्री सहित अन्य मंत्री व विधायकगण कार्यक्रम में होंगे शामिल

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के तुलसी बाराडेरा स्थित फल सब्जी उपमंडी परिसर में 23 फरवरी से लगने वाले राष्ट्रीय कृषि मेला उद्घाटन के लिए सजकर तैयार हो गया है। इस मेले का उद्घाटन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे। इस अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे सहित अन्य कई मंत्रीगण व विधायकगण भी शामिल होंगे।

23 से 25 फरवरी तक आयोजित राष्ट्रीय कृषि मेले में किसानों को बहुत सी नई आधुनिक तकनीक की जानकारी मिलेगी। इस आयोजन में देश भर के हजारों किसानों के भाग लेने के मद्देनजर सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। बत्तीस एकड़ में फैले मेला स्थल पर कृषि उद्यानिकी, पशुपालन, मछलीपालन, ग्रामोद्योग विभाग से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। मेले में किसानों को कृषि और उनसे जुड़े विभिन्न गतिविधियों के उन्नत तकनीकों की जानकारी मिलेगी। इस मेले में कृषि उपज से संबंधित विभिन्न सामग्रियों की प्रदर्शनी सह बिक्री के स्टाल लगाए जाएंगे।

कृषि मेला में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी पर आधारित जीवंत झांकी का प्रदर्शन मेले में किया जाएगा। इसमें योजना के लागू होने से पशुधन के संरक्षण, संवर्धन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था में हो रही वृद्धि के बारे में विस्तार से अवगत कराया जाएगा। साथ ही पशुधन से प्राप्त होने वाले गोबर तथा गो-मूत्र इत्यादि से तैयार की जाने वाली उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा कृषि उपज से संबंधित विभिन्न सामग्रियों, सुगंधित किस्मों के चावल, कोदो, कुटकी, दूग्ध महासंघ के विभिन्न उत्पाद, वनांचलों से चार, चिरौंजी, ईमली, शहद सहित वन विभाग द्वारा उत्पादित विभिन्न वनौषधि, महिला समूहों के द्वारा बनाई जा रही विभिन्न परम्परागत सामग्री प्रदर्शित की जाएगी।

इस मेले में मछलीपालन विभाग द्वारा तालाब में मछलीपालन की नवीन तकनीक का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शनी स्थल पर मछली उत्पादन के लिए ऑक्सीजन प्रदान करने वाले यंत्र एरेटर और एक्वेरियम हाउस का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

मछलीपालन विभाग के स्टॉल में मत्स्य कृषकों को ऋण अनुदान पर ऑटो, मोटरसायकिल तथा एरेटर भी वितरित किया जाएगा। एक्वेरियम हाउस में रंगीन मछलियां प्रदर्शित की जाएंगी।

मेले में रायगढ़ एवं चांपा के कोसा वस्त्र, कोसा साड़ी, कोसा धोती, कोसा शॉल, कोसा गमछा, कोसा स्टोल, कोसा दुपट्टा, कोसा रेडिमेड शर्ट, कोसा कुर्ता, कोसा ब्लाउज इत्यादि के साथ-साथ कॉटन के रेडिमेड शर्ट, कुर्ता, बैग इत्यादि का प्रदर्शन तथा विक्रय हाथकरघा संघ द्वारा किया जाएगा।

राष्ट्रीय कृषि मेला में प्रदर्शित सब्जियों के ग्राफ्टेड पौधे आकर्षण के केन्द्र होंगे। मेले में किसान ग्राफ्टेड पौधों से खेती एवं पौध तैयार करने की तकनीक भी सीख सकेंगे। बैगन, टमाटर, आलू, मिर्च एवं अन्य ग्राफ्टेड सब्जियों में विशेष गुण होने के कारण इसे बढ़ावा दिया जा रहा है। मेले में पौधों की बडिंग-ग्राफ्टिंग की जीवंत प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। ग्राफ्टेड सब्जियों के पौधे उद्यानिकी विभाग के स्टॉल से प्राप्त किये जा सकते हैं।

मेले में उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत रायपुर में फल परिरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा निर्मित टमाटर सॉस, टमाटर प्यूरी, मिक्स फ्रूट जैम, ऑवला-मुरब्बा, आंवला कैण्डी, आम अचार (खट्टा-मीठा), नीबू आचार, हरी मिर्च अचार, लाल मिर्च का अचार, आंवला अचार, लहसून अचार, गाजर अचार, अदरकहरी मिर्चलहसून आचार, इमली चटनी, जिंजर नेक्टर के उत्पाद मेला में उपलब्ध करायी जाएगी, ये उत्पाद विक्रय हेतु भी उपलब्ध रहेंगे। राष्ट्रीय कृषि मेला में नवीन कृषि यंत्र शुगरकेन हार्वेस्टर का प्रदर्शन किया जाएगा। शुगरकेन हार्वेस्टर की कीमत करीब 1 करोड़ रूपये है। इस मशीन को कस्टम हायरिंग हब में शामिल कर इकाई लागत का 40 प्रतिशत अनुदान का लाभ ले सकते हैं।

कृषि मेले में कड़कनाथ होगा विशेष आकर्षण

रायपुर। तुलसी बाराडेरा में रविवार 23 फरवरी से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कृषि मेला में पशुधन विकास से संबंधित विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। मेले में प्रदर्शनी के साथ ही उत्पादों का विक्रय भी किया जाएगा। पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि मेले में स्वादिष्ट और औषधीय गुणों से भरपूर कड़कनाथ मुर्गे की विशेष मांग होगी। कड़कनाथ मुर्गे के बारे में बताया गया है कि - इसका खून, मांस और शरीर काले रंग का होता है। अन्य मुर्गों की तुलना में इसके मीट में प्रोटीन अधिक मात्रा में होता है और कोलेस्ट्रोल का स्तर कम होता है। इसमें 18 तरह के आवश्यक अमीनो एसिड भी पाए जाते हैं। इसके मीट में विटामिन बी-1, बी-2, बी-6, बी-12, सी और ई की मात्रा भी अधिक पाई जाती है। यह औषधि के रुप में नर्वस डिसऑर्डर को ठीक करने के काम में भी आता है। इसके रक्त से कई बीमारियां ठीक हो जाती हैं। कड़कनाथ मुर्गा के पालक छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र, तमिलनाडू, आंध्रप्रदेश में भी अच्छी-खासी कमाई कर रहे हैं।

कड़कनाथ मुर्गे से अमर पटेल हर महीने कमा रहे हैं 80 हजार रूपये

कड़कनाथ अपने स्वाद और औषधीय गुणों के लिए मशहूर है। कड़कनाथ प्रजाति से प्रभावित होकर रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखण्ड के ग्राम कोसमंदा निवासी श्री अमर पटेल ने वर्ष 2017-18 से कड़कनाथ मुर्गा पालन का ईकाई स्थापित किया है। उन्नत व्यवसाय के पूर्व कृषि कार्य करते थे। उन्होंने पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में 200 कड़कनाथ चुजों से मुर्गा पालन चालू किया। धीरे-धीरे उन्हीं मुर्गियों द्वारा दिये अंडों को 'स्वयं के द्वारा' निर्मित हेचरिंग मशीन जिसमें आटोथरमोकर लगाकर 100 वाट के बल्बों से गर्मी पैदा कर तथा हेचींग मशीन मे ह्यूमिडिटी मेंटेन करने हेतु व्यवसाय बनाकर दिन में तीन बार अंडो को मैन्यूवली 45 डिग्री में टर्न कर हेचींग कार्य किया जा रहा है।

कड़कनाथ या काली मासी भारतीय नस्ल का मुर्गा है। यह मुख्यतः पश्चिमी मध्य प्रदेश के झाबुआ और धार जिलों में पाया जाता है। कड़कनाथ मुर्गे में उच्च प्रोटीन और न्यून वसा पाया जाता है, जिसके कारण इसका मांग काफी ज्यादा है। कड़कनाथ मुर्गी का मांस कम चरबी युक्त होता है।

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री ने रंगकर्मी मनीष दत्त के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के रंगकर्मी श्री मनीष दत्त (दादा) के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री बघेल ने इस दुख की घड़ी में सांत्वना व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। काव्य भारती संस्था के संस्थापक बिलासपुर निवासी श्री मनीष दत्त का आज सुबह निधन हो गया। श्री दत्त ने अनेक राज्यों में सफल नाट्य मंचन कर प्रदेश को गौरवान्वित किया है।

नाबालिग लड़की लापता, गुम इंसान का मामला दर्ज

रायपुर। मौदाहापारा क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की के लापता हो जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा निवासी पीड़िता 18 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शुक्रवार को अमर किराना स्टोर मौदहापारा के पास प्रार्थियां की बहन 16 वर्ष को किसी ने बहला फुसलाकर अपहरण कर लिया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 363 के तहत अपराध कायम कर गुम इंसान का मामला दर्ज कर लिया है।

मुख्यमंत्री ने मौलाना अबुल कलाम आजाद को किया याद

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और आजाद भारत के पहले शिक्षा मंत्री स्वर्गीय मौलाना अबुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दी है। श्री बघेल ने कहा है कि मौलाना अबुल कलाम जी ने आजादी की लड़ाई के साथ भारत की शिक्षा व्यवस्था की मजबूत नींव तैयार करने में अहम भूमिका निभाई।

लापरवाहीपूर्वक खुदाई से मकान गिरने के मामले में कॉम्पलेक्स संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। निर्माणाधीन काम्पलेक्स के बेसमेंट के लिए 10 से 15 फीट गढ्डा खोदने के चलते शुक्रवार को राजधानी के बीरगांव इलाके में 12.15 बजे तीन मंजिला इमारत अचानक भरभराकर गिर गई। वहीं इमारत के बाजू में डॉ. काले का क्लिनिक भी गिर गया। लापरवाहीपूर्वक काम्पलेक्स के लिए गढ्डा खोदवाने के लिए काम्पलेक्स संचालक के खिलाफ खमतराई थाना में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ए 7/304 बीएम टावर खमतराई निवासी आशीष मिश्रा 38 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि प्रार्थी का ट्रांसपोर्ट का व्यावसाय है। शुक्रवार को व्यास तालाब के आगे महेश्वरी उद्योग के बगल में रायपुर बिलासपुर रोड में तीन मंजिला भवन (मकान नंबर 66, वार्ड नंबर 27 जय बुढ़ेव वार्ड) मेरे स्वयं के नाम पर था, जिसमें शशी पेशवानी को होटल चलाने के लिए किराए में दिया था तथा उपर के कमरों में शशी पेशवानी के होटल में काम करने वाले कर्मचारी रहा करते थे, कुछ दिनों से प्रार्थी के भवन के बाजू में सोनल कोठारी पति निलेश कोठारी देवेन्द्र नगर में किराए के मकान में रहने वाले का पुरानी दुकान थी जिसे तोड़कर वे नई दुकान बनवा रहे थे, जिसमें अंडर ग्राउण्ड बेसमेंट बनावाने का कार्य करवाया जा रहा था। इसके लिए 10-15 फीट का खुदाई करवाया गया था, खुदाई के काम के दौरान निलेश कोठारी से आग्रह किया था कि मीन की खुदाई ज्यादा न किया जाए। इसके चलते भवन को क्षति पहुंच सकती है किन्तु उनके द्वारा मीन की अधिक खुदाई किया गया, व प्रार्थी के मकान के नीचे का नींव से तीन फीट मिट्टी को खुदाई कर कर देने से सम्पूर्ण भवन भरभराकर गिर गया।

सीएम ने डॉ. खूबचंद बघेल जी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने किसान और मजदूरों के हक के लिए आजीवन संघर्षरत रहे डॉ. खूबचंद बघेल जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. बघेल ने पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण का सपना देखा। छत्तीसगढ़ में कई आदिवासी किसान आंदोलनों के प्रेरणा स्त्रोत और अग्रणी रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें इस बात का संतोष है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के पुनरूत्थान के डॉ. बघेल के सपने को साकार करने की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं।

सूने मकान का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

रायपुर। सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर एवं नगदी 50 हजार रुपये चोरी किये जाने की रिपोर्ट गोबरानवापारा थाने में दर्ज की गई है। लटर्रापारा नवापारा निवासी श्रीमती मंजू जैन 49 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शुक्रवार को प्रार्थियां अपने मकान में ताला लगाकर कहीं गई हुई थी।



राजधानी में 25 फरवरी को विवाह, मैरिज और निकाह का संगम

- सर्वधर्म सम्भाव की मिसाल बनेगा मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत राजधानी रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में 25 फरवरी को भव्य विवाह समारोह आयोजित किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस विवाह समारोह में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष श्री चरणदास महंत सहित मंत्री, सांसद, विधायको, महापौर और गणमान नागरिकों की उपस्थिति में 550 जोड़े विवाह बंधंन में बंधेंगे। यह विवाह मैरिज,और निकाह का संगम होगा। यहां हिन्दु जोड़ों के साथ 4 जोड़ें क्रिश्चिन समुदाय और 4 जोड़ें मुस्लिम समुदाय के शामिल होंगे। समारोह में हिन्दू, मुस्लिम, इसाई जोड़े अपने-अपने धार्मिक रीति-रिवाजो से एक साथ विवाह बंधंन में बंधेंगे। इन जोड़ों में एक दिव्यांग जोड़ा भी शामिल होगा। साथ ही एक विधवा कन्या का नवजीवन में प्रवेश कराया जाएगा। यह आयोजन सर्वधर्म सम्भाव की मिसाल कायम करेगा। राज्य में पहली बार सामूहिक विवाह स्थल पर ही इन जोड़ों का विवाह पंजीयन नगर निगम रायपुर द्वारा किया जाएगा।

महिला एवं बालविकास विभाग द्वारा इच्छुक दान-दाताओ और गणमान नागरिकों से वैवाहिक कार्यक्रम में उपस्थित होकर जोड़ों को आशीर्वाद देने का अनुरोध किया है। वैवाहिक कार्यक्रम दोपहर 12:30 बजे शुरू होगा। विवाह समारोह को यादगार बनाने के लिए जबलपुर से शहनाईवादक भी बुलाए गए है।

सामूहिक विवाह समारोह अपने आप में खास होगा क्योंकि इसमें परम्पराओं के साथ वैज्ञानिक पहलुओं को भी शामिल किया गया है। विवाह समारोह में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जोड़ों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ जीवन उपयोगी किट प्रदान किया जाएगा।

शादीशुदा जिंदगी में वापस लाएं खोया हुआ रोमांस

अधिकतर कपल्स को लगता है शादी के बाद कम हो गया रोमांस और प्यार

वैलंटाइन्स डे सिर्फबॉयफ्रेंड–गर्लफ्रेंड के लिए नहीं बल्कि पति–पत्नी के लिए भी होता है। हालांकि, कई बार कपल्स इस बात की कंप्लेन करते दिख जाते हैं कि शादी के बाद उनकी लव लाइफमें से रोमांस और वैलंटाइन्स डे का रोमांच, दोनों ही जैसे खत्म से हो गए हैं। जाहिर सी बात है कि ऐसा होना रिश्ते के लिए किसी भी लिहाज से ठीक नहीं है। तो क्यों न इस वैलंटाइन्स डे पर कुछ ऐसा किया जाए कि आपकी लव लाइफमें खोया हुआ रोमांस और प्यार वापस लौट आए? इसके लिए क्या करना चाहिए, इसमें आपकी नीचे लिखे टिप्स काफी मदद कर सकते हैं। ब्रेकफस्ट से करें शुरुआतज्यादातर मैरिड कपल्स के बीच आज भी वाइफही ब्रेकफस्ट से लेकर हर मील का ध्यान रखती है। लेकिन वैलंटाइन्स पर थोड़ा जल्दी उठते हुए आप उन्हें ब्रेकफस्ट बनाकर सरप्राइज दें। अगर कुकिंग में कच्चे हैं तो मार्केट से पहले ही रेडी टू मेड फूट आइटम्स ले आएं, जो हेल्दी और टेस्टी भी होंगे। ब्रेकफस्ट की ट्रे में रोमांटिक मेसेज लिखें और उन्हें वैलंटाइन्स डे विश करें। प्यारा सा किस देकर उन्हें जगाएं और साथ में नाश्ता इंजॉय करें।

एक दिन उनके नाम

मैरिड कपल अगर कामकाजी हो तो साथ में समय बिताना काफी मुश्किल हो जाता है, ऐसे में एक दिन का समय सिर्फ एक-दूजे के लिए निकालें और यह दिन वैलंटाइन्स डे हो तो और भी शानदार है। रोमांटिक डे की रोमांटिक शुरुआत के बाद दोनों साथ में डे की ऐक्टिविटीज प्लान करें और ज्यादा से ज्यादा समय साथ बिताएं।

जिंदगी फिल्म-सी रंगीन हो

लव लाइफरोमांटिक तभी बनी रहती है, जब उसमें टाइम-टाइम पर प्यार का नया तड़का लगता रहे। लेकिन चाहकर भी हम इस फ्लो को बनाकर नहीं रख पाते हैं। इसकी वजह है कि जिंदगी कोई 3 घंटे की फिल्म नहीं है, जिसकी स्क्रिप्ट हमें पहले से पता हो...लेकिन हमें रोमांस तो चाहिए ही... तो आइए जानते हैं कि किस तरह आपकी लव लाइफमें फ्रेशनेस बनी रहेगी...

सुबह हसीन और शाम रंगीन

हर सुबह हसीन और शाम रंगीन चाहिए तो अपने पार्टनर को कभी ऐसी बातें ना बोलें, जो उसके लुक्स और बेहद निजी चीजों से जुड़ी हो। क्योंकि ऐसी चीजों पर कमेंट नहीं किए जाते बल्कि उन पर सलाह दी जाती है और खुलकर बात की जाती है। अगर आप इस छोटी-सी बात का ध्यान रखेंगे तो आपकी हर सुबह और शाम रंगीन हो जाएगी।

आपकी मुस्कुराहट

सुबह घर से निकलते हुए और शाम को घर पर मिलते हुए अपने पार्टनर को देखकर आपके चेहरे पर स्माइल जरूर आनी चाहिए। आपको यह बात बेतुकी लग सकती है। लेकिन गौर करके देखिए कि इन दोनों टाइम पर एक-दूसरे को दिया गया प्यार भरा लुक आपको साथ के अहसास की डोर से बांधे रखता है। जरूरी नहीं है कि लव लाइव में रोमांस भरने के लिए कहीं बाहर ही जाना पड़े। जब आपका पार्टनर ऑफिस में हो तब आप बिना किसी पर्व और त्योहार के घर को फूलों और लाइटिंग से सजाकर उनके वॉर्म वैलकम की तैयारी कर सकते हैं। फिर देखिए, आपका यह अंदाज देखकर उनकी दिनभर की थकान कैसे फुर्र हो जाएगी।

कपल को साथ में जरूर देखना चाहिए मूवी

मूवी एंटरटेनमेंट का अच्छा जरिया है, लेकिन क्या आपको पता है कि कपल्स का साथ में फिल्म देखना उनकी बॉन्डिंग को भी और स्ट्रॉन्ग बना सकता है। यह कैसे होता है चलिए जानते हैं। एंटरटेनमेंट के बेस्ट सोर्स में से एक मूवी को माना जाता है। यह एक ऐसा जरिया है जो इमोशन्स को ऑडियंस के इमोशन्स पर असर डालता है और कई तरह के मेसेज भी कन्वे करता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि मूवी कपल्स के रिश्ते में प्यार बढ़ाने के साथ ही बॉन्डिंग को और स्ट्रॉन्ग करने में भी मदद कर सकती हैं।

धैर्य बढ़ाना

जरूरी नहीं कि आपकी और पार्टनर की मूवी चॉइस मिलती-जुलती हो। ऐसे में उन्हें हर बार तो ना कहा नहीं जा सकता, इसलिए उनकी पसंद की मूवी को न चाहते हुए भी इंट्रेस्ट के साथ देखना, आपके धैर्य को बढ़ा देता है। वैसे आपका ऐसा करना पार्टनर को भी अहसास करवाता है कि आपको अपनी पसंद-नापसंद से ज्यादा उनके इमोशन्स का ख्याल है। अब जाहिर है कि इस फीलिंग से प्यार तो बढ़ेगा ही।

साथ में टाइम स्पेंड करने का मौका

मूवी साथ में देखना यानी साथ में टाइम स्पेंड करने का मौका। चाहे थिअटर में फिल्म देखें या फिर घर पर, इस दौरान दोनों का आसपास बैठना, हाथ पकड़ना, सिर टिकाना जैसी चीजें इस एक्सपीरियंस को प्यारे लम्हों में बदल देती है। रॉम-कॉम हो या फिर प्योर रोमांटिक मूवी, यह किसी ने किसी तरह इमोशन्स पर असर डालती ही हैं। कई बार तो सीन्स ऐसे होते हैं जो कपल्स की अपनी जिंदगी जैसे ही दिखाई देते हैं।

स्ट्रेस कम होना

पति-पत्नी का बिजी शेड्यूल उन्हें कई तरह से स्ट्रेस दे सकता है। ऐसे में साथ में किसी फिक्शनल वर्ल्ड की कहानी में डूब जाना और साथ में हंसना या सीन के अन्य इमोशन्स को फील करना उनके स्ट्रेस को कम कर सकता है। यह उनके रिश्ते पर भी पॉजिटिव असर डालेगा।

रोमांस की वापसी

सोफे या बेड पर कडलिंग करते हुए मूवी देखना इमोशनली ही नहीं बल्कि फिजिकली भी क्लोज लाता है। ऐसे में रिश्ते में रोमांस को भी वापस लाने और रोमांटिक टाइम स्पेंड करने में भी मदद मिलती है।

व्यस्त जिंदगी में रखें पार्टनर को खुश, रहें खुश

पैसा नहीं बिगाड़ेगा रिश्ता, रखें इन बातों का ध्यान

चाहे रिश्ता कितना ही गहरा क्यों न हो लेकिन जब बात पैसे की आ जाए तो यह बड़ी परेशानी खड़ी कर सकता है। रिश्ते की शुरुआत में तो पैसों को लेकर कोई बात नहीं करता और न ही जाहिर करता है, लेकिन मनी पर क्लियर थॉट्स न रखना आगे चलकर परेशानियां खड़ी कर सकता है। ऐसा आपके साथ न हो इसलिए हम बता रहे हैं कुछ काम के टिप्स जो रिश्ते में फन को तो बनाए रखेंगे लेकिन मनी प्रॉब्लम्स के कारण इसे टूटने न देंगे।

पैसा अपना-अपना

मेरा पैसा तुम्हारा ही तो है... जी नहीं आपका पैसा आपका और दूसरे का पैसा उसका खुद का है। इसे आप या वह कैसे खर्च करना चाहते हैं, इसका फैसला आप दोनों अपने अनुसार ही लेंगे। रिश्ते में रहते हुए भी किसी एक के पैसे ज्यादा खर्च करवाने की लिबर्टी न ही लें तो बेहतर है।

बिल करें शेयर

लड़के हैं तो सिर्फगर्लफ्रेंड को इंप्रेस करने के लिए बिल पे न करते रहें और लड़की हैं तो सिर्फबॉयफ्रेंड को अपने डिनर-लंच के लिए पैसे न देने दें। बिल को आधा-आधा करना एक अच्छी प्रैक्टिस है जो किसी भी एक पर्सन पर पैसे के लिहाज से बर्डन नहीं बढ़ाता है। अगर बिल का आधा पेमेंट करना अजीब लगता है तो जब बाहर खाने जाएं उस दौरान एक बार बॉयफ्रेंड और एक बार गर्लफ्रेंड बिल पेमेंट कर सकते हैं।

गिफ्ट्स प्राइस की लिमिट तय करें

माना कि प्यार और तोहफे में पैसा नहीं देखा जाता, लेकिन अगर यह बजट पर असर डाले तो बेहतर है कि इस पर पहले से ही ध्यान दिया जाए। न तो ज्यादा महंगे गिफ्ट दें और न ही स्वीकार करें। इससे दोनों के बीच महंगे से महंगे गिफ्ट देने की न तो होड़ लगेगी और न ही इस चक्कर में दोनों का बजट खराब होगा। मान लें कि अगर गर्लफ्रेंड को कोई महंगी चीज लेनी भी है तो उन्हें अपना बजट बता दें और उतना अमाउंट उन्हें दे दें, इसमें बाकी का अमाउंट वह खुद ऐड कर लेंगी।

ट्रिप पर जाएं तो बजट तय करें

ट्रिप प्लान करें तो पहले ही बजट तय कर लें। टैक्सी, ट्रेन/फ्लाइट टिकट, होटल बिल, खाने का बिल आदि सबका एक रफबजट तय कर लें। इस अमाउंट को आपस में डिसकस करें और फिर इसे फाइनलाइज करें। इससे आपकी जर्नी तो स्मूद बनेगी ही साथ ही में ऐन वक्त पर पैसे की कमी महसूस नहीं होगी, जिससे किसी एक पर बर्डन भी नहीं पड़ेगा।

लंच डेट

वाइफ के फेवरिट रेस्ट्रॉन्ट में अडवांस बुकिंग करें और उन्हें वहां लंच के लिए ले जाएं। खाना उन्हें चूज़ करने दें और अपने लिए भी उन्हीं से मील ऑर्डर करवाएं। यह उन्हें स्पेशल फील करवाएगा।

पुरानी यादों को फिर से करें जिंदा

ऐसी जगहों पर जाएं जो आप दोनों की लव लाइफमें खास जगह रखती हो। इससे आप दोनों को ही पुरानी यादों को फिर से तरोताजा करने का मौका मिल जाएगा जो आपको फिर से यह अहसास करने में मदद करेगा कि आपके बीच कितना प्यार है।

रोमांटिक डिनर

दिन का ऐंड भी रोमांटिक हो तो क्या ही कहने। लेकिन हां इसके लिए पहले से बुकिंग जरूर कर लें, क्योंकि वैलंटाइन्स डे पर रेस्ट्रॉन्ट या होटल में जगह मिल पाना मुश्किल है। वैसे आप चाहें तो जिस होटल में रोमांटिक डिनर के लिए प्लान बनाएं वहां एक रूम भी बुक कर सकते हैं, जो आपकी इंटिमेसी को सेक्सी टर्न देने में मदद करेगा। कभी बिना किसी बीमारी या थकान के यूं ही अपने पार्टर की केयर करें। उसे हेड मसाज दें, फूट मसाज दें या फुल बॉडी मसाज दें। आप चाहें तो साथ में डांस भी कर सकते हैं या योग भी कर सकते हैं...ये छोटी-छोटी चीजें करने से आपका रिश्ता नई ताजगी से भरा रहेगा। दिन की रोमांटिक शुरुआत के बाद साथ में शॉवर लेना, प्यार में से जा चुकी इंटिमेसी को भी दोबारा जिंदा करने में मदद करेगा। फिजिकल इंटिमेसी भी रिलेशनशिप का अहम पार्ट होता है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

किताबों मे दबी वह



किताबों मे दबी वह तस्वीर और कुछ सूखी प्राजक्ता की कलियाँ पलट गई है अब ,मुरझाती वह अनगिनित कलियाँ लिए अपनी सौंधी महक आज भी महकाती है मुझे और याद दिलाती है अंतिम वक्त का पलटना तुम्हारा।

– सुरेखा अग्रवाल

सत्य रूप में सुंदर है



सत्य रूप में सुंदर है तू अनंत अनादि शिव है तू नित्य-निरंतर शक्ति का जीवन का वरदान है तू निराकार तू साकार भी तू जन मानस का आधार भी तू शक्ति ,ब्रह्म,रूद्र रूप में शान्त जगत का अनमोल है तू अन्धकार में ज्योति का पुंज - प्रकाश का रूप है तू मृत्यु रूप विकराल का रुद्ररूप महाकाल है तू हे! देवों के देव कृपा निधान सब रूपों में महादेव है तू।

– मंजू चम्याल

खास पाती | प्यार का इख़्तियार देगा



प्यार का इख़्तियार देगा क्या कर्ज़ अपना उतार देगा क्या फूल चुन-चुन के रोज़ देगा जो ज़िन्दगी को सँवार देगा क्या जो दिलों में बढ़ा रहा नफ़रत वो दिलों को निखार देगा क्या जो जलाता रहा चमन को है वो फ़ज़ा में बहार देगा क्या जानता ही नहीं ए बी सी जो अक़्ल मुझको गँवार देगा क्या वो तिरंगे की शान में लिखकर मुल्क के नाम प्यार देगा क्या चैन लूटा है साज़िशों से जो आज दिल को क़रार देगा क्या लूट चारों तरफ़ है दुनिया में एक 'ऐनुल' सुधार देगा क्या।

– 'ऐनुल' बरौलवी

रोने गिड़गिड़ाने से वह वहां से नही हटेंगे



रोने गिड़गिड़ाने से वह वहां से नही हटेंगे । दिल्ली की महिला पुलिस आखिर किस मर्ज की दवा है । शाहीन बाग के बच्चों को सुरक्षित रखते हुये अपनी ' काबलियत ' दिखाये । यही कारगर विकल्प बचा है । लेकिन आदेश तो सरकार को ही देना होगा । सरकार ऐसा साहस जुटा पायेगी, इसमे संदेह है।

- एल.एस. बिष्ट

बाला साहेब वाले गुण अब राज ठाकरे में

बाला साहेब वाले गुण अब राज ठाकरे में दिखने लगे हैं, राज ठाकरे ने कहा वारिस पठान का स्वागत अब मुम्बई एयरपोर्ट पे करूँगा ! अब आगे खबर यह है कि वारिस पठान ने मुम्बई आने का कार्यक्रम रद्द कर दिया है और मोबाइल भी बन्द कर लिया ?? 15 करोड़ 100 करोड़ पर भारी बता रहा था अब एक से ही फटी पड़ी है ??

– रितेश सोनारे

दूर जख़्मों के भी नहीं रहता दर्द

दूर जख़्मों के भी नहीं रहता दर्द कमबख़्त भी नही सहता दिल के दो राहें पे सांसों के लिए रास्ता कोई भी नहीं रहता... ज़िंदगी ख़त्म भी नहीं होती मौत का भी भरम नहीं रहता मन सा कोई भी मन नहीं मिलता। – निरू श्रीवास्तव

आरंभ हैं शिव अंत हैं शिव



आरंभ हैं शिव अंत हैं शिव हर योनी का केंद्र हैं शिव पराकाष्ठा जिनकी दिव्य है हर मानव का सर्वस्व हैं शिव, अविरल सी जिनकी काया शमशान में जिनकी माया प्रचण्ड वेग सी जिनकी ज्वाला वो अखण्ड अग्नि हैं शिव, आदि से अनंत हैं शिव माँ पार्वती के आधे अशं हैं शिव लगा राख माथे पर शव की महाकाल का स्वरूप हैं शिव! - स्निग्धा रूद्रा

जलती है रूह मेरी युं लम्हा लम्हा



जलती है रूह मेरी युं लम्हा लम्हा तुम्हारी यादों की तपिश में.... जरा बताओ ना ससाहिब ये किस गुनाह की सजा दिये हो.... मैंने तो मांगी थी तुमसे दो पल की मुहब्बत तुम तो सदियों तक तड़पने की वज़ा दिये हो.... गर मुहब्बत गुनाह थी तो सजा मुकर्रर कर देते युं बेमकसद क्यों जीने की रजा दिये हो।– पूनम राजपूत

लोग कहे ला हमके अखबार गोरी

लोग कहे ला हमके अखबार गोरी, हम लगाई ला आग बरियार गोरी। एगो दिल रहे उहों तु चुरा ले गइलू, अब कइसे बनी हम दिलदार गोरी। जेकरे मन करे हमरा के लूट ले ला, कबो तु त कबो तहसीलदार गोरी। जब जब आई लभ्यू बोली के हंसे लू, पावेनी ना खुद के हम सम्हार गोरी।

-संजय सिंह राजपूत

QUIZ TIME

1) रजोनिवृत्ति की उम्र को कहा जाता है-
(क) 25-30 वर्ष (ख) 35-40 वर्ष (ग) 45-50 वर्ष (घ) 55-60 वर्ष
2) प्रसिद्ध टी. वी. धारावाहिक 'तंदूरी नाइट्स' का निर्देशन किसने किया?
3) भारत में आने वाला पहला अंग्रेजी जहाज कौन सा था? (रेड ड्रैगन / ब्लैक ड्रैगन)
4) 'आरेंज क्रांति' किस देश से संबंधित है?
5) भारतीय पुलिस अधिकारी और सेना के सिपाही का नाम बताइए, जो मुंबई पुलिस के सहायक उप-निरीक्षक के रूप में सेवा करता था और वह गिरगाम चैपाटी मुंबई में 2008 के मुंबई हमलों के दौरान आतंकवादियों से लड़ते हुए कार्रवाई में मारा गया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला - (1) 45-50 वर्ष (2) सईद जाफ़री (3) रेड ड्रैगन (4) यूक्रेन (5) तुकाराम ओम्बले

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1886 -अमेरिका के आविष्कारक और रसायनशास्त्री मार्टिन हेल ने अल्यूमिनियम की खोज की। 1945 -अमेरिका ने जापान के कब्जे वाले टापू ईवो जीमा पर अपना परचम फहराया। इस टापू की स्थिति सामरिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण थी। 1952 -कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम पारित किया गया। 1964- चीन ने अपनी स्थिति में बदलाव करते हुए कश्मीर मसले पर पाकिस्तान का खुलकर समर्थन किया। 1969-हिंदी सिनेमा की मशहूर और खूबसूरत अदाकारा मधुबाला का निधन। 1981 - स्पेन में दक्षिणपंथी सेना ने सरकार का तख्ता पलट दिया, जिससे राजनीतिक अनिश्चितता की स्थिति पैदा हो गई।

कर्मचारी संघ ने दोहराई अपनी मांगे

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा प्रांतीय आह्वान पर धरना प्रदर्शन कर शासन को लंबित मांगों को पूरा कराने हेतु मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर गजेन्द्र सिंह ठाकुर को ज्ञापन सौंपा गया। संघ की मांगों में सभी अधिकारी, कर्मचारियों को सेवाकाल में चार स्तरीय उच्चतर समयमान वेतन, अनियमित कर्मचारियों को नियमित, राज्य के कर्मचारियों के वेतन विसंगति की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रशासनिक सुधार आयोग का गठन को सावेजनिक करने,कर्मचारी हित की अनुशंसाओं को लागू और लिपिक सहित सभी संवर्गो की वेतन विसंगति को दूर करना, कर्मचारियों को देय 5 प्रतिशत महंगाई भत्ते का आदेश शीघ्र जारी कर कर्मचारियों को महंगाई से राहत प्रदान करना, पूर्व के लंबित 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते के एरियस का भुगतान, कर्मचारियों को पुनरीक्षित वेतनमान के अनुसार प्रासंगिक भत्तों का नए वेतनमान के अनुरुप पुनरीक्षण करने, पड़ोसी राज्य तेलंगाना एवं महाराष्ट्र के समान छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पदस्थ कर्मचारियों को नक्सल प्रोत्साहन भत्ता वेतन का 30 प्रतिशत, सभी विभागों में पदोन्नति की प्रक्रिया शुरु करने,कर्मचारियों को न्यूनतम प्रति माह 500 रू. मोबाइल भत्ता देय,अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण हेतु 10 प्रतिशत पद की शर्त को शिथिल किया जाए। इस दौरान छग प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष विजय लहरे, मनीष तिवारी, संरक्षक आरएस मक्कड़, प्रदीप सिंह चौहान, कुबेर सिंह (प्रदेश सचिव), अशोक दिल्लीवार, जीएस रावना, केपी पटेल. जेपी उपाध्याय, हर्षवर्धन श्रीवास्तव, अनिल टेम्बेकर, श्रीमती प्रतिभा श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र देशमुख, नवीन गुप्ता, छग अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के पदाधिकारी हरी शर्मा, अनुरूप साहू, सीएल निर्मलकर, एएम झा, अजीत गुप्ता, बहोर सिंह यादव, ओपी वर्मा, संतोष दुबे, दिनेश बावनेकर, अनियमित कर्मचारी संघ राखी शर्मा , संजीव राव चन्द्रकांत एवं अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

आयकर के नए प्रावधानों पर चर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। सीए ब्रांच द्वारा सीए भवन सिविक सेंटर में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें आयकर के नए प्रावधानों पर चर्चा के लिए स्टडी सर्कल मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर वक्ता इंदौर से आई सीए केमिशा सोनी एवं राजेश मेहता ने शिरकत की। इनके अलावा रीजनल काउंसिल के सदस्य शशिकांत चंद्राकर भी बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में मौजूद थे। पश्चात आगामी वित्तीय वर्ष के लिए नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें निवर्तमान पदाधिकारियों द्वारा नई कार्यकारिणी को पदभार सौंपा गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलन कर की गई। सेमीनार की शुरूआत करते हुए प्रथम सत्र में सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल की सदस्य केमिशा सोनी ने इंस्टीट्यूट द्वारा सीए सदस्यों के लिए जारी गाइडलाइन पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंस्टीट्यूट द्वारा सभी पंजीकृत सदस्यों के लिए नई गाईडलाइन जारी की गई जो कि 1 जुलाई 2020 से लागू हो जाएगी। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमेन सीए जेएल जैन, बस्तीमल सुराना, राकेश ढोढी, पारस छाजेड़, एससी लेखवानी, श्रीपाल कोठारी, हर्ष जैन, मिनेश जैन, आरके कोठारी सहित रायपुर ब्रांच चेयरमेन किशोर बरड़िया एवं सचिव रवि ग्वालानी एवं ब्रांच के सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण नितिन रूंगटा ने दिया। सेमीनार के पश्चात निवर्तमान पदाधिकारियों ने नई कार्यकारिणी को पदभार सौंपा। नई कार्यकारिणी में सीए अमित राय अध्यक्ष, दीपक जैन उपाध्यक्ष, प्रफुल्ल कोठारी सचिव, नितिन रूंगटा कोषाध्यक्ष एवं संजय खाण्डवे सिकासा चेयरमेन चुने गए हैं।

न्यूज गैलरी

विल्स हीरो होण्डा शो रूम से जुर्माना

दुर्ग। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अमला ने संतराबाड़ी में स्थित उत्सव विल्स हीरो होण्डा शो रुम से 4 सौ जुर्माना वसूल किया। आयुक्त इंद्रजीत बर्मन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा शंकर नाला में नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया जा रहा था इस दौरान पाया गया कि उत्सव विल्स हीरो होण्डा शो रुम का कर्मचारी ने दुकान का कचरा नाला में लाकर डाल दिया। स्वास्थ्य अधिकरी दुर्गेश गुप्ता ने स्वच्छता निरीक्षक मेन सिंग मंडावी, राजेन्द्र सराटे, दरोगा सुरेश भारती कके साथ दुकान में जाकर दुकान मालिक से कचरा नाला में डालने के कारण जुर्माना रसीद काटे। स्वास्थ्य अधिकारी ने समझाईश देते हुए बताया कि नाला और नाली में कचरा डालना प्रतिबंधित है।

कल प्रथम सम्मेलन का आयोजन

दुर्ग। जिला पंचायत दुर्ग का प्रथम सम्मिलन 24 फरवरी 2020 को आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा कार्यभार ग्रहण किया जायेगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा किया जायेगा। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम के अंतर्गत सम्मिलन की प्रक्रिया व काम काज का संचालन के संबंध में चर्चा की जाएगी।

भाजपा ने राज्य सरकार की कार्यशैली पर उठाए सवाल

धरना देकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। बस्तर संभाग के केशकाल में किसानों पर हुए लाठीचार्ज, धान खरीदी में अव्यवस्था और किसानों के साथ विश्वासघात करने के विरोध में जिला भाजपा किसान मोर्चा ने शनिवार को हिन्दी भवन गांधी प्रतिमा के पास धरना देकर प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार के खिलाफ जमकर आक्रोश जताया। धरना उपरांत भाजपा नेताओं व कार्यकर्त्ताओं ने रैली की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से पूर्ण करने पर जोर दिया।

यह धरना जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष रत्नेश चंद्राकर के नेतृत्व में किया गया। इसके पहले धरना को भाजपा नेताओं ने संबोधित कर भूपेश बघेल सरकार के कार्यशैली को जमकर कोसा। भाजपा नेताओं का कहना था कि भूपेश बघेल सरकार ने विधानसभा चुनाव में किसानों से बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन इन वादों को पूरा करने के बजाय राज्य सरकार ने किसानों को आफत में डाल दिया है। किसान अपना हक मांगने जाता है, तो राज्य सरकार उन पर लाठियां बरसा रही है। केशकाल की घटना इसका बड़ा उदाहरण है। धरना में जिला भाजपाध्यक्ष उषा टावरी, पूर्व अध्यक्ष जागेश्वर साहू, पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, पूर्व जनपद अध्यक्ष संतोषी देशमुख, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी सतीश समर्थ, संतोष सोनी, राजेश ताम्रकार, विनायक ताम्रकार, दिनेश देवांगन, विनायक नातू, सतविंदर सिंह, ललित चंद्राकर, अजय तिवारी, नितेश साहू, लुकेश बघेल, राजा महोबिया, दीपक चोपड़ा, अनूप गटागट, संदीप लुहाड़िया, अभिषेक गुप्ता, संदीप भाटिया, डोमार सिंह वर्मा, मुकेश बेलचंदन, कृष्णा देशमुख, शिव चंद्राकर, बीना सोनी, गायत्री साहू, के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता जुटे।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान का हुआ शुभारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल विज्ञान महाविद्यालय के राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा गांधी जयंति के 150 वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में पहुंचे जहां उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए श्री वोरा ने कहा कि संसदीय व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण स्थान होता है मतदाताओं के विश्वास पर खरा उतरना और अपने क्षेत्र के विकास के लिए जनहितैषी मुद्दों को उठाना एक महती जिम्मेदारी है साथ ही उन्होंने छात्रों को संसदीय प्रक्रियाओं में प्रश्नकाल, शून्यकाल, स्थगन, ध्यानाकर्षण के महत्व की भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। महापौर बाकलीवाल ने आयोजन की तारीफकरते हुए कहा कि छात्रों की युवा संसद में उनकी तैयारियों से वास्तविक संसद का अहसास हो रहा है युवाओं को भविष्य में जिम्मेदारी लेनी है अतः ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अजय मिश्रा व राजनीतिशास्त्र विभाग की अध्यक्ष वेदवती मंडावी, प्रोग्राम के समन्वयक डॉ शकील हुसैन, प्रभारी प्राचार्य डॉ सिद्धिकी, डॉ राजेन्द्र चौबे, डॉ खान, डॉ गुप्ता, डॉ कश्यप और सभी छात्र छात्राएं बड़ी संख्यामें उपस्तिथि थे। विधायक व महापौर ने प्राथमिक शाला कसारीडीह से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान की शुरुवात की। अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी, शासकीय व निजी स्कूलों में अध्यनरत 3 से 19 वर्ष के 7 लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल गोली का सेवन कराया जाएगा। वोरा ने कहा कि बच्चे समाज का भविष्य हैं कृमि होने से बच्चों को पेट दर्द, भूख की कमी, पढ़ाई एवं खेलकूद में अरुचि की शिकायत होती है।

लखनऊ रनवे फैशन शो में जलवा बिखेरेंगे जिले के अजीत

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। लखनऊ में 23 फरवरी को लखनऊ रनवे फैशन नाइट शो का आयोजन होने वाला है। जहाँ हमारे दुर्ग के अजीत जेन्डन अपना जलवा बिखेंगे। फैशन शो में अजित मॉडल व एक्ट्रेशन हिमांसी खुराना के साथ रैंप वॉक करेंगे। गौरतलब है किए दुर्ग बोरसी निवासी अजीत मैन फिजिकल फिटनेश मॉडल प्रतियोगिता मिस्टर छत्तीसगढ़ में फस्ट रनरअप की उपाधि पहले ही पा चुके है। इसके बाद अजीत को अब दूसरी बड़ी उपलब्धि मिली है। इसके बाद लखनऊ में आयोजित होने वाले रनवे फैशन नाइट शो में भी अजीत का सलेक्शन हो गया है। अब वे 23 की रात आयोजित शो में मॉडल व एक्ट्रेशन हिमान्सी खुराना के साथ रैम्प वाक करेंगे। मॉडल व एक्ट्रेशन हिमान्सी खुराना बिग बॉस सीजन 13 में थी। पंजाबी फिल्मों में काम करती है साथ ही वह लखनऊ में आयोजित इस रनवे फैशन नाइट शो की शो टॉपर रहेंगी। इस शो में छत्तीसगढ़ भर में सिर्फ अजीत ही है, जिनका सलेक्शन हुआ। प्रदेश का कोई भी युवा सलेक्ट नहीं हो पाया है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
739/अ-2 /2019-20	शशि गुप्ता	2020002100400231

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक शशि गुप्ता जौ. विजय कुमार गुप्ता निवासी म.न. 55 ओल्ड नेहरु नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम खम्हरिया प.ह.न. 21 तह.व जिला दुर्ग	485/6 486/5	0.055 हें 0.045 हे.	आवासीय
	कुल 0.100/10760 वर्गफीट		

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
740/अ-2 /2019-20	नितिन गुप्ता	2020002100400232

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक नितिन गुप्ता आ. विजय कुमार गुप्ता निवासी म.न. 55 ओल्ड नेहरु नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम खम्हरिया प.ह.न. 21 तह.व जिला दुर्ग	485/5 486/4	0.055 हें 0.045 हे.	आवासीय
	कुल 0.100/10760 वर्गफीट		

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
741/अ-2 /2019-20	पंखुरी गुप्ता	2020002100400

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका पंखुरी गुप्ता पति नितिन गुप्ता निवासी म.न. 55 ओल्ड नेहरु नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम खम्हरिया प.ह.न. 21 तह.व जिला दुर्ग	485/2 486/2	0.055 हें 0.045 हे.	आवासीय
	कुल 0.100/10760 वर्गफीट		

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
742/अ-2 /2019-20	विजय कुमार गुप्ता	2020002100400

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक विजय कुमार गुप्ता आ. मेठ बालकृष्ण निवासी म.न. 55 ओल्ड नेहरु नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम खम्हरिया प.ह.न. 21 तह.व जिला दुर्ग	485/7 486/6	0.055 हें 0.045 हे.	आवासीय
	कुल 0.100/10760 वर्गफीट		

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रेखा हेडाऊ अन्य 2 पति स्व. सुरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 60/96 शामिल 61/96 रकबा 0.010 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार सुरेन्द्र कुमार हेडाऊ आ. वामन राव हेडाऊ की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./686/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश यादव पिता स्व. भोला शंकर निवासी ग्राम पुलगांव तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पुलगांव तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 215/10 रकबा 0.0280 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार लवकुश यादव आ. भोला शंकर की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./664/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रणधीर सिंह पिता स्व. प्रहलाद सिंह निवासी ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 707/46, 767/132 रकबा 0.012, 0.007 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार बिमला बाई पति रणधीर की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./650/अ-2/2019-20
पंजी. नं. 202002100400145

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती मीना जैन पति श्री राजेन्द्र जैन निवासी ऋषभ नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कसारीडीह प.ह.न. 25 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 492/2 रकबा 0.041 हें/ 4500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं PRIYANKA MADANLAL MONGA D/O MADANLAL MONGA निवासी 12/5, DIN DAYAL PURAM, WARD NO.-38, KHURSIPAR BHILAI DISTT-DURG CG.490011 यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को विवाह पश्चात त्याग कर नया नाम PRIYANKA SURI W/O VARUN SURI रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम PRIYANKA SURI W/O VARUN SURI से ही जाना पहचाना जाये।

PRIYANKA SURI
12/5, DIN DAYAL PURAM,WARD NO.-38, KHURSIPAR BHILAI DISTT-DURG CG.490011

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./743/अ-2/2019-20
पंजी. नं. 202002100400239

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती प्रभा देवांगन पति श्री विरेन्द्र देवांगन निवासी रुआबांधा बस्ती भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 28/39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 602/54 रकबा 0.010 हें/ 1100 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./744/अ-2/2019-20
पंजी. नं. 202002100400240

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक सरजीत सिंह आ. मालिक सिंह निवासी जी/1 आदर्श नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम मोहलई प.ह.न. 06 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 132/9 रकबा 0.02 हें/ 1856 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./745/अ-2/2019-20
पंजी. नं. 202002100400241

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती भगवंतीन बाई पति श्री दुजराज निवासी उमरपोटी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 826/8 रकबा 0.01 हें/ 1000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./663/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कुंती पति सेतराम निवासी ग्राम डिपरापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 602/17 रकबा 0.012 भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/ वसीयतकर्ता रहिपाल आ. हरिलाल निर्मलकर के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 14.03.2019 को पंजीकृत/ अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/ अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विरेन्द्र पटोरिया पिता रतनचंद पटोरिया निवासी ग्राम स्टेशन रोड दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1342/22 रकबा 0.045 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार रचनचंद आ. कुशाल चंद की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.02.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.// वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भगवान सिंह साहू पिता मिलऊ राम साहू निवासी वार्ड 55 बघेरा दुर्ग मौजा बघेरा प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 38/3, 38/12, 295/6 रकबा 0.186, 0.146, 0.016 हें के नाम पर दर्ज है। भूमि स्वामी की मृत्यु दिनांक 30.09.2019 को हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.02.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्व्यं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./30/अ-6 अ/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कु. वत्सला अग्रवाल उर्फ वसुंधरा अग्रवाल पिता स्व. भुनेश्वर प्रसाद अग्रवाल निवासी सारथी पारा मठपारा वार्ड क्र. 03 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम दुर्ग प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 46/1 का टुकड़ा जिसका वर्तमान खसरा नं. 46/180 है। यह की आवेदिका के पिता स्व. भुनेश्वर प्रसाद अग्रवाल द्वारा दिनांक 17.06.1994 को आवेदिका एवं अन्य 02 के नाम से क्रय किया गया है। चूंकि आवेदिका का दोनो नाम प्रचलित था आवेदिका को घर में वत्सला के नाम से पुकारा जाता था तथा स्कूल रिकार्ड में वसुधरा अग्रवाल के नाम नामांकित है। भूमि क्रय करते समय आवेदिका के पिता द्वारा घरेलू नाम से ही भूमि क्रय किया था। उपरोक्तानुसार आवेदिका द्वारा वर्णित भूमि के समस्त राजस्व अभिलेखों में वत्सला अग्रवाल के स्थान पर वसुंधरा अग्रवाल दर्ज कराने हेतु आवेदन मय दस्तावेज के साथ न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 09.03.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.02.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./98/अ-20(1) वर्ष 2019-20

आवेदिका श्रीमती राजबती साहू पति स्व. धरमदास निवासी सिकोला बस्ती दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित मोहल्ला सिकोलाबस्ती नजूल शीट क्रमांक 71 बी भूंखड क्र 16/2 क्षेत्रफल 248.33 वर्गमीटर आवासीय/ व्यवसायिक भूखण्ड स्थाई नजूल पट्टे पर उन्हे प्राप्त है, जिसकी पट्टा अवधि 31.03.2032 है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 04-07/7-1/2019 दिनांक 11.09.2019 एवं 26.10.2019 में जारी निर्देशों के अनुक्रम में धारक/ पट्टेदार द्वारा शासन की शर्तो के अनुरुप उक्त भूखण्ड का भूमिस्वामी अधिकार प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27.02.2020 या इसके पुर्व इस न्यायालय में स्वतःया किसी अधिकृत व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। इसके पश्चात् प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.02.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
738/अ-2 /2019-20	देवेन्द्र पाल सिंह लूथरा	2020002100400

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक देवेन्द्र पाल सिंह लूथरा आ. श्री एच.एस. लूथरा निवासी ओम नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	223/52	0.029 हें 3150 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक डोमन सिंह देशमुख आ. पंचराम साकिन भानपुरी के द्वारा ग्राम भानपुरी प.ह.न... रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 510/10 रकबा 0.040 हे. भूमि विक्रेता सनत कुमार आ. गुंजनू राम से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 11.04.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 29.02.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 17.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 202002101400011/118
विषयः अ-06 अ वर्ष 2019-20
मचान्दुर प.ह.न.00047 (हे.)
पक्षकारों का विवरण :
आवेदक पक्षकार- अशोक सिंह राजपूत
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक सिंह राजपूत पिता श्री पुरुषोत्तम राजपूत निवासी ग्राम ठिकरापारा बोरियाखुर्द तहसील व जिला रायपुर के द्वारा मौजा ग्राम मचांदुर प.ह.न. 47 स्थित भूमि खसरा नंबर 548/1, 620/3 कुल खसरा नंबर 02 कुल रकबा 0.980 हें भूमि गज्जू सिंह, चम्पेश्वर पिता परसोत्तम व नाबा. सुरज, नाबा. होमन पिता संतोष पालक मां शीश बाई बेवा संतोष के नाम से शामिलात खाता में दर्ज है। वर्तमान में राजस्व रिकार्ड में घरेलू नाम गज्जू सिंह, नाबा. सूरज, नाबा. डामन वली पाकल मां शशि बाई बेवा संतोष वास्तविक एवं सही नाम अशोक सिंह राजपूत, सुयश सिंह राजपूत, बालिक 11.10.1998 सुधीर सिंह राजपूत बालिक 21.01.2002 वास्तविक सही नाम एवं नाबालिग से बालिग दर्ज किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.02.2020 तक स्वयं अथना अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.02.2020 को जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

ट्रक हटाने की बात पर दुकानदार से मारपीट

महासमुंद। दुकान के सामने खड़े ट्रक को हटाने की बात पर चालक और परिचालक ने एक दुकानदार से मारपीट की। दुकानदार ने इसकी शिकायत बागबाहरा थाने में दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी श्याम की एनएच 353 में शेरे पंजाब ढाबा के पास श्याम एल्यूमिनियम सेक्शन नामक दुकान है। 20फरवरी की सुबह जब श्याम दुकान खोलने के लिए पहुंचा तो वहां ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेडी 5284 खड़ा था। श्याम ने ड्राइवर से गाड़ी हटाने के लिए कहा। इसी बात से चालक और परिचालक उससे मारपीट करने लगे। घटना में श्याम के नाक, दाहिने हाथ और सोल्डर में चोटें आई हैं। श्याम ने मामले की लिखित शिकायत थाने में दर्ज कराई है।

गाली-गलौज, ट्रैक्टर के इंजन में तोडफोड़

महासमुंद। कोमाखान थाना क्षेत्र के चिंगरिया गांव के उपसरपंच के घर पहुंचकर गाली-गलौज और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने चार के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी शेषनारायण चंद्राकर ने कोमाखान थाने में शिकायत दर्ज कराई कि 20 फरवरी की रात मोखा निवासी गोविंद चन्द्राकर और चिंगरिया निवासी अनिल साहू, अशोक, कृष्णा साहू घर के सामने आए और मेरे पिता उपसरपंच मोहित चन्द्राकर का नाम लेकर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। जब हमने दरवाजा नहीं खोला तो चारों ने मिलकर घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर की इंजन में तोड़फोड़ की। पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है।

सात जुआरी पकड़ाए, 7 हजार रुपए बरामद

महासमुंद। नाला किनारे जुआ खेल रहे सात लोगों को पुलिस ने दबिश देकर पकड़ा। बसना थाना क्षेत्र के ग्राम पीपलखुंटा अंधेरीडिपा नाला के पास गुरुवार शाम सवा 6 बजे कुछ व्यक्ति जुआ खेल रहे थे। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर जुआरियों को पकड़ा। कुछ जुआरी भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने बताया कि जुआरियों में पीपलखुंटा निवासी नेमीचंद पिता गाड़ाराम मानिकपुरी, पठियापाली निवासी विशेषर नायक पिता इंद्रो नायक, जगदीश दास पिता करमू दास,रामप्रसाद मानिकपुरी पिता बोधराम मानिकपुरी, जलकोट निवासी रामजी नंद पिता जलबंद नंद और बरपेलाडीह निवासी नरोत्तम पटेल पिता गजपति पटेल और बसना निवासी कबीर दास पिता मोहन दास को ताश खेलते पकड़ा। इनके कब्जे से नगदी 7090 रुपए व ताशपत्ती बरामद की। सभी के खिलाफजुआ एक्ट 13 के तहत कार्रवाई की गई।

नाबालिग लापता

महासमुंद। पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम छिलपावन में नाबालिग के गुम होने का मामला सामने आया है। प्रार्थी की शिकायत पर पटेवा पुलिस अपहरण का मामला दर्ज कर नाबालिग की खोजबीन कर रही है।

सब्जी बाजार से बाइक पार

महासमुंद। सब्जी मार्केट के पार्किंग शेड में खड़ी दोपहिया अज्ञात ने पार कर दी। कांपा निवासी पवन भारती पिता आशाराम भारती सब्जी विक्रेता हैं। 18 फरवरी को वह सब्जी खरीदने बिरी बाई सब्जी बाजार पहुंचा था। अपनी दोपहिया क्रमांक सीजी 04 एचके 3423 को खड़ी कर सब्जी लेने चला गया। कुछ देर बाद लौटा तो बाइक गायब थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

जहर गटककर कर दी जान

महासमुंद। पिथौरा थानाक्षेत्र के बरतुंगा में एक युवक ने जहर सेवन कर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि बरतुंगा आमापारा निवासी गोविंद यादव पिता स्व कामता यादव (35) ने 19-20 फरवरी की रात जहर सेवन कर ली। उन्हे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां, चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

ढाबा से अंग्रेजी शराब बरामद

महासमुंद। बसना पुलिस ने अग्रसेन भवन के बाद साहू ढाबा से अंग्रेजी शराब बरामद की। पुलिस ने बताया कि यहां अवैध रूप से शराब बिक्री की सूचना पर गुरुवार अपरान्ह 4 बजे ढाबा में दबिश देकर बसना आदर्शनगर निवासी ज्ञानचंद साहू (58) के कब्जे से 2.160 लीटर अंग्रेजी गोवा शराब बरामद कर आबकारी एक्ट 34 ए के तहत कार्रवाई की।

विद्यार्थियों ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

बेलसोंडा। ग्राम सारादीह में 14 फरवरी को मिडिल स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने भारतीय सेना के अलग-अलग बटालियन के जम्मू कश्मीर क्षेत्र में मुठभेड़ में शहीद 42 जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उन्होंने शहीद जवानों के प्रति संवेदना जताई और एक साथ कहा कि पूरा देश जम्मू कश्मीर के पुलवामा में शहीद जवानों की शहादत में देश की नींव रखी गई है। इस अवसर पर सभी बच्चों ने देश की बाह्य और आंतरिक सुरक्षा की शपथ ली।

चर्म रोग जांच आज

महासमुंद। स्थानीय मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में 23 फरवरी रविवार को चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ अखिलेश शुक्ला (एमबीबीएस एमडी) रायपुर अपनी सेवाएं देंगे। जांच पंजीयन हेतु महासमुंद मेडिकल स्टोर्स इंदिरा मार्केट में 07723-222226 में संपर्क किया जा सकता है।

एसिड हमला पीड़ितों के प्रति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने की पहल

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव एवं पुलिस विभाग राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में एसिड हमलों से पीड़ितों की सुरक्षा के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। नालसा की योजना एसिड हमलों से पीड़ितों के लिए विधिक सेवा योजना 2016 के अंतर्गत पैरालीगल वालिंटियर्स घर-घर एवं गांव-गांव जाकर महिलाओं की सुरक्षा हेतु जागरूक करेंगें।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण मिश्रा के कहा कि भारत संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रत्येक व्यक्ति को जीवन और स्वतंत्रता जीवन जीने का अधिकार है। एसिड हमलों के

पीड़ितों सहित सभी के सम्मान के साथ जीने का अधिकार है। स्त्री का स्वरूप भारत मातृ एवं देवी का है। चाहे वो बहन, बेटी, पत्नी व माता के रूप में है। जिस पर कभी भी अत्याचार नहीं करना चाहिए बल्कि उन्हें सदैव प्रसन्न रखना चाहिए। इस प्रकार प्रत्येक पुरुष वर्ग के भविष्य में समृद्धि एवं खुशहाली पा सकेगें।

हम समझते है कि व्यभिचार, पुरूषों के प्रस्तावों को ठुकराने जैसे विभिन्न कारणों से और घरेलू हिंसा के रूप में भी महिलाओं पर एसिड फेंकना महिलाओं पर हमले का सर्वाधिक जघन्य रूप हैं। 'एसिड हमला एक अपराध है जो किसी पुरुष अथवा महिला के प्रति किया जा सकता है, रिपोर्ट किये गये मामलो में अधिकांशः एसिड हमले प्रेमियों के प्रस्ताव को ठुकराने जाने, विवाह के प्रस्तावों को अस्वीकार किये जाने, दहेज न देने आदि के कारण, महिलाओं पर विशेष रूप से, युवतियों पर किये गये हैं।

6 माह से धूल फांक रही एक्स-रे मशीन

■ अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे मरीज

■ सीएमएचओ से टेक्नीशियन की नियुक्ति की मांग

कसडोल। यदि आप सीएचसी कसडोल में एक्स-रे कराने के लिये दर दर भटक रहे हैं, और एक्स-रे के लिए 30 किलोमीटर की दूरी तय कर मुख्यालय जा रहे है। तो इसके लिए सरकार नहीं बल्कि अस्पताल प्रबंधन दोषी है। ऐसा इसलिए क्योंकि रोगियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने सीएचसी लवन, बिलाईगढ़ को छोड़कर कसडोल में एक्स-रे मशीन की सुविधा दी है लेकिन यहाँ 6 माह पहले टेक्नीशियन का स्थानान्तरण अन्यत्र जगह होने के कारण पद रिक्त पड़ा हुआ है। मजे की बात तो यह है कि यहाँ सरकार ने मशीन और टेक्नीशियन दोनों की सुविधा दिया है लेकिन सीएचसी लवन और बिलाईगढ़ में मशीन न होने के कारण भी वहाँ टेक्नीशियन मौजूद है, जो अब अपना मूल काम को छोड़कर अन्य काम करके ही सरकार का वेतन ले रहें है। अचरज की बात तो यह है कि यहाँ यह समस्या 6 माह से ऊपर हो गया लेकिन अभी तक किसी भी जिम्मेदारों ने संज्ञान नही लिया है।

मरीज हो रहे परेशान

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाली का बदस्तूर जारी है।स्वास्थ्य सेवाओं का लंबे समय से अभाव बना हुआ है अभाव दूर तो नहीं हुआ ऊपर से 6 माह से रेडियो ग्राफर का पद रिक्त चल रहा है तबादला उद्योग के भेंट चढ़ गया। स्वास्थ्य केंद्र में एक्सरे नहीं होने से मरीज परेशान है। उन्हें बलौदाबाजार रेफर किया जा रहा है। विगत 6 माह से बिना रेडियोग्राफर के स्वास्थ्य केंद चल रहा है। यहाँ टेक्नीशियन का तबादला हो जाने के बाद अब एक्स-रे मशीन धूल खा रही है। घायल मरीज परेशान है बलौदाबाजार यह अन्य जगहों पर जाने को मजबूर है।

दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति का नहीं हो पा रहा एक्स-रे

बलौदाबाजार से गिधौरी तक जबसे एडीबी ने सड़क का निर्माण किया है लगातार इस मार्ग में हादसों का ग्राफबढ़ा हुआ है। ऐसे में प्रतिदिन कई लोग सड़क दुर्घटना का शिकार हो रहें है। यदि इन सड़कों के हादसों पर गौर करें तो 1 वर्ष में सैकड़ों मासूमों ने अपनी जान गवा दी। ऐसे में जब कोई व्यक्ति दुर्घटना का शिकार कसडोल सीएचसी पहुँचता है तो उन्हें डाक्टरों द्वारा बिना एक्सरे के ही इलाज किया जाता है जिससे हादसों के शिकार या अन्य चोटिल एवं गम्भीर लोग मामले में लोगो के एक्स-रे नहीं हो पा रहे। जिससे कहीं न कहीं दुर्घटनाग्रस्त मरीज भुगत रहे है।

एक्स-रे टेक्नीशियन का ट्रांसफर 6 माह पहले होने के कारण पद रिक्त पड़ा हुआ है हमारे द्वारा 2 बार वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखकर टेक्नीशियन की मांग की गई है। जल्द ही जेडीएस के माध्यम से टेक्नीशियन की नियुक्ति की जाएगी।

डॉ सी एस पैकरा, बीएमओ, सीएचसी कसडोल

लवन और बिलाईगढ़ में से एक टेक्नीशियन छुट्टी पर चल रही है, जिसके कारण यह समस्या आ रही है, मैं बीएमओ से जेडीएस के माध्यम से कोई आस्थाई कर्मचारी की नियुक्ति के लिए कहता हूँ।

के. आर. सोनवानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बलौदाबाजार

डॉ सी एस पैकरा, बीएमओ, सीएचसी कसडोल

एक्स-रे टेक्नीशियन कसडोल में नही होने की जानकारी आपके माध्यम से मिल रही है, मैं तुरंत स्वास्थ्य विभाग कसडोल और बलौदाबाजार के अधिकारियों से चर्चा कर जल्द ही नियुक्ति की व्यवस्था कराती हूँ।

सुश्री शकुंतला साहू, विधायक, कसडोल

ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा

नवप्रदेश संवाददाता

बोड़ला। विकासखंड के वनांचल में स्थित तरेगांव जंगल थाना क्षेत्र में शाम 6:00 बजे बॉक्साइट से भरी ट्रक ने एक बाइक सवार युवक को रौंद दिया।दलदली माइंस से बॉक्साइट लोड कर आ रही तेज रफ्तार वाहन के कारण साप्ताहिक बाजार में आया युवक की जान हादसे में चली गई, युवक की पहचान पास के ही गांव भरतपुर के रहने वाले के रूप में हुई है।हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने ट्रक को घेर लिया और सड़क पर ही प्रदर्शन करने लगे जिससे कुछ देर के लिये आवागमन बाधित रहा।आरोपी वाहन चालक द्वारा बड़ी मुश्किल से भागकर थाने में आत्मसमर्पण कर जान बचाई।ट्रक क्रमांक cg09,3725 बाक्साइट लोड कर दलदली से बोड़ला की ओर आ रहा था, तेज रफ्तार में होने से ट्रक ने बाइक सवार को अपने चपेट में ले लिया ।बाइक सवार युवक की मोटरसाइकल दूर छिटक गया और उसका सिर ट्रक के पहिये के नीचे आ गया जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई।हादसे से गुस्साए भीड़ ने हंगामा करना शुरू कर दिया जिसे पुलिस की तत्परता से काबू पा लिया गया और रुके हुए ट्रैफिक जाम को हटाया गया जिससे यातायात व्यवस्था सुगम हो गया।घटना के विषय में जानकारी देते हुए तरेगांव थाना प्रभारी संग्राम सिंह ने बताया कि तेज रफ्तार के चलते घटना घटी, परिजन ने मामले की गंभीरता को लेकर तत्काल लोगों को समझाइश देकर शान्ति व्यवस्था बनाये जाने की बात की जा रही थी ,वहीं लोगो के बढ़ते भीड़ को लेकर जिला मुख्यालय में सूचना देकर अतिरिक्त पुलिस बल बुला लिया गया था।आगे वाहन चालक पर मामला दर्ज कर जांच प्रारम्भ कर दिया गया है।

जिला जिम संचालक संघ का गठन

राजनांदगांव। होटल अवाना में जिला जिम संचालक संघ की मिटिंग हुई। बैठक में बहुत से विषयों पर चर्चा हुई कि कैसे हम जिले के ज्यादा से ज्यादा लोगों को फिटनेस से जोड़ सके। साथ ही संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव आदि पदों का चुनाव हुआ जिसमें बॉडी टेक जिम के संचालक अमित आजमानी को बहुमत के साथ अध्यक्ष पद का भार सौंपा गया। उपाध्यक्ष पद पर एक्सपर्ट जिम के संचालक अनुभवी सीनियर व बॉडी बिल्डर तामेश्वर बंजारे व बीआईपी जिम के संचालक नीरज कन्नौजे को नियुक्त किया गया।

धीवर समाज ने किया प्रसाद वितरण

महासमुंद। स्थानीय सितली नाला स्थित शिव मंदिर प्रांगण में धीवर समाज ने प्रतिवर्ष की भांति पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर समाज संरक्षक मंगलूराम धीवर, अध्यक्ष डोमार सिंग धीवर, सदस्य अर्जुन जलक्षत्री, कन्हैया धीवर, श्यामलाल जलक्षत्री, मुन्ना धीवर, संतोष धीवर, छोटेलाल धीवर, तोषण धीवर, भूपेंद्र, योगेश, जयप्रकाश, तारक, जानी घनश्याम ढीमर, पुरुषोत्तम जलक्षत्री, विनोद जलक्षत्री, लक्ष्य निषाद, भूषण तारक, खुमन, चोवाराम, पिंटू, विष्णु सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

नपाध्यक्ष ने सफाई कार्य का लिया जायजा

महासमुंद। नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर, पार्षद महेंद्र जैन ने वार्ड 20 में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि वार्ड के कई हिस्सों में सालों से नाली की सफाई नहीं की गई है। पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने नाली में मलमा डालने वाले लोगों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। पालिका अध्यक्ष एवं पार्षद ने वार्ड के रहवासियों से अपील की है कि अपने घर का कचरा नालियों में न डालें। क्लीन सिटी के डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाहनों में ही कचरा डालने कहा।

सात दिन में ही उखड़ने लगा सड़क का डामर

छुरा। ब्लाक में पीएमजीएसवाई विभाग (प्रधानमंत्री ग्राम सड़क) के द्वारा साजापाली- गोंदलाबाहरा मार्ग पर सड़क का डामरीकरण 10-15 दिनों पहले ही इस विभाग द्वारा करवाया गया था। जो 7 दिनों के बाद ही डामरीकरण उखड़ने लगा है एवं उसके बजरी चार पहिया वाहनों के वहां से गुजरने पर उखड़ कर धूल भरी दिखाई दे रहे हैं। इससे परिसर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के अधिकारियों एवं ठेकेदार की मिलीभगत की चर्चा

जोर पकड़ने लगी है। ना तो इस कार्य में कोई स्थल बोर्ड लगाए गए हैं और ना ही यह कार्य विभाग के किसी अधिकारियों के देखरेख में हुआ है। इससे लोग इस कार्य में भारी भ्रष्टाचार की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। 7 दिनों में ही नए किए गए डामरीकरण उखड़ने लगा है। ग्रामीणों की मांग है कि इस घटिया डामरीकरण कार्य की जांच कराए जाए एवं इस भ्रष्टाचार में शामिल दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही किया जाए; इस भ्रष्टाचार की मूल कारण 15 -20 वर्षों से गरियाबंद जिले में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी हैं जिन को राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है जब तक अधिकारियों का स्थानांतरण गरियाबंद जिले से बाहर अन्य जिले में नहीं किया जाएगा तब तक इसी प्रकार का भ्रष्टाचार चलता रहेगा। इस संबंध में श्री प्रदीप कुमार वर्मा; कार्यपालन अभियंता; प्रधानमंत्री ग्राम सड़क जिला गरियाबंद के अनुसार 400 मीटर पर ही डामरीकरण खराब बनाए गए हैं जिसे ठेकेदार द्वारा सुधार करवाया जाएगा।

स्टेशन में अब मिलने लगेगा देवभोग से बने प्रोडक्ट

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। भाटापारा रेलवे स्टेशन पर यात्रियो को मिलने वाली सुविधा में बढ़ोत्री करते हुए महाशिवरात्रि वाले दिन देवभोग प्रोडक्ट का शुभारम्भ स्टेशन प्रबन्धक अजय कुमार ने फीता काट कर किया। स्थानीय प्लेटफार्म नंबर 3 चार में रेल यात्रियो के खान पान सुविधा में शनिवार से विस्तार किया गया है।

रेल सूत्रो ने बताया की देवभोग प्रॉडक्ट के अंतरगत खाने और पिने के सभी खान पान स्टाल का शुभारम्भ स्टेशन मेनेजर अजय कुमार ने किया,उन्होंने बताया की रेल यात्रियो को खान पान की एक अतिरिक्त सुविधा इस स्टाल से मिलने लगेगी। इस दौरान कई यात्रीगण उपस्थित थे।

जिला स्तरीय चयन समिति बैठक 27 को

बलौदाबाजार। जिला सहकारी अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों चयन के लिए बैठक रखा गया है। बैठक 27 को सुबह 11 बजे से कलेक्टोरेट प्रगति सभा कक्ष में होगी। बैठक में वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ के लिए दिये गये आवेदन कर्ताओं में से चयन किया जायेगा।

नपाध्यक्ष ने नगरवासियों के लिए मांगी सुख, समृद्धि

महासमुंद। देवांगन समाज द्वारा शुक्रवार को नगर में मां परमेश्वरी की शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने एकता चौक पहुंचकर मॉं परमेश्वरी महापुराण की पूजा-अर्चना की। पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने पांच दिवसीय मां परमेश्वरी देवी महापुराण के आयोजन के लिए देवांगन समाज के पदाधिकारियों को बधाई दी। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि महासमुंद को देवी-देवताओं का गढ़ माना जाता है। यहां के लोगों में अपार भक्ति भावना है। बता दें कि 17 फरवरी से देवांगन समाज द्वारा इमलीभाठा में मां परमेश्वरी महापुराण का आयोजन किया गया। शोभायात्रा शुक्रवार को परमेश्वरी भवन से निकाली गई। पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने महाशिवरात्रि पर नगर के विभिन्न देवालयों में जाकर शिवलिंग पर गंगाजल एवं पंचामृत से अभिषेक किया। उन्होंने नगरवासियों के लिए सुख, समृद्धि एवं स्वास्थ्य रहने की कामना की। इस अवसर पर सभापति संदीप घोष, प्रह्लाद यादव, द्वारिका साहू, सुखचंद देवांगन, गौतम बुंदेल, नरेश नायक, शुभम सेन, अमन मक्कड़ आदि उपस्थित थे।

हॉकी प्रतियोगिता रोमांचक मुकाबले में कपूरथला ने यूनियन बैंक को और मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी ने सेंट्रल रेल्वे मुंबई को हराया

कपूरथला और मध्य प्रदेश सेमी फाइनल में पहुंचे

राजनांदगांव। संघर्षपूर्ण रोमांचक मुकाबले में आरसीएफ कपूरथला ने यूनियन बैंक ऑफमुंबई को एक मात्र गोल से पराजित करते हुए 78वीं महंत राजा सर्वेश्वरदास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के सेमी फायनल में अपनी जगह बना ली। अब तक के सबसे तेज गति से खेले गये दूसरे क्वार्टर फायनल मैच में मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी भोपाल ने सेंट्रल रेल्वे मुंबई को दिलचस्प मैच में 4-3 गोल से हराकर सेमीफायनल में पहुंची। प्रतियोगिता के दौरान प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक राजनांदगांव डॉ. रमन सिंह ने मैदान पहुंचकर

खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। स्टेडियम समिति राजनांदगांव द्वारा अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फहॉकी स्टेडियम में आयोजित की जा रही 78वीं महंत राजा सर्वेश्वरदास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के छठवें दिन खेले गये पहले मर्टर फायनल मैच में देश की ख्यातिनाम टीम रेल्वे कोच फैक्ट्री कपूरथला ने संघर्षपूर्ण व रोमांचक मुकाबले में यूनियन बैंक ऑफ मुंबई को एकमात्र गोल से पराजित किया। एक समान हॉकी खेलने वाली दोनों ही टीमें एक-दूसरे पर मैच प्रारंभ से ही बढ़त बनाने के लिये एक-दूसरे पर हमला करती रहीं मगर मैच की एकमात्र सफलता कपूरथला को खेल के दूसरे मर्टर के 16वें मिनट में प्रदीप सिंह ने शानदार मैदानी गोल करते हुए अपनी टीम को 1-0 गोल से आगे कर दिया था। इसके बाद मैच और रोमांचक हो चला था, क्योंकि यूनियन बैंक बराबरी में आने मौके तलाश रही थी।

न्यूज गैलरी

खेलकूद में भाटापारा विद्यालय प्रथम रहा

भाटापारा। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर मंडी रोड (प्राथमिक विभाग) के भैया बहनों द्वारा अर्जुनी में आयोजित जिला स्तरीय प्राथमिक खेल कूद प्रतियोगिता में भाटापारा का स्थान उत्कृष्ट रहा। जिसमे दौड़ में तान्या ध्रुव दिलेस्वरी साहू उर्वशी केवट हर्ष यादव आकाश उची कूद, लंबी कूद में रोहणी पटवा नरेंद्र साहू शिवम साहू ,गोला फेक में विद्या कहते घनश्याम यादव , फुगड़ी में तेजस्वरी साहू ने प्रथम एवं द्वतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं नगर को गौरवान्वित किया ।इनके इस सफलता के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती हंसाराठी दीदी अचार्य गण एवं समस्त दीदियों ने प्रसंसा की तथा भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम में अच्छे स्थान बनाये रखने की अपेक्षा की क्योंकि स्वस्थ शरीर मे ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। उपरोक्त जानकारी विद्यालय के आचार्य राम कुमार राठौर आचार्य ने दी।

कच्ची महुआ शराब बरामद

धमतरी। कलेक्टर श्री रजत बंसल के निर्देश पर आबकारी दल द्वारा अवैध मदिरा विनिर्माण धारण परिवहन विक्रय के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में नगरी क्षेत्र में अवैध मदिरा की शिकायत और सूचना मिलने पर ग्राम भोथली के बंशीलाल चन्द्रहासए सांकरा की श्रीमती सरस्वती बाई मुकुन्दपुर ;देवपुर की श्रीमती सजनी बाई और श्रीमती सुमित्राबाई से दल द्वारा हाथ भट्ठी कच्ची शराब बरामद किया गया। साथ ही आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) (क) के तहत कार्रवाई की गई। इसके अलावा आबकारी दल द्वारा मुकुन्दपुर की ही श्रीमती भगवन्तीन बाई से 20-650 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची शराब बरामद कर उसके विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2)के तहत प्रकरण कायम कर आरोपिया को जेल भेजा गया।

आज सतनामी समाज आरंग की बैठक

आरंग। स्थानीय सतनाम भवन कॉलेज चौक आरंग में 23 फ़रवरी दिन रविवार को दोपहर 1 बजे सतनामी समाज की आवश्यक बैठक रखी गयी है। इसमें कई विभिन्न विषयो पर चर्चा की जाएगी। जिसमे सभी समाज जनो को बैठक में उपस्थित होने की अपील किया गया है उक्त जानकारी खेमलाल खेलवार ने दिया।

वुडबॉल प्रतियोगिता संपन्न

कसडोल। 65वी राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता वुडबॉल बालक एंव बालिका अम्बिकापुर में 18 फरवरी से 21 फरवरी को संपन्न हुआ। जिसमें कुल 11 राज्यो की 400 खिलाड़ियों ने अपने-अपने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें छत्तीसगढ़ की 19 वर्ष के बालक एवं बालिका ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए, शा. उ. मा. विद्यालय कटगी के लखन राम ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस टीम के कोच के रूप में आलोक मिश्रा थे, विदित हो कि प्रदेश के कसडोल विकासखंड के कटगी विद्यालय को खेल के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जाना जाता है इस विद्यालय के खिलाड़ी ने इस वर्ष राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत व कांस्य कुल 21 पदक पर्याप्त किये है, जिसमे स्वर्ण पदक ज्यादा है। इस उपलब्धि पर लखन राम को क्षेत्र के लोगों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मेटाडोर-बाइक में भिड़ंत, युवक की मौत

धमतरी। रात के अंधेरे में भोयना पुल के पास छाड से भरी खडी मेटाडोर पर अनियंत्रित होकर मोटर साइकिल सवार युवक जा भिडा, मौके पर ही युवक की दर्दनाक मौत छड़ से भरी मेटाडोर से बाइक सवार युवक टकरा गया हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बीती रात्रि करीब ढाई बजे यह हादसा ग्राम भोयना के पास हुआ। बताया गया कि रतन कॉलोनी निवासी युवक शैलेंद्र पिता पतिराम 37 वर्ष अपने दोस्त से मिलने ग्राम भोयना की ओर जा रहा था इस दौरान पुल के समीप खड़ी मेटाडोर क्रमांक सीजी 08 एल 1349 से जाकर टकरा गया हादसे में उसकी मौत ही गई। इस सम्बंध में अर्जुनी थाना प्रभारी ने बताया कि मेटाडोर से टकराने से युवक की मौत हो गई है।

आयुष चिकित्सा शिविर 24 फरवरी को

कवर्धा। जिला स्तरीय आयुष चिकित्सा शिविर 24 फरवरी को सबेरे 9 बजे से सायं 5 बजे तक सरदार पटेल व्यवसायिक परिसर बस स्टेण्ड के पास कवर्धा में निःशुल्क आयोजन किया जा रहा है। शिविर में आयुर्वेद, योग एवं होम्योपैथी के विशेषज्ञ चिकित्सक विभिन्न रोगों से ग्रसित रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे, निःशुल्क औषधियॉ प्रदान की जाएगी एवं योग आसनां का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में विशेष रूप से वातरोग, चर्मरोग, सर्दी जुखाम, उदररोग, लीवररोग, मधुमेह, उच्चरक्तचाप, पथरी, दमा, कमरदर्द, सायटिका, साइनस, मोटापा, स्त्रीरोग आदि रोगां का ईलाज किया जाएगा।

मन्दिर में हुई 4 प्रहर की पूजा

खरोरा। महा शिवरात्रि के पर्व पर श्रीबालाजी दरबार मे स्थापित नर्मदेश्वर महादेव में चार प्रहर की पूजा की गई।ये पूजा रात के प्रथम प्रहर 9 बजे प्रारम्भ हुई ।प्रथम प्रहर की पूजा में दूध मिश्रित जल से रुद्राष्टाध्यायी के मंत्रो के द्वारा अभिषेक किया गया ।पूजा के पश्चात श्रद्धालुओं के द्वारा मन्त्र जाप ध्यान किया गया ।शेष तीनो प्रहर की पूजा पूरे विधिवत की गई।शंख घण्टे की ध्वनि से पूरा मन्दिर परिसर गुंजायमान हो रहा था।मन्दिर में मेला का अयोजन किया गया जिसमें नगर के श्रद्धालुओं ने बढ़कर भाग लिया। सुबह से ही मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा । दूध फूल बेलपत्र से पुजा करके भक्तो ने खुशहाली को प्रार्थना की।

खैंदा में वार्षिकोत्सव का आयोजन

लवन। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2020 में नव निर्वाचित पंच, सरपंच, जिला, जनपद के समस्त पदाधिकारियों का सम्मान कार्यक्रम ग्राम पंचायत खैंदा द्वारा आयोजन किया गया। तत्पश्चात हायर सेकेण्डरी, हाईस्कूल शाला परिवार के संयुक्त सहयोग से हाईसकूल प्रांगण में वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम रखा गया।

सरयू साहित्य परिषद द्वारा महाशिवरात्रि पर्व पर हुआ भव्य आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। नगर में महाशिवरात्रि का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सभी शिव मन्दिरो से सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ थी वही मन्दिरो को विशेष् आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

महाशिवरात्रि का महापर्व भाटापारा मे धूमधाम से मनाया गया, नगर के सभी शिव मंदिरों मे भक्तों का हुजुम सुबह से दिखाई पड़ रहा था जो शाम होते होते भव्य मेले मे परिवर्तित हो गया, इसी कड़ी मे सरयूपारी ब्राह्मण समाज के आयोजन प्रकल्प सरयू साहित्य परिषद द्वारा महाशिवरात्रि महापर्व

नक्खी बाबा मंदिर मे भक्ति मय वातावरण मे मनाया गया,

पूजन अर्चन एवं प्राची का भजन : आयोजन का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना के साथ ही भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना से हुआ, जिसके तहत उपस्थित समस्त सदस्यों द्वारा सुषमा मिश्रा एवं उषा मिश्रा के संयुक्त संयोजन मे भोलेनाथ की पूजा अर्चना की गई एवं सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया गया, उसके उपरांत समाज की होनहार बालिका प्राची शर्मा द्वारा सुमधुर भजन प्रस्तुत किया गया, जिसने सम्पूर्ण वातावरण को भक्ति मय बना दिया एवं उपस्थित समस्त जनों भजन द्वारा प्रस्तुति की भरपूर सराहना की गयी,

गौरीशंकर का मनाया गया जन्मदिन : महाशिवरात्रि का पावन अवसर एवं सरयू साहित्य परिषद के प्रेरणास्त्रोत वरिष्ठ सदस्य गौरीशंकर जी शर्मा का जन्मदिन का अदभूत संयोग के अवसर को समिति के सदस्यों द्वारा भरपूर आत्मीयता के साथ मनाया गया एवं उपस्थित समस्त सदस्यों द्वारा गौरीशंकर जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई देते हुए उनका अभिवादन किया गया, एवं विधि विधान के साथ समाज के वरिष्ठ सदस्य एन पी मिश्रा के निर्देशन मे जन्मदिन का आयोजन संपन्न हुआ, इस अवसर पर संबोधन की कड़ी मे उपस्थित सामाजिक जनों को संबोधित करते हुए गौरीशंकर जी द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए कुछ बिन्दुओं पर उनके द्वारा विस्तार से चर्चा की गयी, तथा जन्मदिन मनाने की परिपाटी को देव स्थलों से जोड़ने की चर्चा के साथ ही भावी कार्यक्रमों की रुपरेखा पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया।

खीर मिष्ठान का वितरण

कविता शर्मा के सफल संचालन मे आयोजित इस गरिमामय भव्य धार्मिक आयोजन की समापन कड़ी भोलेनाथ की महा आरती एवं प्रसाद वितरण से संपन्न हुई एवं खीर तथा मिष्ठान वितरण किया गया, आयोजन को सफल बनाने मे आनंद प्रकाश शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, अशोक शर्मा, प्रदीप शर्मा, सुनील शर्मा, सरिता मुकेश शर्मा, दिव्या शर्मा, ममता शर्मा, महक शर्मा, शीला शर्मा, मधु शर्मा, प्रतिमा शर्मा, रेखा शर्मा करज्वला शर्मा, कृतिका शर्मा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

जिला अस्पताल में व्याप्त लचर स्वास्थ्य सेवाओं का मामला

नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षद सहित नगरवासी हुए लामबंद

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। जिला अस्पताल में व्याप्त लचर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षद सहित नगरवासी लामबंद हो गए हैं और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराए जाने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए हैं। बीते शुक्रवार को जिला मुख्यालय सहित आसपास तीन बड़ी सड़क दुर्घटनाएं घटित हुई, इस सड़क हादसे में तकरीबन 30 लोग घायल हुए, जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल थे। इन घायलों को इमरजेंसी एम्बुलेंस की जरूरी सेवाएं नहीं मिल पाई थी। घटना की जानकारी मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, उपाध्यक्ष सहित पार्षद जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्था को देख खासा नाराजगी जाहिर करते हुए धरने में बैठ गए। अपने विभिन्न मांगों को लेकर वह अड़े रहे, देर रात आठ बजे तक जिला अस्पताल के गेट के सामने धरना देते रहे। जिसके

बाद उन्होंने रात में ही नगर के तिरंगा चौक में अपने समर्थकों के साथ तंबू लगाकर धरना दिया, जो कि अब तक जारी है। जिला अस्पताल में लोगों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से चरमराई हुई है। लोगों में भी इस बात की खासी नाराजगी देखी जा रही है। उल्लेखनीय है कि बीते शुक्रवार को हुए सड़क दुर्घटना ने जिला अस्पताल के स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोल कर रख दी है। संजीवनी 108 वाहन खराब हालत में खुद ही बीमार पड़ी हुई है। ऐसे में लोगों को इमरजेंसी की सेवाएं नहीं मिल पा रही है। हालांकि गरियाबंद में जिला अस्पताल बना तो दिया गया है, लेकिन अब भी सेटअप के मुताबिक डॉक्टर एवं स्टाफ कर्मचारियों की कमी बनी हुई है।

बीते दिनों हुए सड़क हादसे ने ऐसा तूल पकड़ा लिया है कि जब तक जिला अस्पताल में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिलने लगेगी साथ ही साथ जनहित में जो मांगे मांग की गई हैं, वह पूरी नहीं हो जाती है, तब अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष की अगुवाई में जिला अस्पताल के व्याप्त लचर स्वास्थ्य सुविधा को लेकर शनिवार को एक दिवसीय नगर बंद का आव्हान किया गया था, जिसमें जनरल एवं किराना व्यापारी से समर्थन मांगा गया था। समर्थन में नगर की सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानें एवं छोटे तबके के लोगों ने भी स्वस्फूर्त अपनी दुकानें बंद रखते हुए, धरना में शामिल होकर अपना समर्थन दिया। नगर के तिरंगा चौक में अनिश्चितकालीन धरना में नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षद सहित नगरवासी बैठ गए हैं। धरना प्रदर्शन को व्यापक जनसमर्थन मिलते देखा गया। शनिवार सुबह धरना स्थल पर तहसीलदार राकेश साहू एवं नायब तहसीलदार पहुंचे हुए थे।

इनका कहना है

जिला अस्पताल में लचर स्वास्थ्य व्यवस्था के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। बीते शुक्रवार से हम लोग धरना प्रदर्शन में बैठे हुए हैं। जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जाती धरना जारी रहेगा। एक दिवसीय नगर बंद का आव्हान किया गया था, जिसमें लोगों का व्यापक जनसमर्थन मिला और स्वस्फूर्त सभी दुकानें बंद रही।

अब्दुल गफ्फार मेमन,
नपाप, अध्यक्ष

नालियों की सफाई नहीं, बदबू से लोग परेशान

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। नगर पंचायत लवन की सफाई व्यवस्था का हाल बेहाल है। नगर पंचायत की उदासिनता के चलते साफ सफाई व्यवस्था चरमरा रही है। नगर के विभिन्न मोहल्लों में कचरा बिखरा हुआ है। नगर के कई वार्डो की नालियां पॉलिथीन सहित कचरों से जाम है। नालियों से पानी के निकासी कोई व्यवस्था भी नहीं है। नाली की सफाई भी की जाती है तो कचरा को समय पर नहीं उठाया जाता है, वार्डो से कचरा उठाने के मामले में नगर पंचायत गंभीर नहीं है। लोगों के घरों से कचरा कलेक्शन के लिए नगर पंचायत के द्वारा गाड़ी तो नियमित भेजी जाती है, इसके बावजूद भी वार्डो का कचरा नियमित रूप से नहीं उठा पाता है, अधिकतर वार्ड की गलियों में नाली के किनारे कुचरे का ढेर पड़ा हुआ दिख जायेगा। जिससे साफ जाहिर होता है कि नगर पंचायत के द्वारा कचरा कलेक्शन के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है। नगर में केवल कुछ वार्डो में सफाई कर खानापूर्ति कर दी जाती है। नगर के वार्डो में कचरों के ढेर में लोगों का चलना मुश्किल हो गया है।

नगर पंचायत के कर्मचारी केवल मुख्य सड़कों की सफाई कर खानापूर्ति कर रहे है। मगर वार्डो के अधिकांश मोहल्ले साफ सफाई के अभाव में कचरों से अटे पड़े है। वही कचरों से नालियां भी जाम है। नगर में साफ सफाई के अभाव में लोगों को मजबूर होकर कचरों के ढेर होकर गुजरना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी नगर के वार्ड क्र. 04 के रहवासियों को होती है, चूंकि इस वार्ड में बड़ी मार्डन नाली बनी हुई। चूंकि उक्त मार्डन नाली खुली है इसलिए आसपास का कचरा नाली में जाकर पट जाता है, जिसकी सफाई भी नगर पंचायत द्वारा नियमित नहीं की जाती है, जिस वजह से जाम नाली के कारण बदबू होने से आसपास के रहवासियों का जीना मुश्किल हो गया है, लोग नाक दबाकर मजबूरीवश नाली को पार करते है।

एक ओर जहां राज्य सरकार के साथ केन्द्र सरकार भी स्वच्छ भारत मिशन को लेकर लाखों, करोड़ों रूपये खर्च कर रही है। वही नगर पंचायत लवन की सफाई व्यवस्था देखने वाले नगर पंचायत की साफ-सफाई को लेकर कितनी जागरूक है, इस बात का अंदाजा वार्ड क्र.04 बाजार चैक की मार्डन नाली को देखकर ही लोग अंदाजा लगा सकते है। सफाई की समस्या को लेकर नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों तक आम जनता शिकायत करती रही है। परन्तु यदा कदा कुंभकरण की नींद में सोए नगर पंचायत के कर्मचारी एकाद बार ही इधर सफाई कराने की जहमत उठाते है। उसके बाद स्थिति जस की तस हो जाती है। ऐसी स्थिति में नगर के अन्य वार्डो के अंदर सफाई की क्या स्थिति होगी अथवा नगर पंचायत कितनी ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वाह कर रहा होगा।

बकरी पालन शेड से प्रकाश को होने लगा फायदा

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। परम्परागत व्यवसाय के साथ आजीविका चलाने की यह कहानी है। प्रकाश पिता ईतवारी यादव मूलतः कबीरधाम जिले के कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम खाम्ही के रहने वाले है। रोजी मजदूरी से आगे बढ़ते हुए अपनी जरूरतों को पूरा कर बेहतर कल के लिए बकरी पालन का व्यवसाय प्रकाश और उसका परिवार करता रहा है। पशु शेड के अभाव में बकरियों का रखरखाव और देखभाल में बहुत परेशानियां होती थी। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से प्रकाश की समस्या का समाधान हुआ और साथ में व्यवसाय आगे बढते हुए तरक्की की नयी राह मिल गई। बकरी पालन के काम में यदि पक्का स्थल न हो तो बहुत सी परेशानियां होती है। बकरियों से निकलने वाले अवशिष्टों से स्थल गन्दा रहता है, जिसके कारण संक्रामक बीमारियों का डर हमेशा लगा रहता। साफ-सफाई के साथ बकरियों को चारा और पानी देने में कठिनाइयॉ होती तथा पक्का शेड नहीं होने से पानी बरसात के मौसम में तथा कड़ाके की ठन्ड में बकरियों को घर के अंदर रखने की मजबूरियां अलग रोजगार गारंटी योजना से पक्का बकरी पालन शेड निर्माण समस्या का समाधान था। बकरियों को वातावरण के मुताबिक रखना बहुत जरूरी है।

महाशिवरात्रि पर श्रीपंचदेव मंदिर सारंगपुर में दो दिवसीय मेले का आयोजन

कवर्धा। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्री पंचदेव मंदिर सारंगपुरखुर्द में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव एवं मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन भगवान शिव की बारात बड़े धूमधाम से बाजे गाजे के साथ निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में आसपास के लोगों ने हिस्सा लिया। सभी लोग आनंद और उत्साह से भरे हुए थे। दूसरे दिन शिवरात्रि के चारों पहर का अभिषेक पूर्ण हुआ। इस दिन हजारों की संख्या में दर्शनार्थी श्री पंचदेव मंदिर पहुंचे एवं अपनी कामनाओं की पूर्ति के लिए दर्शन एवं पूजन किया। सारा मंदिर ओम नमः शिवाय की नारों से गूंज उठा एवं वातावरण भक्ति में हो गया। पहले दिन भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें शास्त्रीय संगीत के मर्मज्ञ मिठाईलाल के द्वारा सुमधूर भक्ति भजन प्रस्तुत किया गया। जिसे देर रात तक श्रोता झूमते रहे। दूसरे दिन चारों पहर के अभिषेक के बाद संध्या का भजन कुलेश्वर ठाकुर के द्वारा प्रस्तुत किया गया। हजारों लोगों ने भजन का आनंद लिया। उसके पश्चात हनुमत द्वार पीठ के जगतगुरु श्री स्वामी धीरेंद्राचार्य जी महाराज का दिव्य आगमन हुआ। स्वामीजी ने रामायण में वर्णित चारों प्रकार के विवाह का वर्णन किया, जिसमें पहला नारद विवाह, दूसरा शंकर विवाह, तीसरा राम विवाह और चौथा सुर्पनखा विवाह। जिसमें से दो विवाह सफल हुए। और दो असफल हुए।

छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड
मुख्यालय, सेक्टर-24, ऑफिस कैम्पस, ब्लाक-7/ए, द्वितीय तल,
अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/स्थापन-1/2020/1552/ए रायपुर, दिनांक 22/02/2020

// विज्ञापन //

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के एकीकृत प्रबंधक के तहत भारत शासन के IM-PDS योजना के क्रियान्वयन हेतु **स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट** के गठन के लिए 01 पद प्रोजेक्ट मैनेजर एवं 27 पद टेक्निकल सपोर्ट (सहायक प्रोग्रामर) की सेवाएं मानव संसाधन के रूप में 01 (एक) वर्ष के लिए प्लेसमेंट एजेंसी (आउटसोर्सिंग) के माध्यम से लिए जाने हेतु निविदा आमंत्रित किया जाना है। निविदा संबंधी नियम व शर्तों की जानकारी छत्तीसगढ़ शासन के वेबसाईट www.cgstate.gov.in के नोटिस बोर्ड पर अपलोड है। इच्छुक प्लेसमेंट एजेंसियां निम्नानुसार तिथि अनुसार अपना ऑफर प्रस्तुत कर सकते हैं।

निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि	22/02/2020
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	25/03/2020 अपरान्ह 3 बजे तक
निविदा खोलने की अंतिम तिथि	25/03/2020 अपरान्ह 4 बजे

(प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)
सं.-24649/2 **महाप्रबंधक (प्रशासन)**

हर्षोल्लास से मना वार्षिकोत्सव

खरोरा। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला असौन्दा संकुल गनियारी विकासखंड तिल्दा में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसके मुख्य अतिथि श्रीमती अनिता योगेंद्र शर्मा विधायक धरसींवा थे अध्यक्षता राजेश साहू सरपंच ग्राम पंचायत असौन्दा थे विशिष्ट अतिथि श्रीमती सोना वर्मा जिला पंचायत सदस्य रायपुर, जितेंद्र चंद्राकर पूर्व सरपंच, पोषण लाल वर्मा, रविन्द्र तुरकाने, देवनाथ वर्मा, भीखम वर्मा, रामअवतार वर्मा, श्रीमती लुनिता चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित थे।

DHFL

दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
राष्ट्रीय कार्यालयः डीएचएफएल, एचडीआईएल टावर्स, बी-विंग,
6वीं व 8वीं तल अनंत कानेकर मार्ग, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400051

कब्जा नोटिस
(अचल संपत्ति के लिए)

क्षेत्रीय कार्यालय : 41 शेक्सपियर सरानी, प्रथम तल, डकबैक हाउस, कोलकाता, 700017

परिशिष्ट- 4 कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)

चूंकि, अधोहस्ताक्षकर्ता द्वारा दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत व धारा 13 (12), जिसमें प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 का भाव निहित है के तहत प्रदत्त अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लेखित कर्जदारों व गारंटरों को राशि के भुगतान के लिए डिमांड नोटिस जारी किया गया था। कर्जदारों व गारंटरों को नोटिस में उल्लेखित राशि को इसे प्राप्त होने के 60 दिन के भीतर अदा करने के लिए कहा गया था, लेकिन कर्जदारों द्वारा राशि का भुगतान करने में विफल होने के कारण अब कर्जदारों/गारंटरों व जनता को आम तौर पर नोटिस दिया जा रहा है कि नीचे उल्लेखित संपत्ति को अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4), जिसमें प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 8 का भाव निहित है, से उसे प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अपने कब्जे में ले लिया है। संरक्षित संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय को लेकर कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। कर्जदारों को खास व जनता को आमतौर पर आगाह किया जाता है कि निम्न संपत्ति संबंधी कोई डील न करें। प्रापर्टी से जुड़ी कोई भी डील डीएचएफएल द्वारा नीचे उल्लेखित राशि व उस पर लगने वाले ब्याज के लिए की जाने वाली वसूली से जुड़ा विषय होगा।

स. क्र.	कर्जदारों व सह-कर्जदारों के नाम	संरक्षित संपत्ति का ब्यौरा	डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि	कब्जे की तिथि
1.	लोन कोड नं : 00002614 ब्रांच : रायपुर कर्जदार : श्री हतोई राम बंजारे सह कर्जदार : मैना बंजारे	खसरा नंबर 342/114 की संपत्ति के सभी भाग व खंड न्यू पंचशील नगर, ग्राम- बघेरा, फेज नंबर- 06/07, वार्ड नंबर 55 भिलाई, दुर्ग, पिन-491001	19.11.2019 व 2,05,723 रुपए	20.02.2020
2.	लोन कोड नंबर : 00002458 ब्रांच : रायपुर कर्जदार : श्री संतोष यादव सह कर्जदार : सरस्वती यादव	खसरा नंबर 393 की संपत्ति के सभी भाग व खंड, फेज नंबर 29, मौजा-मोपका, राजकिशोर नगर, बिलासपुर, पिन-495001	26.9.2019 व 4,44,376	18.02.2020

दिनांक: 23.2.2020/ स्थान : रायपुर एसडी/-प्राधिकृत अधिकारी/ दीवान हाउसिंग फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, भाटापारा
(छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कम्पनी)

बिजली बंद की सूचना

छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमिटेड भाटापारा संभाग के अंतर्गत संबंधित समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि, दिनांक 23.02.2020 की प्रस्तावित अवरोध दौरान 33 के.व्ही. बलौदाबाजार इन्कमिंग फीडर में तार बदलने एवं मीडस्पॉन खंभा खड़ा करने हेतु एवं दिनांक 20.02.2020 से 01.03.2020 तक निपनिया से भाटापारा सड़क चौड़ीकरण में विद्युत पोल शिफ्टिंग बाबत् फीडर के सम्मुख दर्शाए दिनांक एवं समयानुसार विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन संभाव्य है।

क्र.	दिनांक	समय	उपकेन्द्र का नाम	फीडर का नाम एवं प्रभावित क्षेत्र
1	23.02.2020	दोप. 01.00 से दोप. 03.00 बजे तक	33 केव्ही भाटापारा- एक, 33 केव्ही भाटापारा- दो	ग्राम धौराभाठा, देवरी, सिंगारपुर, कड़ार, मातादेवालय, सुरखी, तुरमा एवं धुर्राबांधा के समस्त एच.टी., एल.टी. उपभोक्ता ।
2	24.02.2020	प्रातः 10.00 से सायं 04.00 बजे तक	11 केव्ही सिंगारपुर, 11 केव्ही. मावली, 11 केव्ही अटल ज्योति फीडर	ग्राम सिंगारपुर, गोढ़ी, लमती, मेण्ड्री, लेवई, परसवानी एवं अकोली के समस्त एच.टी., एल.टी. उपभोक्ता ।
3	26.02.2020	प्रातः 10.00 से सायं 04.00 बजे तक	11 केव्ही सिंगारपुर, 11 केव्ही मावली, 11 केव्ही अटल ज्योति फीडर	ग्राम सिंगारपुर, गोढ़ी, लमती, मेण्ड्री, लेवई, परसवानी एवं अकोली के समस्त एच.टी., एल.टी. उपभोक्ता ।
4	27.02.2020	प्रातः 10.00 से सायं 04.00 बजे तक	11 केव्ही देवरी टाउन, 11 केव्ही देवरी ग्रामीण, 11 केव्ही सुमा, 11 केव्ही अटल ज्योति फीडर	ग्राम देवरी, खोलवा, सेमरियाघाट, लेवई, परसवानी एवं अकोली के समस्त एच.टी., एल.टी. उपभोक्ता ।
5	28.02.2020	प्रातः 10.00 से सायं 04.00 बजे तक	11 केव्ही सिंगारपुर, 11 केव्ही मावली, 11 केव्ही अटल ज्योति फीडर	ग्राम सिंगारपुर, गोढ़ी, लमती, मेण्ड्री, लेवई, परसवानी एवं अकोली के समस्त एच.टी., एल.टी. उपभोक्ता ।
6	01.03.2020	प्रातः 10.00 से सायं 04.00 बजे तक	11 केव्ही सिंगारपुर, 11 केव्ही मावली, 11 केव्ही अटल ज्योति फीडर	ग्राम सिंगारपुर, गोढ़ी, लमती, मेण्ड्री, लेवई, परसवानी एवं अकोली के समस्त एच.टी., एल.टी. उपभोक्ता ।

1. ''स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बताएं''
2. ''समयावधि में देयक का भुगतान करे, लाईन बिच्छेदन से बचें।''

(जी.पी. अनंत)
कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं. लिमिटेड भाटापारा
कर्मचारी क्रमांक 05331110

धान खरीदी के मामले पर केशकाल में हुए लाठी चार्ज के विरुद्ध

भाजपा का राज्य सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। भूपेश सरकार के खिलाफ धान खरीदी में वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए एव केशकाल में किसानों पर हुए लाठी चार्ज को लेकर भाजपा द्वारा प्रदेश व्यापी भूपेश सरकार के खिलाफ एकदिवसीय धरना का आयोजन किया गया। इसी कार्यक्रम में धमतरी के भाजपा एवं विधायक के नेतृत्व में गांधी भवन धरना स्थल पर एकदिवसीय धरना दिया गया।

राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा ने एकदिवसीय धरना दिया। धरने में धमतरी क्षेत्र की विधायक रंजना साहू भी पहुंची थी। शनिवार को शहर के गांधी मैदान में यह धरना हुआ। धरने में भाजपाइयों ने कहा कि राज्य की भूपेश सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही है। किसानों के धान 25 सौ रुपये में लेने के लिये कहा गया था किंतु उन्हें सिर्फ18 सौ रुपये दिये जा रहे है बाकी रकम बाद में देने का हवाला दिया जा रहा है। केशकाल में किसानों पर लाठीचार्ज कराया गया। बर्बरतापूर्वक उन पर कार्यवाही की गई है उनका पूरा धान भी नहीं खरीदा जा रहा है। इधर एकदिवसीय धरने में धमतरी विधायक रंजना साहू शशि पवार नरेंद्र रोहरा निर्मल बरडिया प्रितेश गांधी पार्षद सुशीला तिवारी राजीव सिन्हा खूबलाल ध्रुव कवींद्र जैन हेमंत माला समेत अन्य भाजपाई उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने कहा कि आज का यह एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कांग्रेस के किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ है आज किसान सरकार से इतनी परेशान हैं कि उन्हें सड़क पर उतर कर प्रदर्शन की आवश्यकता पड़ गयी है । अंतिम में सभा को संबोधित करते हुए धमतरी की यशस्वी विधायक श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि आज चौदह महीनों में कांग्रेस सरकार की एक उपलब्धि नहीं रही है जिस प्रकार से छतीस बिन्दुओ में घोषणा पत्र जारी किया और उनमें से एक भी कम अच्छे से नहीं किया है छत्तीसगढ़ का प्रधान कार्य कृषि है और आज चौदह महीनों में सबसे ज्यादा परेशान केवल किसान भाई है आज किसानों के पास रोज नई समस्या है आज 15 दिन विलम्ब से धान खरीदी प्रारम्भ होता है उसके बाद भी आज सोसायटी के बाहर किसान परेशान खड़ा है अपने धान को लेकर वह इस इंतजार में कब उनका टोकन कटेगा कब उनका धान बिकेगा सरकार धान खरीदी के रोज नए आदेश जारी करती है तत्पश्चात सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ठाकुर शशि पवार ने कहा कि आज के इस एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में हम सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एव किसान बंधु राज्य के लबरा सरकार से मांग करते है कि वो अपने द्वारा किए वादों को पूर्ण कर साथ ही किसान भाइयों को उनका हक का मूल्य प्रदान करे सरकार ने राज्य के अन्नदाताओं को सड़क पर उतरने को मजबूर कर दिया है और उसके बाद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं है ।

सत्ता प्रेमी कांग्रेस किसी भी रूप में सत्ता हमेशा पाना चाहत रखती है और उसके जिन किसान के बल पर वह सरकार बनाई आज उन्हीं किसानों पर लाठी बरसा रही है। पूर्व में भी कांग्रेस की सरकार के समय उस वक्त के मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने किसानों की फसल को पानी में डाल डाल कर खराब घोषित किया और उस समय भी किसानों के साथ छल किया हम विभिन्न मुद्दों में बात नहीं अभी आज पूरे प्रदेश का किसान परेशान है उनके हक के लिए पूरे प्रदेश में भाजपा आंदोलनरत है और मैं सरकार से धमतरी के किसानों की ओर से मांग करता हु की वो किसानों के एवज को दबाये नहीं बल्कि उनके हक का मूल्य प्रदान करें । तथा कांग्रेस सरकार के खिलाफ महामहिम राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सौंपा गया।

महाशिवरात्रि पर निकली विशाल शिव बारात

- 108 जोड़े ने किया शिव रुद्राभिषेक

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह जय भोले कांवरिया संघ द्वारा विशाल शिव बारात शोभा यात्रा संध्या 5 बजे निकाली गई। जो महासती मन्दिर से प्रारंभ होकर गोविंद चौक, रामसप्ताह चौक,आजाद चौक, जय स्तम्भ चौक होकर नगर भवन तक जावेगी ।तदुपरांत 108 जोड़ो द्वारा शिव परिवार का रुद्राभिषेक (पार्थिव शिव लिंग पूजन) विद्धवान आचार्यों के द्वारा सम्पन्न कराया गया। यह आयोजन नगर व क्षेत्र के लिए अद्भुत आयोजन है । 108 जोड़ों के लिए समस्त पूजन सामग्री व अभिषेक हेतु दूध की सारी व्यवस्था संस्था द्वारा की थी।शिव बारात मार्ग में जगह जगह स्वागत द्वार बनाये गए थे एवं नगर की समस्त धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के द्वारा जगह जगह शीतल पेय व फलाहारी की व्यवस्था रखी गई थी ।जय भोले कांवरिया संघ से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष शिव बारात में एक रथ पर अर्धनारीश्वर भगवान की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही तथा रंग बिरंगी लाइट के प्रकाश से सुसज्जित दूसरे रथ पर भगवान शंकर दूल्हे के रूप में ब्रह्म,विष्णु, नारद सहितअपने गणों के साथ विराजित थे ।

दो सप्ताह का उद्यमिता विकास प्रशिक्षण 26 से

धमतरी। लघु सूक्ष्म एवं मध्यम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित दो सप्ताह का उद्यमिता विकास प्रशिक्षण आगामी 26 फरवरी से युवाओं को दिया जाएगा। इसके लिए कलेक्टोरेट स्थित कक्ष क्रमांक 66 जिला व्यापार एवं केन्द्र में 25 फरवरी को साक्षात्कार रखा गया है। जिला समन्वयक से मिली जानकारी के मुताबिक 18 से 40 वर्ष तक की आयु वर्ग के आठवीं पास युवा इस निःशुल्क प्रशिक्षण में हिस्सा ले सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी एवं आवेदन पत्र के लिए कलेक्टोरेट के कमरा नंबर 66 स्थित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र अथवा जिला समन्वयक छत्तीसगढ़ उद्यमिता विकास केन्द्र श्री सतीश कुमार वर्मा के मोबाईल नंबर 98274.62488 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

होली की सुरक्षा के मद्देनजर 17 वारंटियों को पकड़कर न्यायालय में पेश किया

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। जिले में 'कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं होली त्यौहार के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री बी.पी. राजभानु' के द्वारा अभियान चलाकर सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को 'फरार वारंटिओं की पता तलाश कर उन्हें संबंधित न्यायालय में पेश करने निर्देशित' किए जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री अरुण जोशी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली श्री भावेश गौतम के द्वारा फरार वारंटियों की पता तलाश कर उन्हें गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पेश करने टीम बनाकर रवाना किया गया । थाना सिटी कोतवाली की टीम को 'वारंटियों की तलाश के दौरान मुखबिर सूचना एवं अन्य स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी के आधार पर

विगत 03 दिवस में 17 वारंटियो की पतासाजी कर पृथक पृथक न्यायालय से प्राप्त गिरफ्तारी वारंटों की तामिली करते हुए संबंधित न्यायालय में पेश करने में' सफलता प्राप्त किया गया है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

छग का विकास मॉडल जलवायु ...

वाटर रिचार्जिंग का काम व्यापक पैमाने पर होना जरूरी

सीएम ने कहा कि आज बढ़ती जनसंख्या और हमारी आवश्यकताओं को देखते हुए खेती, उद्योगों और निस्तार के लिए पानी की आवश्यकता बढ़ी है, इसलिए वाटर रिचार्ज करना महत्वपूर्ण है। आज जब हम चंद्रमा पर जाने की बात कर रहे हैं तो सेटेलाइट से प्राप्त नक्शों के आधार पर जहां जमीन में फ्रैक्चर है, वहां

छोटे-छोटे स्ट्रक्चर बनाकर वाटर रिचार्जिंग का काम व्यापक पैमाने पर किया जाना चाहिए।

लोगों की ग्रयशक्ति बढ़ी, घूमें उद्योगों के पहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश में आर्थिक मंदी का असर रहा लेकिन छत्तीसगढ़ इससे अछूता था। छत्तीसगढ़ में ऑटोमोबाइल सेक्टर में मार्च माह में 36 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसी तरह से जेम और ज्वेलरी के क्षेत्र में 84 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इन योजनाओं के माध्यम से बाजार में रौनक आई। लोगों की क्रयशक्ति बढ़ी और उद्योगों के पहिए घूमें। बघेल ने कहा कि जिन किसानों की जमीनों का अधिग्रहण उद्योगों या विकास परियोजनाओं के लिए किया जाता है, उनका बेहतर पुनर्वास होना चाहिए और उन्हें रोजगार के अवसर भी मिलना चाहिए।

तीनों स्तंभों ने अपनी सीमाओं में ...

किये हैं

जो अप्रासांगिक रह गये थे। साथ ही सरकार ने नये कानून भी बनाये हैं। उन्होंने कहा, हमने ट्रांसजेंडर अधिकारों, ट्रिपल तलाक पर रोक तथा दिव्यांगों के अधिकारों के लिए शिद्दत से काम किया है। उन्होंने भारत के उच्चतम न्यायालय की ओर से हाल के वर्षों में दिये गये क्रांतिकारी फैसलों की पृष्ठभूमि में कहा, हाल में कुछ ऐसे बड़े फैसले आए हैं, जिन्हें लेकर पूरी दुनिया में चर्चा थी। फैसले से पहले अनेक तरह की आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं, लेकिन हुआ क्या? 130 करोड़ भारतवासियों ने न्यायपालिका द्वारा दिए गए इन फैसलों को पूरी सहमति के साथ स्वीकार किया। प्रधानमंत्री ने लैंगिक न्याय पर जोर देते हुए कहा, मुझे खुशी है कि इस कॉन्फ्रेंस में 'जेंडर जस्ट वर्ल्ड' का विषय भी रखा गया है। दुनिया का कोई भी देश और कोई भी समाज लैंगिक न्याय के बिना न तो पूर्ण विकास कर सकता और ना ही न्यायप्रियता का दावा कर सकता है।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने लैंगिक समानता और न्याय के लिए अनेक प्रयास किये हैं। सैन्य सेवा में बेटियों की नियुक्ति हो, या फाइटर पाइलट्स की चयन प्रक्रिया हो अथवा खानों में रात में महिलाओं की काम करने की स्वतंत्रता, सरकार ने अनेक बदलाव किए हैं। श्री मोदी ने भारतीय न्यायपालिक के कामकाज की सराहना करते हुए कहा,÷मैं आज इस अवसर पर, भारत की न्यायपालिका का भी आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिसने विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन की गंभीरता को समझा है, उस दिशा में निरंतर मार्गदर्शन किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि न्यायिक सेवाओं की प्रभावी डिलीवरी के लिए भारतीय न्यायिक प्रणाली में प्रौद्योगिकी को बढ़ावा दिया गया है। इन प्रौद्योगिकियों में ई-कोर्ट सेवाएं और न्यायपालिका में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का इस्तेमाल शामिल है।

उन्होंने कहा कि सरकार देश की सभी अदालतों को ई-कोर्ट इंटिग्रेटेड मिशन मोड प्रोजेक्ट से जोड़ने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर भारत के मुख्य न्यायाधीश शरद अरविंद बोबडे ने कहा, भारतीय सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का असर न केवल हमारे न्यायिक क्षेत्र पर, बल्कि बाहर भी होता है। न्यायमूर्ति बोबडे ने कहा कि कानून के शासन की सफलता इस बात पर निर्भर है कि न्यायपालिका किस प्रकार विभिन्न चुनौतियों से निपटती है। सम्मेलन में एटर्नी जनरल के के वेणुगोपाल ने कहा कि कल्याणकारी राज्य में न केवल कार्यपालिका और विधायिका शामिल है बल्कि न्यायपालिका भी शामिल है।

ट्रंप की यात्रा : कश्मीर में ...

नई भर्तियों और घुसपैठ के चलते आतंकियों की संख्या कमोबेश 200 से 250 के आसपास बनी रहती है। पाकिस्तान लगातार घुसपैठ करा रहा है। माना जा रहा है कि घाटी में करीब 50 आतंकी विदेशी हैं। गौरतलब है कि एक दिन पहले सेना प्रमुख ने पीओके के कैंपों में करीब 350 आतंकियों के मौजूद रहने की आशंका जताई थी।

सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान चाहता है कि आतंकी गुटों के जरिए बड़ी वारदात को अंजाम देकर कश्मीर को दुनिया में चर्चा का मुद्दा बनाया जाए, जिससे पहले से चल रहे उसके दुष्प्रचार के एजेंडे को बल मिले। सुरक्षा रणनीति से जुड़े अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप की यात्रा के पहले हमने कश्मीर में भी अतिरिक्त सावधानी के निर्देश दिए हैं। सूत्रों ने कहा कि सुरक्षा बलों से बचने के लिए आतंकी गुटों द्वारा अपनाई जा रही रणनीति पर सुरक्षा बलों की पूरी नजर है। ठंड कम होने के बाद सुरक्षा बलों का ऑपरेशन आतंकियों के खिलाफ तेज होगा और छिपे हुए आतंकियों को ढेर करने में सुरक्षा बलों को ज्यादा सफलता मिलेगी।

एनएमडीसी के सीएमडी एन. बैजेंद्र ...

राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। ये वार्षिक अवार्ड ऐसे बिजनेस व व्यक्तियों को प्रदर्शित करता है जिन्होंने अपने साझेदारों के संरक्षण तथा उनके दीर्घावधि मूल्य को सुनिश्चित करने के लिए पीएसयू प्रशासन में विशिष्ट नेतृत्व का परिचय दिया है। इस अवार्ड के द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के ऐसे उपक्रमों (पीएसयू) को सम्मानित किया जाता है, जिन्होंने देश की आर्थिक प्रगति तथा सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हो। इस सातवें अवार्ड अधिवेशन में केंद्रीय मंत्री मेघवाल के साथ ही कामेडियन शैलेश लोढा भी उपस्थित थे। मेघवाल ने विभिन्न वर्गों - वित्त, मूलभूत सुविधाओं के विकास में सीएसआर तथा लीडरशिप अवार्ड आदि में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। अमिताभ मुखर्जी, निदेशक (वित्त) ने वित्तीय तथा आधारभूत सुविधाओं के विकास में सीएसआर वर्ग में सर्वोत्तम निष्पादन का पुरस्कार एनएमडीसी की ओर से प्राप्त किया। इस अवसर पर बोलते हुए एन. बैजेंद्र कुमार ने कहा कि कार्पोरेट बिजनेस लीडर का पुरस्कादर प्राप्त होना एक सम्मानजनक बात है तथा यह मेरे लिए अत्यंत गर्व का विषय है है। यह अवार्ड प्राप्त होना एनएमडीसी टीम की प्रतिबद्धता को सिद्ध करता है तथा मैं यह अवार्ड एनएमडीसी परिवार के प्रत्येक सदस्य को उनके निष्ठावान प्रयासों के लिए समर्पित करता हूं।

इधर, कलेक्ट्रेट पर चार ...

वहीं भारत माता चौक पर पूर्व सांसद भी किसानों के साथ एक दिवसीय धरने में शामिल हुए। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि पिछले 15 वर्षों में कृषकों को कभी ऐसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़ा। लेकिन वर्तमान में किसानों को टोकन दिए जाने के बाद भी उनके धान की खरीदी नहीं की गई। नए-नए नियमों में किसानों का उलझाकर रख दिया गया। ।

राजमाता देवेंद्र कुमारी सिंहदेव ..

स्वास्थ्यमंत्री टीएस सिंहदेव, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह भी पहुंचे। अजीत जोगी की तबीयत को लेकर उनके पुत्र अमित जोगी ने ट्वीट कर जानकारी दी कि उनका बीपी कम हो गया था, लेकिन इलाज शुरू होने के बाद से यह नार्मल है। अमित ने कहा कि अस्पताल में रात गुजारने के बाद वे रविवार को रायपुर लौटेंगे।

हनईबन में हुई कर्मा मता मंदिर की स्थापना

गंडई। विगत दिनों ग्राम हनईबन मे कर्मा माता की मंदिर कि स्थापना की गई जिसमे समस्त ग्रामवासी शामिल हुये थे सर्वप्रथम माँ करमकी पुजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और हवन भी कराई गई । और समस्त अथिथियों का भी स्वागत किया गया । सभी ने माँ कर्मा की आशीर्वाद लिए, आरती के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। नवनिर्वाचित जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती नीना ताम्रकार माँ कर्मा देवी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ग्राम पंचायत हनईबन में शामिल हुई। जहां नीना ताम्रकार ने माँ कर्मा की विधिवत पूजा अर्चना की।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-III रायपुर, व्यवसायिक परिसर, प्रथम तल, व्ही.आई.पी. रोड, मौल श्री विहार, पुरैना, रायपुर
फोन नं. 0771-4059185 E-mail ID em_zone2@yahoo.com

//आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक EWS FLAT 11/102, श्री राजगोपाल चन्द्राकर पिता श्री उपेन्द्र कुमार चन्द्राकर पता- शहीद भगत सिंह चौक पाल काम्पलेक्स जलगृह मार्ग गभरापारा रायपुर (छ.ग.) के नाम पर आबंटित है। आबंटी द्वारा पूर्ण राशि जमा कर रजिस्ट्री पश्चात स्वतंत्र भवन का आधिपत्य प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में उक्त प्रकोष्ठ भवन को श्री गुलझारी लाल यादव पिता श्री राम कुवर यादव पता- ठानी अहिरान की वार्ड नंबर 03 रूपपुरा उदाल्वास सीकर राजस्थान को विक्रय करना चाहते हैं।

अतः उक्त प्रकोष्ठ भवन क्रमांक EWS FLAT 11/102, के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-III, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-III रायपुर, व्यवसायिक परिसर, प्रथम तल, व्ही.आई.पी. रोड, मौल श्री विहार, पुरैना, रायपुर
फोन नं. 0771-4059185 E-mail ID em_zone2@yahoo.com

//आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक LIG FLAT 18/207 श्री विरेन्द्र कुलमित्र पिता स्व. श्री महेश प्रसाद कुलमित्र, पता- सिविल लाईन नेहरू चौक आई.जी ऑफिस बिलासपुर (छ.ग.) के नाम पर आबंटित है। आबंटी द्वारा पूर्ण मूल्य राशि जमा कर रजिस्ट्री पश्चात स्वतंत्र भवन का आधिपत्य प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में उक्त स्वतंत्र भवन को श्री सैयदद तेग अली पिता श्री सैयदद मोबीन अली पता- मस्जिद के पास गाजी नगर बीरगांव रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करना चाहते हैं।

अतः उक्त स्वतंत्र भवन क्रमांक LIG FLAT 18/207 के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-III, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्पलेक्स, सेक्टर 08 द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Phon No. 0771-6988869 Email ID emzoneii@yahoo.com
GST No.22AAECA9783D22ZP

//आम सूचना//

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत कालोनी धनसुली रायपुर में स्थित एलआईजी भवन क्रमांक-210, श्रीमती पुष्पा साहू पति श्री अरूण कुमार साहू को आफर/स्ववित्तीय/ भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया था। उनके द्वारा दिनांक 18.09.2014 को अपने नाम पर लीजडीड/सेलडीड/ विक्रय विलेख पंजीयन कराने के उपरांत दिनांक 14.06.2017 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को क्रेता श्रीमती कल्याणी यादव पति श्री परमानन्द यादव निवासी- एलआईजी-210, हाउसिंग बोर्ड कालोनी धनसुली, रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 30.03.2019 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्रीमती कल्याण यादव पति श्री परमानंद यादव द्वारा उक्त भवन को (फ्री-होल्ड) पश्चात अपने नाम पर नामांतरण किए जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के फ्री-होल्ड उपरांत नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, सड्डू, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा पानी टंकी के पास, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.-388 दिनांक20.02.20
वार्ड का नाम वार्ड- माधव राव सप्रे- 68

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि माधवराव सप्रे वार्ड-68 स्थित भूमि 68/नया जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती जयवंती बाई कोचे w/o जगदीश कोचे के नाम से दर्ज है जिसको श्रीमती साक्षी परेतकर w/o सुधीर परेतकर ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा पानी टंकी के पास, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.-389 दि.- 20.02.2020
वार्ड का नाम वार्ड- माधव राव सप्रे- 68

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि माधवराव सप्रे वार्ड-68 स्थित भूमि 68/नया जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती जयवंती बाई कोचे w/o जगदीश कोचे के नाम से दर्ज है जिसको श्रीमती साक्षी परेतकर w/o सुधीर परेतकर ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 443/19-20
वार्ड का नाम- गुरू गोविंदसिंह-34

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गुरू गोविंदसिंह 34 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ ज.नं. 244 जो कि निगम अभिलेख में श्री मो. कासिम s/o मो. अली अहमद के नाम से दर्ज है, जिसको श्री मोहम्मद कासिम s/o मो. अली अहमद रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 22/02/2020
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 435/19-20
वार्ड का नाम- गुरू घासीदास- 44

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गुरू घासीदास-44 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ w-44/H.-169 जो कि निगम अभिलेख में श्री सेवनदास सतनमल से दर्ज है, जिसको श्रीमती जानकी देवी पति स्व. अमरजीत सिंह रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 22/02/2020
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 438/19-20
वार्ड का नाम- शंकर नगर-31

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शंकर नगर-31 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ बी-7 सेक्टर-1 जो कि निगम अभिलेख में श्री सेवनदास सतनमल से दर्ज है, जिसको श्रीमती जानकी देवी पति स्व. अमरजीत सिंह रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 22/02/2020
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 439/19-20
वार्ड का नाम- श. वीरनारायण सिंह-32

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शंकर नगर-31 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ बी-7 सेक्टर-1 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती मोनिका सिंदुजा w/o धर्मेन्द्र सिंदुजा, कु. बारली (नाबालिक) पिता स्व. धर्मेन्द्र सिंदुजा वली मां श्रीमती मोनिका सिंदुजा पति स्व. धर्मेन्द्र सिंदुजा से दर्ज है, जिसको श्रीमती कविता माखीजा पति दरयान दास माखीजा रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 22/02/2020
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 440/19-20
वार्ड का नाम- शंकर नगर-31

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शंकर नगर-31 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ जनता 03 पुराना जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती निर्मला अग्निहोत्री D/o छेटालाल से दर्ज है, जिसको श्रीमती सरिता दुबे w/o ओमप्रकाश दुबे रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 22/02/2020
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 439/19-20
वार्ड का नाम- शहीद वीरनारायण सिंह-32

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शहीद वीरनारायण सिंह-32 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 32/ नया मौलीपारा जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती मधु कौर s/o स्व. पालसिंह से दर्ज है, जिसको श्री सुनील कुमार निषाद s/o गौरीशंकर रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 22/02/2020
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021



बॉलीवुड में कमबैक करेंगे राहुल राय

पटना (वार्ता)। जवां दिलों की धड़कन रही फिल्म आशिकी से अपनी पहचान बनाने वाले जाने-माने अभिनेता राहुल राय एक लंबे अरसे के बाद फिल्म अनोखी से एक बार फिर बॉलीवुड में कमबैक करने जा रहे हैं। राहुल ने वर्ष 1990 में प्रदर्शित महेश भट्ट की ब्लॉकबस्टर फिल्म आशिकी से बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत की थी। इस फिल्म से राहुल रातोंरात स्टार बन गए थे। नदीम-श्रवण के संगीत से सजी आशिकी के गीत ...बस एक सनम चाहिये आशिकी के लिये, मैं दुनिया भूला दूंगा... समेत कई गीत उन दिनों सबकी जुबान पर थे, जो आज भी लोकप्रिय हैं। राहुल राय राय काफी लंबे अरसे से फिल्म इंडस्ट्री से दूर हैं। वह एक बार फिर फिल्म अनोखी से बॉलीवुड में कमबैक करने जा रहे हैं। राजधानी पटना में फिल्म अनोखी की शूटिंग के सिलसिले में आये राहुल ने बताया कि फिल्म अनोखी पारिवारिक मनोरंजक फिल्म है और दर्शकों को बेहद पसंद आयेगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही उनकी कई फिल्में प्रदर्शित होने वाली है, जिनमें दर्शकों को उनके अभिनय के अलग-अलग रूप देखने को मिलेंगे। उन्होंने बताया कि अपने सिने करियर के दौरान उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है लेकिन आशिकी उनके दिल के बेहद करीब है। फिल्म के गीत और संगीत आज भी युवाओं को बेहद पसंद हैं।

काजोल की शार्ट फिल्म देवी का नया पोस्टर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल की अपकमिंग शॉर्ट फिल्म 'देवी' का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। काजोल इन दिनों 'देवी' की शूटिंग में बिजी हैं। यह फिल्म पूरी तरह से महिलाओं पर आधारित है। फिल्म में नौ अभिनेत्रियां सशक्त किरदारों में नजर आएंगी। काजोल की यह पहली शॉर्ट फिल्म है। इस पॉवरफुल शॉर्ट फिल्म का टीजर 24 फरवरी को रिलीज होगा। इस फिल्म को लेकर काजोल के पति अजय देवगन काफी खुश नजर आ रहे हैं। अजय ने 'देवी' का पोस्टर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इसे शेयर करने के साथ ही अजय ने लिखा,फ्महिला सशक्तिकरण मेरे लिए मात्र एक स्टेटमेंट नहीं है, यह जिंदगी जीने का एक तरीका है। मुझे काजोल पर गर्व है कि वह 'देवी' जैसी फिल्म कर रही हैं। यह एक सेंसिटिव फिल्म है जो सही दिशा की ओर आपको लेकर जाएगी । वहीं फिल्म के मेकर्स ने पोस्टर जारी करते हुए लिखा, देवी नौ उत्पीड़ित महिलाओं की कहानी है, जो समाज के अलग-अलग क्षेत्रों से हैं, एक छोटे से कमरे में रह रही हैं। उन्हें अपनी कहानियों को साझा करने में दुविधा का सामना करना पड़ रहा है। काजोल, इससे पहले पति अजय के साथ फिल्म 'तानाजी- द अनसंग वॉरियर' में नजर आई थी।

शोख अदाओं से दर्शकों को दीवाना बनाया भाग्यश्री ने

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड में भाग्यश्री एक ऐसी अभिनेत्री के तौर पर शुमार की जाती हैं जिन्होंने अपनी शोख और चुलबुली अदाओं से दर्शको को अपना दीवाना बनाया है। मुंबई में 23 फरवरी 1969 को जन्मी भाग्यश्री ने अपने अभिनय जीवन की शुरूआत वर्ष 1987 में टीवी पर प्रसारित अमोल पालेकर की 'कच्ची धूप' से की। भाग्यश्री ने बॉलीवुड में अपने करियर वर्ष 1989 में प्रदर्शित फिल्म 'मैने प्यार किया' से की। सूरज बड़जात्या निर्देशित इस फिल्म में सलमान खान और भाग्यश्री की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी। इस बीच भाग्यश्री ने हिमालय दासानी के साथ शादी कर ली। शादी के बाद भाग्यश्री की कैद में है बुलबुल, त्यागी, पायल और घर आया मेरा परदेसी जैसी कुछ फिल्में प्रदर्शित हुयी लेकिन सभी फिल्मों ने टिकट खिड़की पर दम तोड़ दिया। इन फिल्मों की नाकामयाबी के बाद भाग्यश्री ने फिल्मों में काम करना बंद कर दिया। वर्ष 2001 में प्रदर्शित फिल्म हैल्लो गर्लस के जरिये भाग्यश्री ने एक बार फिर से बॉलीवुड में वापसी की लेकिन सफल नहीं रहीं। इस बीच भाग्यश्री ने भोजपुरी.मराठी और तेलगु फिल्मों में भी अभिनय किया। भाग्यश्री इन दिनों बॉलीवुड में सक्रिय नहीं हैं।

डिजिटल दुनिया में डेब्यू करेंगी करिश्मा कपूर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर वेब शो के साथ डिजिटल दुनिया में डेब्यू करने जा रही हैं। करिश्मा ऑल्ट बालाजी का शो मेंटलहुड से डिजिटल डेब्यू कर रही हैं। इसमें वह मुख्य भूमिका निभा रही हैं। यह वेब शो माताओं की रोलरकोस्टर यात्रा को स्क्रीन पर लाएगा। इसका एक नया पोस्टर जारी किया गया हैं। इस शो में करिश्मा के अलावा डिनो मोरिया, संजय सूरी, संध्या मृदुल, शिल्पा शुक्ला, श्रुति सेठ और तिलोतमा शोम की अहम भूमिका है। करिश्मा कोहली के निर्देशन में बनी वेब सीरीज मेंटलहुड में करिश्मा मीरा शर्मा के तौर पर अपना डिजिटल डेब्यू कर रही हैं। निर्माताओं ने नए पोस्टर को जारी करते हुए लिखा है,÷पेरेंटिंग बन जाएगी एक रेस, तब होगा ही मेंटल हुड वाला क्रेज!÷ वेब-सीरीज़ उन माताओं की जर्नी का प्रदर्शन करेंगी जो अपने बच्चों की परवरिश करने के लिए बड़ी मेहनत करती हैं। मल्टी-टास्किंग एक आदत बन जाती है और लगातार चिंता और अपराध बोध उनकी प्रकृति बन जाती है।

भारत बनाम न्यूजीलैंड ओपनर टॉम लाथम ने 11, टॉम ब्लंडेल ने 30, रॉस टेलर ने 44 और हेनरी निकोल्स ने 17 रन बनाये

विलियम्सन के दम पर न्यूजीलैंड मजबूत, इशांत ने झटके 3 विकेट

केन विलियम्सन ने 89 रन की कप्तानी की जिम्मेदारी भरी पारी खेलते हुए न्यूजीलैंड को भारत के खिलाफपहले क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया जबकि तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने तीन विकेट लेकर विश्व की नंबर एक टीम भारत को मुकाबले में बनाये रखा।

वेलिंगटन (वार्ता)। भारत ने वर्षा प्रभावित पहले दिन पांच विकेट खोकर 122 रन बनाये थे और दूसरे दिन उसकी पहली पारी 165 रन पर सिमट गयी। भारत ने सुबह के सत्र में अपने पांच विकेट 43 रन जोड़कर गंवा दिए। उपकप्तान अजिंक्या रहाणे ने 46 रन बनाए जबकि न्यूजीलैंड की तरफसे टिम साउदी ने 49 रन पर चार विकेट और पदार्पण टेस्ट खेल रहे काइल जैमिसन ने 39 रन पर चार विकेट लिए।

कीवी कप्तान विलियम्सन ने 153 गेंदों में 11 चौकों की मदद से 89 रन की शानदार पारी खेली जिसकी बदौलत मेजबान न्यूजीलैंड ने पांच विकेट पर 216 रन बनाकर पहली पारी में 51 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली है। दूसरे दिन का खेल खराब रौशनी के कारण निर्धारित समय से पहले समाप्त करना पड़ा। हालांकि उस समय भारतीय गेंदबाज अपनी लय हासिल कर चुके थे।

भारत की अब तीसरे दिन पूरी कोशिश रहेगी कि वह न्यूजीलैंड की पारी को जल्दी समेटे और उसे बड़ी बढ़त हासिल करने से रोके। अपनी चोट से उबर कर इस मुकाबले में उतरे इशांत ने शानदार गेंदबाजी की और 15 ओवर में 31 रन देकर तीन विकेट लिए। मोहम्मद शमी ने 17 ओवर में 61 रन पर एक विकेट और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 30 ओवर में 60 रन पर एक विकेट लिया। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की खराब फॉर्म टेस्ट में भी जारी रही और वह 18.1 ओवर में 62 रन पर कोई विकेट नहीं ले पाए।

न्यूजीलैंड की तरफसे ओपनर टॉम लाथम ने 11, टॉम ब्लंडेल ने 30, रॉस टेलर ने 44 और हेनरी निकोल्स ने 17 रन बनाये। स्टंप्स के समय बीजे वाटलिंग 14 और कॉलिन डी ग्रैंडहोम चार रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारत ने सुबह जब पारी की शुरुआत की तो रहाणे ने 38 और रिषभ पंत ने 10 रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। पंत ने सुबह लेफ्ट आर्म स्पिनर एजाज पटेल की गेंद पर शानदार छक्का लगाया जिससे लगा कि यह युवा विकेटकीपर बल्लेबाज आज एक बड़ी पारी खेलेगा लेकिन पंत ने अनावश्यक सिंगल लेने की कोशिश में अपना विकेट गंवा दिया। पटेल के सीधे थ्रो पर पंत रन आउट हो गए। पंत ने 53 गेंदों पर 19 रन में एक चौका और एक छक्का लगाया। पंत का विकेट 132 के स्कोर पर गिरा। पंत तेज गेंदबाज साउदी के पारी के 59वें ओवर में आउट हुए थे। मैदान पर उतरे ऑफस्पिनर रविचंद्रन अश्विन को साउदी ने एक बेहतरीन गेंद पर बोल्ड कर दिया। अश्विन की यह पहली गेंद थी और वह पूरी तरह रक्षात्मक थे लेकिन गेंद ने हल्का सा मूवमेंट लिया और अश्विन के बल्ले के पास से निकलते हुए उनका ऑफस्टंप ले उड़ी।

पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी अशोक चटर्जी का निधन

कोलकाता (वार्ता)। भारत के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी अशोक चटर्जी का शनिवार को निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे। 25 दिसंबर 1942 को जन्म अशोक के घर में पत्नी, पुत्र संदीप, पुत्रवधु और एक पोता हैं। अशोक ने 1965-66 में मेरदेका टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया था और जापान के खिलाफमिली 3-0 से जीत में उन्होंने दो गोल किए थे। मेरदेका टूर्नामेंट में भारत के लिए खेलते हुए उन्होंने हांगकांग, जापान, थाईलैंड, म्यांमार और पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन कर गोल किए थे। उन्होंने 1966 में बैंकॉक में हुए एशियाई खेलों में भी हिस्सा लिया था। मोहन बागान क्लब के लिए खेलते हुए उन्होंने शिल्ड, डुरंड और रोवर कप में जीत हासिल की थी।

बजरंग, रवि, गौरव और सत्यव्रत स्वर्ण मुकाबले में

नई दिल्ली (वार्ता)। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता बजरंग पुनिया और रवि कुमार तथा गौरव बालियान और सत्यव्रत कादियान ने यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव कुश्ती हॉल में चल रही सीनियर एशियाई कुश्ती प्रतियोगिता में शनिवार को अपने-अपने वजन वर्गो के स्वर्ण पदक मुकाबले में जगह बना ली।

रवि ने 57 किग्रा फ्री स्टाइल, बजरंग ने 65, गौरव ने 79 और सत्यव्रत ने 97 किग्रा वजन वर्ग के फाइनल में जगह बना ली है जबकि नवीन 70 किग्रा के कांस्य पदक मुकाबले में उतरेंगे। भारत ने प्रतियोगिता में ग्रीको रोमन शैली में एक स्वर्ण और चार कांस्य सहित कुल पांच पदक तथा महिला पहलवानों ने महिला पहलवानों ने तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य सहित आठ पदक जीते हैं।

टोक्यो ओलंपिक के लिए भारत की सबसे बड़ी पदक उम्मीद बजरंग ने आशा अनुरुप प्रदर्शन करते हुए 65 किग्रा के क्वालिफिकेशन में ताजिकिस्तान के जमशेद शरीफोव को 11-0 से, क्वार्टरफाइनल में उजबेकिस्तान के अब्बास रखमोनोव को 12-2 से और सेमीफाइनल में ईरान के अमीर हुसैन अजीम को 10-0 से पराजित किया। स्वर्ण पदक के लिए बजरंग का जापान के ताकुतो ओतोगुरो से मुकाबला होगा।

भारत ने एक रजत सहित जीते तीन कांस्य

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत की महिला पहलवान साक्षी मालिक को जापान की नाओमी रियुके के हाथों सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में 0-2 से हारकर रजत से संतोष करना पड़ा। भारत ने इसके साथ ही इस चैंपियनशिप के चौथे दिन शुक्रवार को एक रजत सहित तीन कांस्य पदक जीते। इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव कुश्ती

हाल में खेले गए फाइनल मुकाबले में साक्षी को राउंड रोबिन सिस्टम के तहत 65 किग्रा वर्ग के मुकाबले में नाओमी ने एकतरफा अंदाज में 2-0 से पराजित कर दिया। साक्षी ने सेमीफाइनल मुकाबले में उज्बेकिस्तान की नबीरा एसेंबैवा को 5-4 से हराकर फ़ाइनल में जगह बनाई थी लेकिन वह स्वर्ण पदक हासिल नहीं कर सकीं। साक्षी के अलावा विनेश फोगाट ने 53 किग्रा में वियतनाम की थी ली कियु को एकतरफा अंदाज में 10-0 से मात दी और कांस्य पदक हासिल किया।

एगर की हैट्रिक से ऑस्ट्रेलिया की दक्षिण अफ्रीका पर रिकॉर्ड जीत

बाएं हाथ के स्पिनर एश्टन एगर की हैट्रिक सहित 24 रन पर पांच विकेट की रिकॉर्ड गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को पहले टी-20 मैच में शुक्रवार को 107 रन के बड़े अंतर से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

जोहानसबर्ग (वार्ता)। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम ने स्टीवन स्मिथ के 32 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 45 रन और कप्तान आरोन फिंच के 27 गेंदों में छह चौकों और एक छक्के के सहारे 42 रन की बदौलत 20 ओवर में छह विकेट पर 196 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम एगर के आगे बेबस रही और 14.3 ओवर में 89 रन पर सिमट गयी तथा उसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा। एगर को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी

के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। दक्षिण अफ्रीका की टी-20 मुकाबलों में 107 रन की पराजय रनों के लिहाज से उसकी सबसे बड़ी हार है। इससे पहले वह 2006 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफब्रिसबेन में 95 रन से हारा था। दक्षिण अफ्रीका के 89 रन टी-20 में उसका सबसे कम स्कोर है। दक्षिण अफ्रीका ने इससे पहले 2018 में कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ98 रन बनाए थे। एगर का यह प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया की तरफसे टी-20 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले जेम्स फॉकनर ने 2016 में मोहाली में पाकिस्तान के खिलाफ27 रन पर पांच विकेट लिए थे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ किसी भी गेंदबाज का यह चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

ऑस्ट्रेलिया की पारी में कप्तान फिंच ने 42, स्मिथ ने 45, विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने 22 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 27 रन, मिशेल मार्श ने 14 गेंदों में एक चौके और एक छक्के के सहारे 19 रन, मैथ्यू वेड ने 11 गेंदों में दो चौकों की मदद से 18 रन और एगर ने नौ गेंदों में दो चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 20 रन बनाए।

मिशेल स्टार्क सात रन पर नाबाद रहे जबकि ओपनर डेविड वार्नर चार रन बनाकर आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने 31 और तबरेज शम्सी ने 31 रन देकर दो-दो विकेट लिए जबकि लुंगी एनगिदी को 37 रन और आदिले फेहलुकवायो को 35 रन देकर एक-एक विकेट मिला। दक्षिण अफ्रीका की पारी एगर की फिरकी के आगे ताश के पत्तों की तरह बिखर गयी। एगर ने आठवें ओवर की चौथी गेंद पर पहले फॉफ डू प्लेसिस को केन रिचर्डसन के हाथों कैच कराया, फिर पांचवीं गेंद पर फेहलुकवायो को पगबाधा किया तथा छठी गेंद पर स्टेन को फिंच के हाथों कैच कराकर अपनी हैट्रिक पूरी की। दक्षिण अफ्रीका की पारी में डू प्लेसिस ने सर्वाधिक 24 रन बनाए। उनके अलावा कैगिसो रबादा ने 22 और पिट वान बिलजॉन ने 16 रन बनाए।

शिवरात्रि पर भोले के जयकारों से गूंजे प्रदेश के शिवालय

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जहां जिला मुख्यालय की सड़कों में दिनभर लोगों की भीड़ उमड़ी रही तो वहीं दूसरी ओर सड़क दुर्घटनाओं की दर्दनाक घटना से जिला दहल उठा। जिला मुख्यालय सहित आसपास हुए तीन सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 30 लोग घायल हुए हैं। जिसमें गंभीर रूप से पांच लोगों को रायपुर रिफर किया गया है। इस सड़क दुर्घटना में भुतेश्वरनाथ दर्शन को आ रहे श्रद्धालु भी शामिल है। जो कि पिकअप गाड़ी में सवार होकर भूतेश्वरनाथ महादेव के दर्शन को आ रहे थे कि अचानक गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें बताया गया कि 21 लोग सवार थे, जिन्हें चोट पहुंची थी। घायलों को जैसे-तैसे कर जिला अस्पताल लाया गया। जिनका प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं एक के बाद एक सड़क दुर्घटनाओं की खबरें सामने आने लगी, लेकिन घायलों को मौके से जिला अस्पताल तक लाने के लिए संजीवनी 108 की सुविधा नहीं होने से लोगों में खासा नाराजगी देखी गई। इन हादसों ने जिला में स्वास्थ्य सुविधाओं की पोल खोल दी है। जिला अस्पताल में इमरजेंसी वाहन 108 नहीं होने की वजह से घायलों को निजी साधनों से अस्पताल पहुंचाया गया। इस अव्यवस्था से नाराज नगर पालिका अध्यक्ष के साथ पार्षद जिला अस्पताल के सामने गेट में धरने पर बैठ गए, जो कि देर शाम तक अपने मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए हैं। वहीं जिला अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं के विरोध एवं विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय नगर बंद का आव्हान और नगर के तिरंगा चौक में धरना

प्रदर्शन किया जाएगा। मिली जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय के ग्राम फुलकर्रा से भगवान भूतेश्वरनाथ महादेव के दर्शन को पिकअप वाहन से निकले हुए थे, जो कि अचानक अनियंत्रित होकर ग्राम नागाबुड़ा के समीप पलट गई। बताया गया कि पिकअप वाहन में लगभग 21 लोग सवार थे, जिसमें महिला-पुरूष सहित बच्चे भी शामिल हैं। वाहन के पलटने से सवार सभी लोगों को चोटें आई हैं। वहीं जिला के पाण्डुका थाना अंतर्गत कचना धुरवा के समीप स्कार्पियों वाहन पलटने की घटना घटित हुई है, जिसमें बताया जा रहा है कि सात लोग सवार थे। तीसरी सड़क घटना जिला मुख्यालय के देवभोग मार्ग स्थित जनपद पंचायत कार्यालय के पास बाइक सवार ने पैदल चल रहे बुजुर्ग को ठोकर मार दी, जिसमें दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों का जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायलों को रायपुर रिफर किया गया है। बता दें कि मामले ने तब तूल पकड़ा जब घायलों को लाने ले जाने के लिए मौके पर संजीवनी 108 की सुविधा नहीं मिली। इस बात से लोगों में काफी नाराजगी देखी गई, जिला अस्पताल में पर्याप्त सुविधाएं नहीं होने को लेकर गरियाबन्द नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन एवं पार्षद सहित महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ने विरोध करते हुए धरने पर बैठ गए और मांग करते रहे कि लोगों को मूलभूत सुविधाएं दी जाए। इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर सीएमएचओ डॉ. एन आर नवरत्न पहुंचकर धरने पर बैठे लोगों को समझाया, लेकिन उन्होंने उनकी एक भी न सुनीं और अपनी मांग पर अड़े रहे।

मालूम हो कि गरियाबंद जिला मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल संजीवनी 108 गाड़ी के लिए तरस रहा है, जो गाड़ियां थी वह खराब हालत में खुद ही बीमार पड़ी हुई है। संजीवनी 108 गाड़ी में खराबी के चलते लोगों को इसकी सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। इसको लेकर लोगों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। वहीं धरने पर बैठे अध्यक्ष, पार्षद सहित अन्य दलों के लोगों की मांग एवं उन्हें मनाने तत्काल मैनपुर से संजीवनी 108 मंगवाया गया है। देर शाम खबर लिखे जाने तक सभी धरने पर बैठे हुए थे। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष, पार्षद एवं जनरल व्यापारी, किराना व्यापारी संघ ने जिला अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं सहित अपने 17 बिन्दुओं की मांग को लेकर एक दिवसीय नगर बंद का आव्हान किया गया है।

इनका कहना है

जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं का आलम हैं, समय में ना ही लोगों को एंबुलेंस की सुविधा मिलती है। आज अस्पताल में सिर्फएक डाक्टर थे, जिन्होंने लगभग 40 लोगों का उपचार किया है। इसके साथ ही नर्स, वार्ड ब्वाय की कमी बनी हुई है। जिला बना तो जरूर है, लेकिन स्वास्थ्य सुविधाएं चरमाराई हुई है। जब तक लोगों को स्वास्थ्य संबंधी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलेगी तब तक धरने पर बैठे रहेंगें।

अब्दुल गफ्फार मेमन, नपाप अध्यक्ष

अलग-अलग जगहों से एक्सीडेंट की घटनाओं में 29 लोग लाए गए थे, जिनका प्राथमिक उपचार किया गया और वहीं उचित स्वास्थ्य सुविधा नहीं होने की वजह पांच लोगों को रिफर किया गया है। संजीवनी 108 वाहन तत्काल बुलवाया गया है।

डॉ. एनआर नवरत्न, सीएमएचओ

ओम नमः शिवाय व महामृत्युंजय मंत्र का शिवालयों में होता रहा जाप

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। लौह नगरी में महाशिवरात्रि पर्व भोले के भक्तों ने पूरी श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाई। सुबह से शाम तक शिवालयों में भक्तों का सैलाब उमड़ता दिखाई दिया। शिव भक्तों ने पूरे विधि विधान से भगवान शिव की आराधना कर पुष्प,बिल्व पत्र,आख पत्र,आदि से भगवान का श्रृंगार किया एवं जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक सहित शिव लिंग पर रुद्राभिषेक कर महामृत्युंजय मंत्रो का जाप भी किया।

आरईएस कालोनी स्थित शिव मंदिर : देर शाम तक शिवालयों में घन्टा घडियाल और बम- बम भोले के उद्घोष से गूंजते रहे। आपको बता दे की महाशिवरात्रि का पर्व महादेव की पूजा अर्चना की दृष्टि से उत्तम माना गया है। इस वर्ष यह तिथि शुक्रवार के दिन अत्यंत हु शुभ संयोग में आई है।

रेलवे स्थित श्री लिंगेश्वर मंदिर : बचेली स्थित रेलवे श्री लिंगेश्वर मंदिर,पुराना मार्किट शिव मंदिर, आरईएस कालोनी दुर्गा मंदिर, सिम्प्लेक्स नाला शिव मंदिर, सीआईएसएफ शिव मंदिर, नेरली स्थित शिव मंदिर, आकाश नगर स्थित शिव मंदिर,फारेस्ट कालोनी शिव मंदिर, हनुमान मंदिर स्थित शिव मंदिर,राम मंदिर स्थित शिव मंदिर,आकाश नगर स्थित शिव मंदिर में शिव भक्तों ने बड़ी संख्या में भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

नेरली घाटी सीआरपीएफ शिव मंदिर : नगर के लिंगेश्वर मंदिर में दोपहर को शिव भगवान की आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई जिसमे कलाकारों ने शिव की टोली का रूप धारण किया हुआ था जिसमे नंदी एवं भूतो राक्षसों यमराज, चित्रगुप्त, राम सीता, गणेश, का वेश धारण कर कलाकारों ने सबका मन मोह लिया।

बूढ़ादेव में हुई विशेष पूजा अर्चना

नवप्रदेश संवाददाता

डौण्डी। आदिवासी समाज द्वारा जय बुढ़ादेव गोड़वाना भवन डौण्डी में भी महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। गोड़वाना भवन में महाशिवरात्रि के अवसर पर गोडवाना समाज द्वारा बुढ़ादेव की विशेष पूजा अर्चना की गई तथा प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर यहां पर कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें अच्छी खासी भीड़ लगी रही। हिन्दू मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि के पर्व का विशेष महत्व बताया गया है। सच्चे मन से भगवान शिव की पूजा अर्चना करने से भक्तो की

मनोकामना पूरी होती। डौण्डी गोडवाना भवन महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मुख्य अतिथि सोमेश सोरी (नगर पंचायत अध्यक्ष) और रोहित कौर और लखन हिड़को सर्किल अध्यक्ष और कुवरमान और विजय ध्रुव और राकेश ध्रुव तिरथ राम मरकाम तिलक सोरी और साधना सोरी सहित समाज के सदस्य

महाशिवरात्रि पावन पर्व पर त्रिमूर्ति मंदिर में भोलेबाबा के भक्तों की लगी भीड़

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगाँव। फाल्गुन कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी के पावन अवसर पर महाशिवरात्रि महोत्सव 21 फरवरी 2020, दिन-शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। जीई रोड स्थित त्रिमूर्ति मंदिर के पुजारी कुंजबिहारी शास्त्री ने जानकारी दी कि सुबह से ही राजनांदगाँव एवं ग्रामीण क्षेत्र पेन्ड्री, रीवागहन, बनभेड़ी के आसपास से ग्रामीण भक्तजन सुबह से लाईन लगाकर पूजा किये। भोले बाबा को भक्तजन दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल से स्नान कराकर फुड़हर, धतूरा, कनेर, बेल पत्ता, पुष्प चढ़ाकर चंदन-बंदन का लेप कर चांवल, चना दाल, श्रीफल भेंट कर कपूर, अगरबत्ती, दीप से आरती कर अभिषेक पूजा किया गया।

साथ ही महामृत्युंजय मंत्र जाप, शिव तांडव स्त्रोत, श्री रूद्राष्टकम पाठ हुआ व ऊँ नमः शिवाय, हर-हर महादेव से मंदिर परिसर गूंजित रहा। इस अवसर पर श्रीमती लतारानी लाल जे.के. वैष्णव ने विधि-विधान से पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में संगीतमय भक्तिगीत की प्रस्तुति कु. अर्चना वैष्णव, कु. नेहा वैष्णव, कु. पूजा वैष्णव द्वारा दी गई। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

शिव आराधना सेवा समिति ने किया प्रसाद का वितरण

मुंगेली। शिव आराधना सेवा समिति द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर खर्राघाट रामगढ़ में विशाल प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। महाशिवरात्रि पर्व पर क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में पूजा अर्चना कर मेले में शामिल हुए। ग्राम संगवाकापा में महाशिवरात्रि के अवसर पर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। महाशिवरात्रि पर्व पर जगह-जगह प्रसाद वितरण किया गया। ग्राम रामगढ़ में मेला स्थल पर शिव आराधना सेवा समिति के सदस्यों ने महाशिवरात्रि पर्व पर प्रसाद वितरण किया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। मेले के दिन होने के कारण भंडारे में लोगो ने बड़ी संख्या में उपस्थिति देकर उत्साह दिखाया।

नगर पालिका अध्यक्ष ने दिये निर्देश मंदिरों के आसपास हुई विशेष सफाई

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने महाविशवरात्री पर्व के एक दिन पूर्व शहर में विराजमान सभी शिवमंदिरों में विशेष सफाई अभियान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। आज शहर मे विराजित 15 शिवमंदिरों के आसपास साफ-सफाई कराया गया। दिनांक 21 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व है जिसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने सभी सफाई दरोगा को शहर के सभी शिवमंदिरों के आसपास स्थलों को विशेष साफ-सफाई किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। उन्होनें बताया कि शहर के सभी शिव मंदिरों को साफ-सफाई कराया गया है ताकि महाशिवरात्रि पर्व पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। परिसर पूर्ण रूप से स्वच्छ बना रहे। सफाई दरोगा हुलास सिंह ठाकुर ने बताया कि अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार आज शहर सभी शिव मंदिरों के परिसरो का साफ-सफाई कराया गया है ।

भंडारे का आयोजन

पिथौरा। महाशिवरात्रि के अवसर पर थानेश्वर मंदिर में भंडारे का आयोजन किया था जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भगवान महाशिव के एक रुप थानेश्वर मंदिर में कहा जाता है कि मन मांगी मुदारे पुरी होती है। इसलिए इस मंदिर को मनोकामना पूर्ण करने वाले के नाम से प्रसिद्धी प्राप्त है। इस मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर महा भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें नगर एवं आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु यहां पहुंच कर प्रसाद ग्रहण करते है। मंदिर में महाभंडारे में ग्राम की महिलाए भी सहयोग देती है।

हर वर्ग के लोग पहुंचे मंदिरों में, निकली शिव बारात, गूंजा हर- हर महदेव का नारा

नवप्रदेश संवाददाता

सक्ती। महाशिवरात्रि के दिन सुबह से ही शिव के शिवालयों में नगरवासी एवं ग्रामीण भक्तों ने मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना कर महाशिवरात्रि का पर्व मनाया गया। मंदिरों में महिला, पुरूष, युवा युवती की भीड़ रही सभी ने विधि विधान से महादेव की पूजा अर्चना कर महादेव का आशीर्वाद लिया। महाशिवरात्रि में कुछ श्रद्धालु के द्वारा उपवास रख कर पूजा अर्चना किये। महाशिव रात्रि के अवसर पर आयोजकों नगर में 21 फरवरी को शिव बारात रात्रि रेल्वे स्टेशन से धूमधाम हर्षउल्लास शिव बारात निकाली गई शिव बारात को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। बारात में शामिल होने के लिये श्रद्धालुओं में होड मची थी नगर का हर नागरिक एवं ग्रामीण बारात में शामिल होने के लिये सपरिवार पहुंचे थे। उक्त बारात में बच्चें, युवा, युवति, महिलायें, बुजुर्ग तथा सभी वर्ग के लोगों ने बारात में शामिल हुये साथ ही डी.जे. की धूम पर अपने आप को रोक नही पाये और बारातियों की तरह खूब नाचे महाशिव रात्रि के पर्व पर हजारों की संख्या में शिव बारात स्थानीय रेलवे स्टेशन परमेश्वरी धर्मशाला से प्रारंभ होकर, अशोक टाकीज, अग्रसेन चौक, नवधा चौक, सांई मंदिर, संतोषी मंदिर, हटरी रोड, अस्पताल रोड गौरव पथ होते हुये गुरूद्वारा होकर राम मंदिर पहुंची।

स्वर्णपदक विजेताओं को घर पहुंच सम्मानित किया विधायक मोहन ने

कोंडागॉव। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने व जिले का मान सम्मान बढ़ा जिले का नाम रोशन कर शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न विषयों में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले सुश्री कल्पना गोलछा,सुश्री तरीका जैन,श्रीमती मंजू सोनी,श्री धवल शाह,सुश्री ज्योति देवांगन,सुश्री दीक्षा सुराना,सुश्री सरनजीत कौर बाली के निवास पहुच छ ग प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम ने सभी स्वर्णपदक विजेताओं व उनके माता पिता को बधाई व शूभकामनाये प्रेषित की व उनके उज्वल भविष्य की कामना की इस अवसर पे उनके साथ विधायक प्रतिनिधी शिशिर श्रीवास्तव,जिला महामंत्री गीतेश गांधी,कपिल चोपड़ा,जिला प्रवक्ता व पार्षद तरुण गोलछा,ललिता नेताम,आरती नेताम,डॉ शिल्पा देवांगन,गुणमति नायक,शहर अध्यक्ष तबसुम बानो,सरिता देवांगन,रविन्द्र दीवान,पारस गोस्वामी उपस्थित रहे ।

महाशिवरात्रि पर विविध कार्यक्रम संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

बलौदाबाजार। राजधानी रायपुर के हृदय स्थल में स्थित वृंदावन सभागार में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर क़लम दवात गौरव सम्मान एवं साझा संकलन का विमोचन कार्यक्रम संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम में देश के नामचीन हस्ताक्षर शामिल हुए विमोचन एवं गौरव सम्मान शहर के महापौर श्री एज़ाज़ ढेबर के कर कमलों द्वारा हुआ।महापौर ने इस कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए इसे समाज का स्पंदन बताया। इस गरिमामय आयोजन मे राजकुमार कोरी द्वारा लिखी किताब साक्षी और डॉ योगिता बाजपेई की छंद विधन पर आधारित पुस्तक बादलों की कतरनें का भी लोकार्पण किया गया। मशहूर शायरों और कवियों के समूह से श्री विजय बागरी, महोबिया जी, आलिम नक़वी, सुदेश मेहर जी, अनिल मिश्रा, पोखनलाल जी,लखन डेहरिया जी, डॉ किशोर अग्रवाल, जावेद नदीम, संतोष जैन, रूपेंद्र राज तिवारी, भारती कोरी ने शिरकत की।साझा संकलन के संपादक श्री राजकुमार कोरी राज़ ने शायरी से समा बाँधा,उपसंपादक डॉ योगिता बाजपेई कंचन ने सनातन छंदों से नदी को बेटी की तरह प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आयोजन मोहनयश फाउंडेशन ने किया। संचालन सुखनवर जी ने किया एवं अंत में आभार प्रदर्शन फाउंडेशन के अध्यक्ष मनीष बाजपेई ने किया।

आज पीसीसी चीफ संग हजारों की संख्या में ग्रामीण दौड़ेंगे बीहड़ सड़कों पर

कोण्डागांव। जिले में 23 फरवरी को आयोजित होने वाले पुनांग हर्री त पंडुम (नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण उत्सव) बाइक रैली 2020 हेतु 'लोगो' (स्वहव) एवं टी-शर्ट को आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विधायक मोहन मरकाम, विधायक नारायणपुर चंदन कश्यप, अध्यक्ष जिला पंचायत देवचंद मातलाम, कलेक्टर नीलकंठ टीकाम और पुलिस अधीक्षक सुजीत कुमार, सीईओ जिला पंचायत डी.एन.कश्यप् की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर सर्व समाज प्रमुख, नगरीय एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधिगण, गायता, चालकी, मांझी, पुजारी सहित मीडिया प्रतिनिधी एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।उल्लेखनीय है कि इस नवनिर्मित सड़क के प्रारंभ से सैकड़ो गॉव के लोगो का सीधा संपर्क अब जिला मुख्यालय व ब्लाक मुख्यालयों से हो सकेगा।

शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़, भोलेनाथ का किया दुग्धाभिषेक, मांगा आशीर्वाद

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। महाशिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को जिले के प्रसिद्ध शिवालय कनकी स्थित कनकेश्वरधाम, पाली मंदिर, सर्वमंगला मंदिर सहित शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक करने जुटनी शुरू हो गए। सुबह उठने के साथ ही महाशिवरात्रि पर पूजा-पाठ की तैयारी में श्रद्धालु जुटे गए और मंदिर की ओर रुख करते नजर आये। शिवालयों में देर रात तक भक्त पहुंचकर जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक करते रहे। शुक्रवार को पूरा शहर शिव मय नजर आया। चारों ओर बोल बम, ऊं नमः शिवाय का जाप गुंजायमान होता रहा। हर मार्ग पर श्रद्धालु पूजन सामग्री लेकर मंदिर की ओर जाते दिखे और पूजा-अर्चना कर वापसी के दौरान काफी खुश नजर आए। जलाभिषेक, रूद्राभिषेक, महामृत्युंजय व भोग भंडारा का आयोजन शिवालयों में किया गया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और पूजन अर्चन पश्चात् भोलेनाथ का प्रसाद व भोग ग्रहण किया।

शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ भोलेनाथ को जल चढ़ाने सुबह से ही लगी रही। शिवलिंग के दर्शन व जल, दुग्ध, बेलपत्र आदि पूजन सामाग्री चढ़ाने घंटों कतार में खड़े होकर श्रद्धालु अपनी बारी का इंतजार करते रहे। मंदिरों में सुबह से ही भजन-कीर्तन का दौर प्रारंभ हो गया, जो रात भर चलता रहा।

जिले के प्रमुख शिव मंदिरों में शुमार कनकी स्थित कनकेश्वधाम, पाली शिव मंदिर में भक्तों की काफी भीड़ देखी गई। यहां भोलेनाथ का जलाभिषेक करने लंबी-लंबी कतारें लगी हुई थी। इसी तरह शहर के प्रमुख मंदिर रविशंकर नगर स्थित कपिलेश्वरनाथ, सुभाष ब्लॉक स्थित शिव मंदिर, हेलीपेड मुड़ापार शिवमंदिर, कोसाबाड़ी शिव मंदिर, साडा कालोनी स्थित शिव मंदिर सहित पोड़ी क्षेत्र में मातिनदाई, तुमान, केंदई, पसान के शिव मंदिर, , हरदीबाजार, रजगामार, कटघोरा, करतला सहित अन्य शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही।

धूमधाम से निकली भोले की बारात : दुरपा रोड स्थित काली मंदिर समिति के द्वारा शिव की बारात पावर हाउस रोड स्थित शिव मंदिर से निकाली गई। बारात दोपहर तीन बजे निकाली गई,

जो मुख्य मार्ग होते हुए दुरपा रोड़ पहुंची। इस अवसर पर भूत-पिशाच, साधु-संत की वेशभूषा धारण लोग शामिल हुए। बारात में नागपुर की धुमाल पार्टी की धुन पर सभी बाराती झूमते हुए आगे बढ़ते रहे। शिव की बारात देखने लोग घरों, दुकानों से बाहर निकलकर बारातियों व भगवान शिव का रूप धारण किये दूल्हे को देखा। बहुत से भक्त बारात में शामिल हुए और झूमे-नाचे।

हनुमानगढ़ी में लगी भक्तों की भीड़- महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को कटघोरा स्थित हनुमानगढ़ी के शंकर मंदिर में भक्तों की भीड़ सुबह से शाम तक लगी रही।कतार में खड़े भक्त बारी आने पर शिवलिंग का जलाभिषेक किया। हनुमान गढ़ी में पर्यटन क्षेत्र है यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं ने पहले भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की इसके बाद प्रकृति की मनोरम दृश्य का आनंद उठाया।

दो नए जोन बनाने के मुद्दे पर ननि दफ्तर का किया घेराव

■ वार्ड क्र. 69 व 22 के लोगों की मांग, पहले वाले जोन में ही रखे जाए दोनों वार्ड

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। रायपुर नगर निगम अंतर्गत दो नए जोन के गठन से प्रभावित कुछ वार्ड के लोगों ने अपनी मांगों को लेकर शनिवार को नगर निगम कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोग वार्ड क्रमांक 69 व वार्ड क्रमांक 22 के थे। इनका कहना है कि 8 से बढ़ाकर 10 जोन करने से उन्हें दूरी व परिवहन की दृष्टि से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए इन्होंने मांग की कि वार्ड क्रमांक 69 को पहले जैसे जोन क्रमांक 5 व वार्ड क्रमांक 22 को भी पहले की तरह जोन क्रमांक 8 में यथावत रखा जाए। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बातचीत के लिए महापौर के आने की मांग भी की।

महापौर बोले- फैसले में कोई राजनीति नहीं

जोन की संख्या बढ़ाने को लेकर महापौर एजाज ढेबर ने कहा जब कोई बड़ा सेटअप बिठाया जाता है तो थोड़ी बहुत परेशानी आती है। जोन की संख्या बढ़ाए जाने से कांग्रेस के लोग भी प्रभावित हुए हैं। ये आरोप सरासर गलत है कि इसमें को राजनीति की गई है। हम दलगत राजनीति से परे होकर ही काम कर रहे हैं। जोन बढ़ाने का फैसला पूरी तरह कानून के दायरे में लिया गया है।

प्रदर्शन को मिला भाजपा का साथ

इस धरना प्रदर्शन को भाजपा का साथ मिला। भाजपा नेताओं का कहना है कि लोगों की सुविधा व प्रशासकीय काम-काज में आसानी के लिए दो नए जोन का गठन किया गया, लेकिन अब इनका इस्तेमाल दलगत हित साधने के लिए किया जा रहा है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि पहले महापौर एजाज ढेबर ने कहा था कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करेंगे, लेकिन आज स्थिति ये है कि सभी कांग्रेस पार्षदों व कांग्रेस समर्थित निर्दलीय पार्षदों को लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है। इसी रणनति के तह नए जोन बनाए जा रहे हैं।

शराब दुकान खोले जाने के विरोध में उतरे विधायक कुलदीप जुनेजा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। रायपुर में शराब दुकान खोले जाने के विरोध में शनिवार को विधायक कुलदीप जुनेजा भी उतर गए। उन्होंने शराब दुकान खोले जाने का विरोध कर रहे व्यापारियों व लोगों का समर्थन किया। मामला तेलघानी नाका इलाके का है। प्राप्त जानकारी मुताबिक शुक्रवार को इलाके में आबकारी विभाग की टीम ने पहुंचकर दौरा किया था, इसमें शराब दुकान खोलने के लिए जगह का निरीक्षण किया गया। लेकिन बताया जा रहा है कि जहां शराब दुकान खोलने की कवायद चल रही है उसके पास में धार्मिक स्थल होने से परिसर के लोग व व्यापारी इसका विरोध कर रहे हैं। व्यापारियों का यह कहना भी है कि संबंधित स्थान पर शराब दुकान खोले जाने से वहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा जाएगा, जिससे उनका व्यापार प्रभावित होगा। इसके चलते शनिवार को व्यापारी शराब दुकान खोले जाने का विरोध करने लगे। इन व्यापारियों को कांग्रेस विधायक कुलदीप जुनेजा का भी समर्थन मिल गया।

धरना प्रदर्शन....

रायपुर। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मध्याह्न भोजन रसोईया संघ के पुरुष-महिला कर्मचारियों ने बुढ़ापारा स्थित धरना स्थल पर धरना दिया।

■ न्यूज गैलरी

बीमा प्रीमियम पर लगने वाले जीएसटी पर भी ले सकते हैं कर छूट का लाभ

नई दिल्ली। जीवन और स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम भुगतान पर आयकर नियमों के तहत कर छूट की जानकारी आपकी जरूर होगी, लेकिन आपको बता दें कि प्रीमियम पर लगने वाले जीएसटी भुगतान के बदले भी टैक्स छूट ले सकते हैं। आयकर नियमों के तहत इसकी सीमा और शर्तें तय हैं। स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी लगता है। यदि आपकी पॉलिसी का प्रीमियम 21 हजार रुपये है तो 18 फीसदी जीएसटी के हिसाब से 3960 रुपये और चुकाने होंगे। इस तरह आपको कुल 24,960 रुपये का भुगतान करना होगा। आयकर नियमों के तहत स्वास्थ्य बीमा पर कुल 25 हजार रुपये तक की कर छूट ले सकते हैं। इस तरह आप कुल 24,960 रुपये की टैक्स छूट ले सकते हैं। आयकर नियमो के तहत जीवन बीमा के प्रीमियम पर कुल 1.50 लाख रुपये तक की टैक्स छूट ले सकते हैं। हालांकि, जीएसटी भुगतान पर टैक्स छूट पॉलिसी के अनुसार अलग-अलग है।

आज अमेजन पर उठाएं 70 प्रतिशत तक की छूट

नई दिल्ली। ई-कॉमर्स की दिग्गज कंपनी अमेजन तीन दिन के लिए 'एंड ऑफ सीजन सेल' लेकर आई है। इस महीने यानी 21 से 23 फरवरी तक आप कपड़ों, फुटवियर, घड़ियों, स्पोर्टस वियर, फैशन ज्वैलरी जैसे तमाम प्रोडक्ट पर 70 प्रतिशत तक छूट का फायदा उठा सकते हैं। इसके अलावा अगर आप 2000 रुपये से ज्यादा की खरीदारी करते हैं तो आपको 10 प्रतिशत कैश बैक भी मिलेगा। बच्चों के कपड़ों पर कंपनी जहां 70 फीसद तक छूट दे रही है वहीं बेबी क्लॉथिंग पर 60 फीसद। इसके अलावा स्कूल बैक पर भी 60 फीसद तक छूट मिल रही। ब्रांडेड घड़ियों, फुटवियर, डिजाइनर कपड़ों पर भी कंपनी बंपर ऑफर दे रही है। इन प्रोडक्ट पर भी ग्राहकों को 70 फीसद तक छूट मिल रही है। यानी आप 100 रुपये का सामान केवल 30 रुपये में पा सकते हैं।

रेल कर्मचारियों के लिए हुआ एप लांच

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे के प्रशासनिक कामकाज में पारदर्शिता लाने के लिए रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने गुरुवार को HRMS मोबाइल ऐप लॉन्च किया, जिसमें कर्मचारी अपनी सेवा से संबंधित डेटा देख सकते हैं और किसी भी बदलाव के लिए बातचीत कर सकते हैं। इस एप को रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र ने डिजाइन किया है। रेलवे के मुताबिक इस मोबाइल ऐप से कर्मचारी अपनी डेट ऑफ ज्वाइनिंग से लेकर वेतन वृद्धि, पदोन्नति, पुरस्कार, स्थानान्तरण, पोस्टिंग, छुट्टी, प्रशिक्षण और सेवानिवृत्ति लाभों से संबंधित विवरण देख सकते हैं।

रायपुर जिले के तुलसी बाराडेरा में आज से तीन दिवसीय राष्ट्रीय कृषि मेला

कृषि आय बढ़ाने वाले मॉडल से रूबरू होंगे छग के किसान

रायपुर जिले के तुलसी बाराडेरा में रविवार से शुरू हो रहे राष्ट्रीय कृषि मेले में किसानों को अपने उत्पादों को सुरक्षित रखने के उपायों के साथ अतिरिक्त आमदनी के उपायों से रूबरू होने का भी मौका मिलेगा। 25 फरवरी 2020 तक आयोजित इस राष्ट्रीय कृषि मेले में छत्तीसगढ़ स्टेट रिन्यएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (क्रेडा) द्वारा

क्रेडा द्वारा प्रदर्शित किए जाएंगे सोलर कोल्ड स्टोरेज व सोलर ड्रायर के लाइव मॉडल

रायपुर /नव प्रदेश। परियोजनाओं के जीवंत मॉडल प्रदर्शित किए जा रहे हैं, जो आकर्षण के केन्द्र होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, क्रेडा आलोक कटियार द्वारा बताया गया है कि कृषि मेले में प्रथम बार सोलर कोल्ड स्टोरेज एवं सोलर ड्रायर के लाइव मॉडल प्रदर्शित किया जाएगा। इन्हें देखने के बाद छत्तीसगढ़ के किसान प्रेरित होंगे। कृषि मेले में क्रेडा द्वारा सोलर कोल्ड स्टोरेज कृषकों के लिए प्रदर्शन हेतु लगाया जा रहा है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा कृषकों को उनकी उपज का सही संरक्षण कर धनोपार्जन में वृद्धि का सरल समाधान कोल्ड स्टोरेज है।

सौर ऊर्जा न होने पर भी 24-30 घंटे का बैकअप

कोल्ड स्टोरेज का आकार 20 फीट के कंटेनर जितना होता है। (20 गुना 8 गुना 8 गुना फीट) के कोल्ड स्टोरेज में 5 टन तक फल व सब्जी रखी जा सकती है। यह 4.5 किलोवाट क्षमता के सोलर पावर प्लांट से संचालित होता है। सौर ऊर्जा न होने पर भी कोल्ड रूम 24 से 30 घंटे तक बैकअप प्रदान करता है। क्योंकि इसके स्टोरिंग कंटेनर के परतों के भीतर एक रसायनिक तरल पदार्थ थर्मोफ्ल्यूड्स भरा होता है जो दिन के समय ऊर्जा प्राप्त कर बर्फ में परिवर्तित हो जाता है एवं सूर्यास्त अथवा ऊर्जा ना होने पर पिघलता रहता है। जिसके कारण कंटेनर का तापमान 4 से 10 डिग्री एवं

आद्रता यथावता बनी रहती है। सरकार द्वारा कोल्ड स्टोरेज पर 4 लाख रूपए अनुदान का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में अभी तक 50 सोलर कोल्ड स्टोरेज स्थापित किए गए है।

सब्जियों फलों को संरक्षित रखता है सोलर ड्रायर

स्टॉल में सोलर ड्रायर को प्रदर्शित किया जा रहा है। सोलर ड्रायर के उपयोग से किसान अपनी सब्जियों को या फलों को संरक्षित कर अपने उपयोग हेतु रख सकते है। सोलर ड्रायर का अनुकुल तापमान 60 डिग्री होने के कारण सब्जियों-बीजों की आर्द्रता पूर्णतः निकल जाती है, जिससे सब्जियों में फफूंद, बैक्टीरिया पैदा नहीं पाते।

ये मॉडल भी होंगे देखने लायक

सोलर जल शुद्धिकरण संयंत्र : क्रेडा द्वारा स्टाल में इस संयंत्र का मॉडल प्रदर्शित किया जायेगा। ज्यादातर ग्रामों में पेयजल हेतु भू-जल का उपयोग किया जा रहा है। भूमिगत जल में हानिकारक बैक्टीरिया या खनिज कभी-कभी ज्यादा होने से जल पीने के योग्य नहीं होता, ऐसे अशुद्ध जल को सौर जल शुद्धिकरण संयंत्र से शुद्ध कर पीने योग्य किया जाता है। सोलर पंप : क्रेडा द्वारा सौर सुजला योजनांतर्गत कृषकों के खेतों में स्थापित किए जाने वाले सोलर पम्प का वर्किंग मॉडल प्रदर्शित किया जा रहा है। यह योजना छत्तीसगढ़ में बहुत लोकप्रिय हुई है। अभी तक लगभग 60 हजार किसानों के खेतों में सोलर पम्प लगाए जा चुके है तथा सन 2020 में

लगभग 20 हजार सोलर पम्प लगाने हेतु कार्य तेजी से किया जा रहा है।

बायोगैस का मॉडल : क्रेडा स्टॉल में बायोगैस का जीवंत मॉडल प्रदर्शित किया जा रहा है। शासन की महत्वपूर्ण योजना, नरवा, गरुवा, घुरवा, बारी योजनांतर्गत कृषकों के यहां बायोगैस संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा बायोगैस संयंत्र के निर्माण पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति किसानों को 22 हजार, सामान्य वर्ग को 21 हजार रुपए का अनुदान दिया जा रहा है। प्रदेश में बन रहे गौठानों में भी बायोगैस संयंत्र के निर्माण का कार्य प्राथमिकता में किया जा रहा है।

महुए के लड्डू से लेकर नैनो फर्टिलाइजर की भी दिखेगी झलक

मेले में प्रदेश के किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकी से रुबरु होने का मौका भी मिलेगा। साथ ही यहां एक खेत से छह प्रकार की उपज लेने की तकनीकी, नेनोफर्टिलाइजर, 'बायोफ्लॉक सघन मतस्य पालन' की नवीन तकनीक, 'आटोमेटिक सूक्ष्म सिंचाई यन्त्र' का प्रदर्शन, मिटटी की जलधारण क्षमता को कई गुना बढ़ाने वाले जैविक उर्वरक जैसे उपयोगी नवाचारों का जीवंत प्रदर्शन होगा। इसके अलावा महुआ दलिया, महुआ लड्डू, एवं अन्य महुआ उत्पाद के स्टॉल, अंकुरित मोटे अनाज की कूकीज, बिस्किट्स, केक्स, हेल्थ ड्रिंक पाउडर आदि बेकरी प्रोडक्ट्स भी देखने को मिलेंगे। मेले में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय राबी के स्टार्टअप्स बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाएंगे।

सोना पहली बार 44 हजार के पार, चांदी 830 रुपये चमकी

नई दिल्ली (वार्ता)। चीन में कोरोना वायरस के नये मामले आने के साथ ही इसके दुनिया के कई अन्य देशों में फैलने की रिपोर्ट के निवेशकों के कीमती धातुओं में सुरक्षित निवेश करने के कारण रही भारी तेजी के बल पर शनिवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 1175 रुपये की उछाल लेकर पहली बार 44 हजार रुपये के पार 44020 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। इस दौरान चांदी 830 रुपये की चमकते हुये 49850 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गयी। महाशिवरात्रि के कारण स्थानीय स्तर पर शुक्रवार को बाजार बंद रहा था। हालांकि वैश्विक स्तर पर पिछले सत्र में भी कीमती घातुओं में तेजी रही थी और सप्ताहांत पर इसमें अधिक बढोतरी दर्ज की गयी। लंदन और न्यूयार्क से मिली जानकारी के अनुसार सोना हाजिर सप्ताहांत पर 10 डॉलर चढ़कर 1643.40 डॉलर प्रति औंस पर रहा। इस दौरान अप्रैल का अमेरिकी सोना वायदा 25.80 डॉलर बढ़कर 1642.40 डॉलर प्रति औंस बोला गया।

विश्लेषकों का कहना है कि शेयर बाजार में जारी उतार चढ़ाव के बीच कोरोना वायरस की वजह से मांग प्रभावित होने की आशंका में कच्चे तेल में हुयी गिरावट के कारण निवेशकों ने कीमती धातुओं का रूख किया है जिसके कारण पिछले तीन सत्रों में कीमती धातुओं में भारी तेजी देखी गयी है। इसी के कारण सोना 1600 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया और अभी भी इसमें तेजी आने की संभावना बनी हुयी है। गुरूवार को बंद कारोबार की तुलना में सप्ताहांत पर चांदी हाजिर 0.01 प्रतिशत उतरकर 18.48 डॉलर प्रति औंस बोली गयी। हालांकि गुरूवार को इसमें भी भारी तेजी देखी गयी थी।

स्थानीय बाजार में सोना स्टैंडर्ड 1175 रुपये की उछाल लेकर 44020 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंचा जो देश में सोना का अब तक सबसे रिकार्ड स्तर है। सोना बिटुर भी इतनी ही की तेजी लेकर 43850 रुपये प्रति दस ग्राम के भाव बिका। आठ ग्राम वाली गिन्नी 100 रुपये चमककर 31,100 रुपये प्रति इकाई पर रही।

5 जी हैकथॉन शुरू , विजेताओं को मिलेंगे 2.5 करोड़

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में 5 जी सेवाओं को लेकर चल रही तैयारियों के बीच इसके लिए उपयोगी नवाचर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन चरणों में संपन्न होने वाला 5 जी हैकथॉन शुक्रवार को शुरू हो गया जिसमें विजेताओं को 2.5 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि दी जायेगी।

इस हैकथॉन को कई सरकारों, अकादमी और उद्योग हितधारकों की भागीदारी से दूरसंचार विभाग ने शुरू किया है। तीन चरणों में संपन्न होने वाले इस हैकथॉन का समापन इस वर्ष 16 अक्टूबर को इंडिया मोबाइल कांग्रेस में किया जायेगा और विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा। प्रारंभिक चरण में मिलने वाले आईडिया में से 100 श्रेष्ठ का चयन किया जायेगा और हैकथॉन पार्टनरों के सहयोग से उन्हें मेंटरशिप किया जायेगा। इसमें से 30 सोल्सूशंन या उत्पादों का 5 जी नेटवर्क पर परीक्षण किया जायेगा और उनमें से तीन को इंडिया मोबाइल कांग्रेस में पुरस्कृत किया जायेगा।

इसका उद्देश्य ऐसे आईडिया को बढ़ावा देना है जिसे 5 जी उत्पादों और सॉल्यूशन के रूप में बदला जा सके और इन नवाचरी उत्पादों से बड़े पैमाने पर लोगों को लाभ हो सके।

गोवा में चरम पर पहुंचा शराब का कारोबार

पणजी। गोवा में शराब व्यापारियों के संगठन ने शुक्रवार को राज्य सरकार से शराब की और दुकानों के लिए खुदरा बिक्री लाइसेंस नहीं जारी करने के लिए कहा। उनका कहना है कि राज्य में शराब का कारोबार अपने चरम पर पहुंच चुका है। ऑल गोवा लिकर ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दत्ता प्रसाद नाइक ने कहा कि हाल के राज्य बजट में शराब पर उत्पाद शुल्क में प्रस्तावित वृद्धि को यदि वापस नहीं लिया जाता है तो पूरा शराब उद्योग बैठ जाएगा। छह फरवरी को पेश राज्य के 2020-21 के बजट में स्थानीय 'फेनी समेत विभिन्न ब्रांड की शराब पर उत्पाद शुल्क में वृद्धि का प्रस्ताव किया गया है। नाइक ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में बताया कि राज्य की 15 लाख की आबादी की जरूरत के लिए पहले से शराब के 2,000 खुदरा बिक्री केंद्र हैं। उन्होंने कहा, ''राज्य में शराब की और दुकानें खोलने के लिए जगह नहीं है। राज्य सरकार को अगले तीन साल तक नए लाइसेंस देने पर रोक लगानी चाहिए।

दवा कंपनियों ने गिफ्ट पर मांगी टैक्स में छूट

नई दिल्ली। फार्मासूटिकल कंपनियों पर यह आरोप लगती रही हैं कि वह अपने प्रॉडक्ट का प्रचार करने के लिए डॉक्टरों को रिश्वत देती हैं और इसका बोझ दवा खरीदारों पर पड़ता है। कई बार ये कंपनियां लाइसेंस फीस और टैक्स देनदारी का बोझ भी ग्राहकों पर डालती हैं। इसका खुलासा टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में हुआ है।

ऑस्ट्रेलियाई कंपनियों का दौरा | भारत का आकांक्षी मध्य वर्ग भी तेजी से बढ़ रहा

संभावनायें तलाशने आ रहा 100 से अधिक कंपनियों का दल

नई दिल्ली (वार्ता)। विश्व में तेज गति से बढ़ रही भारतीय अर्थव्यवस्था के साथ आर्थिक और निवेश संबंधी संधियों को सुदृढ़ करने और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में तेजी लाने के उद्देश्य से 100 से अधिक ऑस्ट्रेलियाई कंपनियों का दल पांच दिवसीय दौरे पर 24 फरवरी को भारत आ रहा हैं।

ऑस्ट्रेलिया के व्यापार, पर्यटन एवं निवेश मंत्री साइमन बर्मिंघम की अगुवाई में आ रहे इस प्रतिनिधिमंडल में शिक्षा, पर्यटन, ऊर्जा और संसाधनों तथा खाद्य और कृषि आधारित व्यापार जैसे प्राथमिकता के क्षेत्रों की ऑस्ट्रेलियाई कंपनियां शामिल है। यह शिष्टमंडल 24 से 28 फरवरी के बीच दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरु और चेन्नई का दौरा करेगा। यह दौरा ऑस्ट्रेलिया-इंडिया बिज़नस एक्सचेंज , जो दोनों देश के बीच व्यापार, निवेश और पर्यटन कारोबार की आयोजनों का बहुमासिक कार्यक्रम है, का हिस्सा है। भारत ऑस्ट्रेलिया का आठवाँ सबसे बड़ा व्यापार सहयोगी और पाँचवाँ सबसे बड़ा निर्यात बाज़ार है जिसके साथ 2018-19 में 30.3 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर मूल्य के बराबर वस्तु और सेवाओं का परस्पर व्यापार हुआ। श्री बर्मिंघम अपने दौरे के दौरान 16वें मंत्री स्तरीय आयोग की बैठक में भारत के वाणिज्य मंत्री सहित कई मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। अपने इस दौरे के बारे में श्री बर्मिंघम ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल के साथ इस दौरे का उद्देश्य शिक्षा, पर्यटन, स्वास्थ्य, संसाधन, मूलभूत सुविधाओं तथा खाद्यान्न, शराब और सौंदर्य के उत्कृष्ट उत्पादों पर फोकस के साथ ऑस्ट्रेलियाई कंपनियों के लिए नए अवसर तलाशना है।

विदेशों में तेजी के रुख से तेल-तिलहन कीमतों में सुधार

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में तेजी के रुख के बीच हल्के तेलों की मांग बढ़ने से स्थानीय तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सरसों, मूंगफली, सोयाबीन और पाम तेल सहित विभिन्न तेलों के भाव में सुधार देखने को मिला।बाजार सूत्रों ने कहा कि अन्य प्रमुख वैश्विक मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मजबूत होने और रुपये की गिरावट के कारण भी तेल तिलहन कीमतों में सुधार हुआ।सूत्रों ने कहा कि सहकारी संस्था नाफेड न्यूनतम समर्थन मूल्य (3,950 रुपये प्रति क्विन्टल) की दर से सरसों की बिक्री कर रही है, क्योंकि उसके पास पिछले साल किसानों से खरीदे गये सरसों दाना का 5.20 लाख टन का स्टॉक पड़ा है और मंडियों में नयी फसल की आवक शुरू हो गई है। पाम तेल के सस्ता बैठने के कारण सरसों की बिकवाली प्रभावित हो सकती है और किसानों को नुकसान का सामना कर पड़ सकता है क्योंकि सटोरियों ने वायदा कारोबार में भी सरसों का भाव तोड़ रखा है।सरसों और सरसों तेल दादरी के भाव क्रमशः 10 रुपये और 80 रुपये का सुधार दर्शाते क्रमशः 4,265-4,295 रुपये और 8,600 रुपये प्रति क्विन्टल पर बंद हुए।

आज का भविष्यफल

मेष: यदि आप किसी काम के लिए संकल्प लेंगे तो वह कार्य पूर्ण हो जाएगा। किसी का ऐडमिशन हो या फिर यात्रा आदि की व्यवस्था करना या फिर किसी जरूरी वस्तु की खरीद या फिर कहीं अटका हुआ पैसा निकालना। आज के दिन इन सब कार्यों को एक एक करके निपटा लेंगे।

वृषभ: आप अपने सभी कामकाजी गतिविधियों को जरूरत के मुताबिक संचालित करने में सफल रहते हैं। संगी साथी आपको मदद देने के लिए तैयार तो हैं परन्तु उस पर पूरी तरह विश्वास कर लेना खतरे से खाली नहीं होगा।

मिथुन: यदि आप अपने करियर में बदलाव लाने की कोशिश कर रहे हैं तो अभी परिस्थितियां ठीक नहीं हैं। किसी भी काम में हाथ डालने से पहले हमसफर से सलाह ले लें। आगे बढ़ना है तो फिर कुछ प्राप्त करने के लिए कुछ खोना भी पड़ सकता है।

कर्क: आज के दिन किसी नये प्रॉजेक्ट पर आपका ध्यान आकर्षित होगा। हो सकता है इस क्षेत्र में कुछ पुराने मित्रों से आर्थिक सपॉर्ट मिल जाए। अगर किसी की सहायता करेंगे तो आपको भी कुछ आर्थिक लाभ हो सकता है।

सिंह: अगर सैर सपाटे की योजना बन रही है तो यात्रा आदि के लिए कुछ तैयारी करनी होगी। कुछ अधूरे काम भी आपको पूरे करने होंगे। दोपहर के बाद दौड़भाग बढ़ जाएगी। उतावलेपन के चक्कर में कोई भूल भी हो सकती है।

कन्या: आपकी मनोदशा कुछ तनाव से ग्रस्त रहेगी। यदि आप किसी प्रेम प्यार के दायरे का खुलासा करते हैं तो कहीं न कहीं से पारिवारिक वातावरण अधिक क्षुब्ध हो सकता है। यदि दांपत्य सहयोग से कोई बात छुपी रहेगी तो सायंकाल के बाद घर परिवार में भी कटुता व्याप्त हो सकती है।

तुला: तीर्थयात्रा आदि का कार्यक्रम बन सकता है। मित्रों की खातिर के लिए कुछ धन की भी व्यवस्था करनी पड़ सकती है। यदि आप किसी एग्जाम परीक्षा के लिए तैयारी करना चाहते हैं तो फिर अपने घर के साधन भी व्यवस्थित करने होंगे।

वृश्चिक: अपने बिजनस या जॉब आस्पेक्ट को सुधारने के लिए कार्यक्रम में परिवर्तन करना आवश्यक होगा। आर्थिक क्षेत्र में अभी ज्यादा प्रेशर नहीं है। परिजनों की मांग पूरी करनी आवश्यक है।

धनु: किसी खास सदस्य के खराब स्वास्थ्य के कारण घर परिवार का वातावरण कुछ अवसादपूर्ण रहेगा। तनाव से उबरने का रास्ता यही है कि आज आप किसी मनोरंजक यात्रा पर निकल पड़ें। यदि आपके पास वाहन आदि नहीं भी हो तो सार्वजनिक वाहन का फायदा उठाया जा सकता है।

मकर: शारीरिक शिथिलता और अस्वस्थता खत्म होती जाएगी। आपके द्वारा किए गए उपाय या एक्सरसाइज योग आदि का अच्छा परिणाम मिलने लगेगा। छोटे सदस्य या संतान की ओर से भी अच्छा समाचार मिलेगा। वस्त्र आदि का लाभ हो सकता है। किसी खराब पड़ी वस्तु का पुनः संचालन हो जाएगा।

कुंभ: आज आपके कार्यक्षेत्र के वातावरण में सुधार होगा। कठोर प्रकृति का व्यक्ति नज़रों से दूर रहेगा और वातावरण में हल्कापन और मनोरंजन का रंग छाया रहेगा। किसी सहकर्मी या बॉस के द्वारा पार्टी देने से और भी चहल पहल बढ़ेगी।

मीन: आज आप कुछ मायूसी के मूड में रहेंगे। विपरीत हालातों से मन को व्यथा होगी। युवा वर्ग को दांपत्य जीवन अथवा प्रेम संबंधों को लेकर शिकायत रहेगी।

शब्द सामर्थ्य -

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. इधर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 41 का हल